YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes

कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

www.kanwhizztimes.com

वर्ष-15 | अंक-224 | मंगलवार, 15 सितम्बर 2026 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



भारत के लिए इतनी बड़ी और सफल कूटनीतिक उपलब्धि के बाद भी, कांग्रेस पार्टी का पूरा ध्यान सिर्फ रात्रिभोज और व्यंजन सूची पर ही रहा। यह न सिर्फ हास्यास्पद और शर्मनाक है, बल्कि इससे यह भी साबित हुआ कि वे सचमुच में नाराज फूफा हैं। सुधांशु त्रिवेदी

एलएसी पर चीनी सेना की तैनाती में आई कमी : रक्षा मंत्रालय 11

विकास, निवेश और रोजगार से कांग्रेस को परेशानी : पुष्कर सिंह धामी 12

संक्षेप

ईरान ने यमन युद्ध में शामिल होने से इनकार किया

सना। यमन के हूती विद्रोहियों ने सोमवार को सऊदी अरब के सैन्य ठिकानों पर मिसाइलों और ड्रोन से ताजा हमले किए। इसी बीच ईरान ने यमन में फिर शुरू हुए गृहयुद्ध में किसी तरह की संलिप्तता से इनकार किया।

तरुण तेजपाल ने आत्मसमर्पण किया

पणजी। तहलका के पूर्व एडिटर-इन-चीफ तरुण तेजपाल ने सोमवार को गोवा कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। उन्हें 2013 के यौन उत्पीड़न मामले में 10 साल की कठोर कैद की सजा काटनी है। बॉम्बे हाईकोर्ट द्वारा दोषी ठहराए जाने के बाद, सुप्रीम कोर्ट ने 25 अगस्त को तेजपाल को 10 साल की जेल की सज़ा सुनाई थी और तीन तीन हफ्ते में आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया था। तेजपाल ने मापुसा में एडिशनल सेशंस कोर्ट के सामने सरेंडर किया, जिसके बाद उन्हें सजा काटने के लिए उत्तरी गोवा की कोलवाले सेंट्रल जेल भेज दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी सजा और दोषसिद्धि को चुनौती देने वाली अपील को 22 सितंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया था, बशर्ते सरेंडर सर्टिफिकेट जमा कर दिया जाए। बॉम्बे हाईकोर्ट ने 6 अगस्त को तेजपाल को नवंबर 2013 में गोवा में मैगजी न द्वारा आयोजित एक इवेंट के दौरान होटल की लिफ्ट में एक जूनियर सहयोगी के साथ रेप का दोषी ठहराया और उन्हें 10 साल की कठोर कैद की सजा सुनाई। हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट द्वारा पांच साल पहले उन्हें बरी किए जाने के फैसले को पलट दिया था।

यूपी केयर इकोनॉमी का रोडमैप तैयार करेंगे 12 विभाग

लखनऊ। प्रदेश में बच्चों, बुजुर्गों, दिव्यांगजनों तथा जरूरतमंदों की देखभाल को संगठित सेवाओं से जोड़कर रोजगार सृजन तथा महिला सशक्तीकरण का नया माध्यम बनाने की पहल की गई है। देखभाल सेवाओं को यूपी केयर इकोनॉमी से जोडक़र बहुआयामी बनाया जाएगा। प्रदेश के 12 विभाग मिलकर इसका रोडमैप तैयार करेंगे। सोमवार को गोमतीनगर स्थित भागीदारी भवन में समाज कल्याण विभाग की ओर से 'सतत केयर इकोनॉमी का निर्माण देखभाल कार्य की पहचान, महिलाओं के सशक्तीकरण और समावेशी आजीविका के अवसर' विषय पर राज्य स्तरीय परामर्श कार्यशाला आयोजित की गई। अध्यक्षता कर रहे समाज कल्याण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि केयर इकोनॉमी उत्तर प्रदेश में रोजगार सृजन, बुजुर्गों व वंचितों की सुरक्षा के लिए एक बड़ा परिवर्तनकारी कदम साबित होगी। कुशल देखभालकर्ताओं (केयर गिवर्स) में निवेश और डिजिटल तकनीकों का लाभ उठाकर राज्य में एक लचीला और समावेशी देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र बन सकता है। यह कार्यशाला व्यापक राज्य केयर अर्थव्यवस्था रोडमैप विकसित करने के लिए प्रेरक का कार्य करेगी।

अधिवक्ताओं को सालाना पांच लाख तक कैशलेस मेडिकल इंश्योरेंस

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद के सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने की घोषणा

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



- चैंबर में फर्नीचर व उपकरण के लिए शासन करेगा सहयोग: सीएम
- फ्यूचर रेडी बार ही रखेगी फ्यूचर रेडी जस्टिस सिस्टम की मजबूत नींव
- 400 राज्य विधि अधिकारियों को मिलेंगे टैबलेट, फीस में 50 फीसदी से अधिक बढ़ोतरी
- 700 करोड़ से अधिवक्ताओं के लिए चैंबर व अन्य सुविधाएं
- पहले 10 जनपदों में किराए के भवनों में चलती थीं जिला अदालतें, अब बदला न्यायिक इंफ्रास्ट्रक्चर
- अधिवक्ता कल्याण निधि 1.5 लाख से बढ़ाकर पांच लाख

प्रयागराज/लखनऊ। इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नई पीढ़ी के अधिवक्ता संवैधानिक मूल्यों के प्रहरी बनें और न्याय को जमीनी धरातल तक पहुंचाने में अपनी अहम भूमिका निभाएं। फ्यूचर रेडी बार ही फ्यूचर रेडी जस्टिस सिस्टम की मजबूत नींव रख सकती है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के हाईकोर्ट और जिला अदालतों में सक्रिय सभी अधिवक्ताओं को सालाना पांच लाख रुपये तक की कैशलेस मेडिकल इंश्योरेंस सुविधा देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि 10 हजार से अधिक अधिवक्ताओं के चैंबर में फर्नीचर व उपकरण के लिए शासन सहयोग करेगा और 400 राज्य विधि अधिकारियों को टैबलेट दिए जाएंगे। इसके साथ ही राज्य विधि अधिकारियों की फीस में भी 50 फीसदी से अधिक वृद्धि की गई है।

उन्होंने कहा कि 2017 से पहले यूपी पुलिस में 45 से 50 प्रतिशत पद खाली थे। व्यवस्था में पारदर्शिता-जवाबदेही, कानून-व्यवस्था और न्यायिक इंफ्रास्ट्रक्चर भी चुनौती थे। वहीं अब पुलिस प्रशिक्षण क्षमता 3,000 से बढ़ाकर 60,000 कार्मिक प्रतिवर्ष की गई है। पहले 10 जनपदों में जिला अदालतें अस्थायी व किराए के भवनों में चलती थीं और अधिवक्ताओं के चैंबर जर्जर थे। अब 700 करोड़ रुपये की लागत से 10,000 से अधिक अधिवक्ताओं के लिए एडवोकेट चैंबर बनाए जा चुके हैं। उन्होंने अधिवक्ता कल्याण निधि की राशि 1.5 लाख से बढ़ाकर पांच लाख रुपये और अधिवक्ता के निधन पर परिजनों को आर्थिक सहायता की पात्रता आयु 60 से बढ़ाकर 70 वर्ष करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण है। हिंदी दिवस के साथ हरतालिका तीज और गणेश चतुर्थी का भी अवसर है। उन्होंने आस्था की इस भूमि से प्रदेशवासियों को हिंदी दिवस, हरतालिका तीज और गणेश चतुर्थी की हृदय से बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अधिवक्ता समाज देश के प्रबुद्ध समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा है। वह समाज की राय बनाने के साथ उसके विश्वास का प्रतीक भी माना जाता है। स्वाधीनता आंदोलन से लेकर संविधान निर्माण, स्वतंत्र भारत में शासन-प्रशासन के संचालन, लोकतंत्र के सभी स्तंभों को मजबूती देने और राष्ट्र निर्माण के वर्तमान अभियान तक अधिवक्ता समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि भारत का स्वतंत्रता आंदोलन लंबे समय तक बिखरा रहा। दक्षिण अफ्रीका से अपनी वकालत छोड़कर महात्मा गांधी के आंदोलन की कमान संभालने के बाद इसे नई दिशा और गति मिली। प्रयागराज की धरती भी ऐसे अनेक अधिवक्ताओं की गवाह रही है, जिन्होंने इलाहाबाद हाई कोर्ट में प्रैक्टिस के साथ स्वाधीनता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित मोतीलाल नेहरू और महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जैसे अधिवक्ताओं ने लंबे समय तक देश और स्वतंत्रता आंदोलन को गति दी तथा क्रांतिकारियों के पक्ष में खड़े दिखाई दिए। सरदार वल्लभभाई पटेल और डॉ. भीमराव आंबेडकर ने भी देश की आजादी के आंदोलन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। डॉ. राजेंद्र प्रसाद के प्रयागराज से जुड़े जीवन का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि संगम तट पर स्थित प्रेसिडेंशियल सूट भारत की संविधान सभा के अध्यक्ष ● शेष पेज 11 पर

दिशा सालियान मामले में एफआईआर आदित्य ठाकरे, रिया समेत कई नाम

एजेंसी



ठाणे। दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान की मौत के मामले में सीबीआई ने एफआईआर दर्ज कर की। एफआईआर में शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे, अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती, उनके मंगेतर रोहन रॉय, पूर्व पुलिस अधिकारी परमबीर सिंह समेत कई लोगों के नाम हैं। यह दावा अदालत में सतीश सालियान की ओर से पैरवी कर रहे वकील नीलेश ओझा ने सोमवार को किया। सतीश ने कहा कि सीबीआई ने दिशा सालियान के पिता सतीश सालियान की शिकायत की प्रारंभिक जांच और जांच एजेंसी द्वारा दर्ज किए गए उनके बयान के आधार पर एफआईआर दर्ज की। उन्होंने कहा कि यह एफआईआर सामूहिक दुष्कर्म, हत्या और इस अपराध को छिपाने के आरोपों से जुड़ी है। एफआईआर में मुख्य धाराएं आईपीसी की धारा 376डी, 302, 201, 217, 218 और 120बी लगाई गई।

वकील सतीश सालियान ने कहा कि एफआईआर में जिन लोगों के नाम होने का दावा किया है, उनमें आदित्य ठाकरे और उनके बॉडीगार्ड, अभिनेता डिनो मोरिया, सूरज पंचोली, रोहन रॉय, रिया चक्रवर्ती, परमबीर सिंह, तत्कालीन डीसीपी विशाल ठाकुर, मालवणी पुलिस स्टेशन के वह पुलिस अधिकारी, जिसने कथित तौर पर गलत रिकॉर्ड तैयार किए और एसआईटी के सदस्य शामिल हैं। उन्होंने आगे कहा कि डॉक्टर संजय यादव और फॉरेंसिक लैब के केमिकल एनालिस्ट का नाम भी है। वकील ने आरोप लगाया कि केमिकल एनालिस्ट ने कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म से जुड़ी रिपोर्ट में बदलाव किया। ये सभी इस मामले में आरोपी हैं। सतीश ने दावा किया कि पूरी कहानी सीसीटीवी फुटेज से गलत साबित हुई और कथित तौर पर अपराध को छिपाने के लिए किए गए प्रयास से जुड़े कई सबूत मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि अदालत को प्रथम दृष्टा मामले में दम नजर आया, इसलिए जांच सीबीआई को सौंपी गई। दूसरी ओर, आदित्य ठाकरे ने भाजपा पर पिछले छह वर्षों से उनके खिलाफ बदनाम करने का अभियान चलाने का आरोप लगाया ● शेष पेज 11 पर

सीबीआई से जांच कराने का दिया था आदेश

इस महीने की शुरुआत में बंबई उच्च न्यायालय ने सालियान की मौत की जांच सीबीआई से कराने का आदेश दिया था। साथ ही छह साल तक एफआईआर दर्ज नहीं करने के लिए मुंबई पुलिस को फटकार लगाते हुए कहा था कि उसकी जांच से जवाब मिलने के बजाय और सवाल खड़े होते हैं। सीबीआई अधिकारियों ने कहा कि बंबई उच्च न्यायालय के निर्देशों पर मामला दर्ज कर लिया गया और जांच व बयान दर्ज करने का काम शुरू हो गया।

सुप्रीम कोर्ट जन सूचना सेवा शुरू करेगा

एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट के फैसले अब सुनकर भी समझ सकेंगे, आसान हिंदी में आदेश का ऑडियो-वीडियो जारी होगा

नई दिल्ली। हिंदी दिवस के मौके पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को हिंदी में नई सार्वजनिक सूचना सेवा 'जन सूचना सेवा' शुरू करने का एलान किया। इसका उद्देश्य न्याय व्यवस्था को आम लोगों के लिए अधिक समावेशी बनाना है। इस सेवा के तहत सुप्रीम कोर्ट के महत्वपूर्ण चुने हुए फैसलों और आदेशों का सरल हिंदी में सार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही करीब 15 से 30 मिनट की अवधि वाले हिंदी ऑडियो और वीडियो बुलेटिन भी जारी किए जाएंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, 'यह पहल आम नागरिकों, वादकारियों और खास तौर पर दिव्यांग लोगों की सुविधा के लिए शुरू की जा रही है। इसका उद्देश्य उन्हें महत्वपूर्ण फैसलों, उनके प्रभाव और आगे की कार्यवाही को उनकी परिचित भाषा में आसानी से समझने में सक्षम बनाना है। विज्ञप्ति के मुताबिक, इस पहल का उद्देश्य न्याय तक पहुंच को अधिक समावेशी बनाना और भारतीय भाषाओं को दिए जाने वाले सम्मान को न्यायिक सूचनाओं के सार्वजनिक प्रसार से जोड़ना है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सरल भाषा के साथ ऑडियो और वीडियो माध्यमों का इस्तेमाल उन लोगों के लिए भी उपयोगी होगा, जिन्हें लंबे कानूनी दस्तावेज पढ़ने या समझने ● शेष पेज 11 पर

टीएमसी के बागी सांसद बासुनिया के दावे पर घमासान

कोलकाता, एजेंसी। बागी टीएमसी नेता और कूचबिहार के सांसद जगदीश चंद्र बर्मा बासुनिया के दावे पर घमासान मचा हुआ है। उन्होंने सोमवार को दावा किया कि नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) से जुड़े 20 लोकसभा सदस्यों में से 17 सदस्य दुर्गा पूजा से पहले या बाद में भाजपा में शामिल हो जाएंगे। बासुनिया के इस दावे के बाद उनके साथी सांसदों ने तुरंत इसका खंडन किया है। वहीं, भाजपा ने खुद को इस दावे से अलग रखने की कोशिश की। बासुनिया ने कहा कि 17 सांसदों ने एक साथ भाजपा में शामिल होने की योजना को अंतिम रूप दे दिया है और यह संख्या उन्हें दल-बदल विरोधी कानून के दायरे से बाहर रखने के लिए काफी होगी। टीएमसी के 27 लोकसभा सांसदों में से 20 सांसद इस वर्ष मई में विधानसभा चुनावों में टीएमसी की हार के ठीक बाद एनसीपीआई में शामिल हो गए थे और उन्होंने भाजपा को अपना समर्थन दिया था। हालांकि, साथी बागी सांसद शताब्दी रॉय ने कहा कि यह बासुनिया की ● शेष पेज 11 पर

खाने-पीने की वस्तुओं और ईंधन के दाम उछलने से महंगाई भड़की

एजेंसी



नई दिल्ली। महंगाई के मोर्चे पर आम आदमी की जेब को लगातार झटका लग रहा है। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अगस्त में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 4.82% हो गई, जो इस साल जनवरी में नई मुद्रास्फीति श्रृंखला शुरू होने के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। वहीं, थोक मुद्रास्फीति भी 9.92% पर पहुंच गई, जो जुलाई में 9.78% थी। खाने-पीने की चीजों से लेकर ईंधन की लागत में बढ़ोतरी का असर घरेलू बजट पर पड़ रहा है। आंकड़े बताते हैं कि साल की पहली छमाही में महंगाई दर के काफी हद तक कम रहने के बाद अब कीमतों का दबाव बढ़ने लगा है। जुलाई में खुदरा महंगाई दर 4.45% थी यानी यह आरबीआई के चार फीसदी के लक्ष्य से काफी ऊपर है। वहीं थोक महंगाई 10% के करीब पहुंच गई है। दोनों आंकड़े ऐसे समय आए हैं जब कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और मौसम संबंधी जोखिम पहले से बने हुए हैं।

खाने-पीने की चीजों की कीमतें महंगाई दर बढ़ाने का मुख्य कारण बनी हुई हैं। खुदरा खाद्य महंगाई दर जुलाई के 5.52 फीसदी से बढ़कर अगस्त में 5.95 फीसदी हो गई। इसमें ग्रामीण खाद्य महंगाई 6.13% और शहरी खाद्य महंगाई 5.64% रही। महत्वपूर्ण बात यह है कि खुदरा महंगाई की तेजी केवल एक-दो खाद्य वस्तुओं तक सीमित नहीं रही है। भोजन के साथ परिवहन, रेस्तरां, कपड़े, शिक्षा और घरेलू सामान जैसी श्रेणियों में भी कीमतों का दबाव बढ़ा है। कुछ खाद्य वस्तुओं के दाम में असाधारण तेजी देखी गई। अगस्त में चीनी की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गईं, जिसका असर सितंबर की महंगाई दर पर दिख सकता है। हालांकि, कुछ सब्जियों के दाम में गिरावट भी देखी गई। विशेषज्ञों के अनुसार, आगे महंगाई का रुझान दक्षिण-पश्चिम मानसून की प्रगति और खाद्य उत्पादन के अनुमानों पर काफी हद तक निर्भर करेगा। कुछ क्षेत्रों में असमान बारिश या मौसम की ● शेष पेज 11 पर

खुदरा और थोक महंगाई का कैसे असर?

थोक और खुदरा महंगाई में काफी अंतर है। थोक महंगाई कारोबार और उत्पादन के स्तर पर कीमतों में बदलाव दिखाती है, जबकि खुदरा महंगाई आम उपभोक्ता की खरीदारी से जुड़ी कीमतों को मापती है। अगर थोक महंगाई बढ़ती है और कंपनियां अपनी लागत का बोझ ग्राहकों पर डालती हैं तो इसका असर कुछ समय बाद खुदरा कीमतों पर भी आ सकता है।

पाकिस्तान ने आतंकी मसूद-अजहर पर इनाम बढ़ाकर 70 लाख किया

एजेंसी

- अंतरराष्ट्रीय दबाव के बीच पाकिस्तान की कार्रवाई
- कंधार विमान अपहरण के बाद हुई थी रिहाई

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख और भारत में वांछित आतंकी मसूद अजहर पर इनाम की राशि बढ़ाकर 70 लाख पाकिस्तानी रुपये कर दी है। पाकिस्तान की संघीय जांच एजेंसी ने आतंकियों की नई लाल पुस्तिका में मसूद अजहर को एक बार फिर फरार घोषित किया है। मसूद अजहर पर भारतीय संसद पर हमले के अलावा 2016 के पठानकोट वायुसेना अड्डे पर हमला और 2019 के पुलवामा आतंकी हमले में भी आरोपी होने के आरोप हैं।

पाकिस्तान की संघीय जांच एजेंसी ने वर्ष 2021 में भी मसूद अजहर को फरार घोषित किया था। उस समय उसके बारे में जानकारी देने वाले के लिए 50 लाख पाकिस्तानी रुपये के इनाम की घोषणा की गई थी। अब इस राशि को बढ़ाकर 70 लाख रुपये कर दिया गया है। मसूद अजहर वर्ष 1994 में जम्मू-कश्मीर में गिरफ्तार किया गया था। वह उस समय हरकत-उल-अंसार से जुड़ा हुआ था। 24 दिसंबर 1999 को काठमांडू से दिल्ली आ रहे इंडियन एयरलाइंस के विमान का अपहरण कर लिया गया था। अपहरणकर्ता विमान को अमृतसर, लाहौर और दुबई होते हुए अफगानिस्तान के कंधार ले गए थे। मसूद अजहर की रिहाई की मांग पूरी करने के बाद भारत ने 31 दिसंबर 1999 को उसे दो अन्य आतंकियों के साथ रिहा किया था। इसके बदले विमान में सवार यात्रियों और चालक दल को मुक्त कराया गया। रिहाई के बाद मसूद अजहर ने जैश-ए-मोहम्मद संगठन की स्थापना की। इसके बाद यह संगठन भारत के खिलाफ कई आतंकी गतिविधियों में ● शेष पेज 11 पर

जनविश्वास पर खरा उतरना ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी कसौटी : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



- लोकायुक्त संगठन के 50वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ
- मुख्यमंत्री ने लोक आयुक्त प्रशासन की स्मारिका व सूचना पुस्तिका का किया विमोचन
- 50 वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी भी देखी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संवैधानिक संस्था में सामान्य नागरिक का विश्वास ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। जो संस्था आमजन के विश्वास पर खरा उतरेगी, लोकतंत्र में उसे आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता और न ही कोई उसके महत्व को कम करके आंक सकता है। गुड गवर्नेंस पब्लिक ट्रस्ट पर निर्भर करता है। यदि जनता का विश्वास नहीं है तो हम सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकते। इसे प्राप्त करने के लिए आवश्यक है कि अंतिम पायदान पर बैठा व्यक्ति भी संवैधानिक संस्थाओं पर विश्वास के साथ गौरव की अनुभूति कर सके।

मुख्यमंत्री सोमवार को बतौर मुख्य अतिथि लोक आयुक्त संगठन के 50वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने लोक आयुक्त प्रशासन की स्मारिका व सूचना पुस्तिका का विमोचन किया। साथ ही 50 वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी व लघु फिल्म भी देखी। कार्यक्रम संगठन के गोमतीनगर स्थित कार्यालय में आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्था के गठन मात्र से समस्या का समाधान नहीं होता। जन-विश्वास पर खरा उतरना ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी कसौटी है। संविधान निर्माताओं ने भारत की व्यवस्था के लिए संसदीय लोकतंत्र दिया। यदि जनप्रतिनिधि ने विश्वास खोया तो सरकार गई। हर पांच साल में उन्हें जनता के बीच जाना पड़ता है। यदि जनप्रतिनिधि जनभावना का सम्मान नहीं कर पाता है तो जनता को पूरा अधिकार है कि वह प्रतिनिधि को बदलकर दूसरों को मौका दे। मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान निर्माताओं ने न्याय, सत्य और समता को भारत की मौलिक आवश्यकता बताते हुए उल्लेख किया कि हर व्यक्ति को न्याय पाने का अधिकार है। न्याय का आधार सत्य की कसौटी है। हर व्यक्ति को बिना भेदभाव समभाव से देखा जाए। शिकायत का मेरिट के आधार पर समाधान और शिकायतकर्ता की संतुष्टि पर जोर होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन, जनता दर्शन आदि के जरिये जनसमस्याओं का समयबद्ध समाधान कराया जाता है। हालांकि कुछ लोग अनावश्यक शिकायत भी लेकर आते हैं, बताते हैं कि मेरी व्यक्तिगत समस्या नहीं है, लेकिन किसी के खिलाफ शिकायत करनी है। यदि हम प्रमाण मांगते हैं तो आनाकानी भी होती है। एक अनुभव साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एक सज्जन ने एक विद्यालय के खिलाफ शिकायत की। जांच में शिकायत झूठी निकली तो उन्होंने कहा कि पूरे जिले के विद्यालयों की जांच की जाए। ऐसी झूठी शिकायतों को खारिज किया जाना चाहिए। ऐसी शिकायतें सिस्टम का और न्याय पाने के अभिलाषी ईमानदार व्यक्ति का समय खराब करती हैं। शिकायत प्रणाली का दुरुपयोग करने वाले तत्वों से दूरी बनानी चाहिए। किसी संस्था को विश्वास के प्रतीक के रूप में स्थापित करने के लिए आवश्यक है कि अंतिम पायदान पर बैठा व्यक्ति भी गर्व व गरिमा के साथ विश्वास व्यक्त करे कि मेरी समस्या का समाधान होगा। संस्थाओं को मिले अधिकारों का दुरुपयोग न हो, इसे ध्यान में रखकर मेरिट तय हो और अनावश्यक शिकायत करने वालों पर शिकंजा भी कसा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक आयुक्त संगठन ने टेक्नोलॉजी का बेहतर उपयोग किया है। उन्होंने बताया कि 2017 में पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम (पीडीएस) में सबसे अधिक शिकायत खाद्यान्न वितरण की आती थी। जनता दर्शन में 100 में से 60 शिकायतें पीडीएस की होती थी। इससे परेशान होकर लगातार हम बैठक करते थे, फिर हमने तकनीक का प्रयोग किया। ई-पॉस मशीन लगाकर उसे मुख्यालय पर स्क्रीन लगाकर जोड़ दिया। इसके बाद यदि 80 हजार राशन कोटे की दुकानों में किसी ने कुछ इधर-उधर किया तो तुरंत अलर्ट आ जाता है। इससे हेराफेरी की गुंजाइश शून्य हो गई। आज जनता दर्शन में 500 लोग आते हैं, लेकिन एक भी शिकायत इससे जुड़ी नहीं होती। सरकार बिना भेदभाव 16 करोड़ लोगों को राशन दे रही है। ● शेष पेज 11 पर

लोकायुक्त

लोकायुक्त संगठन की स्थापना 1975 में हुई थी। इसका उद्देश्य भ्रष्टाचार और कुशासन की शिकायतों की निष्पक्ष जांच करना है। लोकायुक्त संगठन के पास भ्रष्टाचार, कुशासन और पद के दुरुपयोग से जुड़ी शिकायतों की जांच करने का अधिकार है। यह संगठन मुख्यमंत्री, मंत्रियों, विधायकों और सरकारी अधिकारियों के खिलाफ शिकायतों की जांच कर सकता है। लोकायुक्त संगठन के पास सिविल कोर्ट की शक्तियां हैं। यह संगठन किसी भी व्यक्ति को समन भेज सकता है, गवाहों की जांच कर सकता है और दस्तावेजों की मांग कर सकता है। लोकायुक्त संगठन को अपनी जांच पूरी करने के बाद सरकार को रिपोर्ट सौंपनी होती है। सरकार को रिपोर्ट पर कार्रवाई करनी होती है।

नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री मऊ पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों का लिया हाल

❐ अपने भ्रमण के दौरान नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने बाढ़ पीड़ितों को हर संभव मदद पहुंचाने का अश्वासन भी दिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री ए के शर्मा ने आज जनपद मऊ के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर बाढ़ के प्रभावित लोगों से मिले। उन्होंने मधुबन एवं दुबारी क्षेत्र में पहुंचकर बाढ़ से प्रभावित नागरिकों से संवाद किया तथा उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली।

मंत्री श्री शर्मा ने जनता इंटर कॉलेज परिसर में संचालित राहत शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने राहत शिविर में रह रहे बाढ़ प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बाढ़ पीड़ितों को खाद्य सामग्री के पैकेट, आवश्यक दवाइयां एवं राहत सामग्री किट वितरित की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य पूरी तत्परता के साथ संचालित किए जाएं। जलभराव वाले निचले क्षेत्रों में फंसे नागरिकों एवं पशुओं को आवश्यकता के अनुसार तत्काल सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए। राहत शिविरों में रहने वाले प्रभावित परिवारों को भोजन, शुद्ध पेयजल, चिकित्सा सुविधा एवं अन्य आवश्यक सामग्री की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री ने कहा कि बाढ़ जैसी आपदा की स्थिति में प्रदेश सरकार प्रत्येक प्रभावित परिवार के साथ पूरी संवेदनशीलता एवं प्रतिबद्धता के साथ खड़ी है। शासन की प्राथमिकता है कि कोई भी प्रभावित व्यक्ति राहत एवं आवश्यक सुविधाओं से वंचित न रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुर्गम एवं अधिक प्रभावित क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर राहत सामग्री पहुंचाई जाए तथा राहत कार्यों की नियमित निगरानी की जाए।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ का पानी उतरने के बाद संभावित संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए मेडिकल टीमों को सक्रिय रखा जाए। प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही स्वच्छता, एंटी-लार्वा छिड़काव एवं अन्य आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही समयबद्ध ढंग से कराई जाए। मंत्री जी ने अधिकारियों से कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में भोजन, पेयजल, चिकित्सा एवं स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं में किसी भी स्तर पर कमी नहीं होनी चाहिए। राहत एवं बचाव कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन का दायित्व है कि संकट की इस घड़ी में प्रत्येक जरूरतमंद तक समय से सहायता पहुंचे और प्रभावित परिवारों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

संगठन की मजबूती को लेकर अपना दल (एस) ने कसी कमर, मासिक बैठक में बनी रणनीति

❐ बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने पर जोर दिया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। अपना दल (एस) जनपद रायबरेली की मासिक बैठक रविवार को जिला कार्यालय में नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष मान सिंह पटेल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर व्यापक चर्चा हुई।

बैठक में मुख्य रूप से संरक्षक लालचंद कनौजिया, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन पटेल, राजन पटेल, जिला महासचिव विजय चौधरी, किसान मंच जिलाध्यक्ष अरविंद जायसवाल, विधानसभा अध्यक्ष अरुण पटेल, सलोन के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सियाराम पटेल, महिला मंच की



विधानसभा अध्यक्ष विमला रावत एवं रेखा पटेल, जिला उपाध्यक्ष आकाश पटेल आरके कनौजिया, युवा मंच जिलाध्यक्ष विवेक सिंह सहित दिलीप पटेल, गुलाब पटेल, राजेंद्र मोदनवाल, सचिन, जोगा पासी बादशाह एवं विधान पटेल समेत तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। पदाधिकारियों ने पार्टी की नीतियों और विचारधारा को गांव-गांव तथा जन-जन तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही।

नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष मान सिंह पटेल ने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय के साथ संगठन को मजबूत करने और पार्टी की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का आह्वान किया। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन के विस्तार और मजबूती के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

मोबाइल की किस्त के विवाद में युवक को अगवा कर बंधक बनाने का आरोप



निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोबाइल की किस्त के विवाद में युवक को अगवा कर बंधक बनाने, जबरन मजदूरी कराने और ब्लड बैंक ले जाकर कथित रूप से खून निकलवाने का मामला सामने आया है। राजाराम खेड़ा पुरहिया निवासी बुजुर्ग जदूराई ने सोमवार को डीसीपी दक्षिणी से शिकायत की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जदूराई के मुताबिक, उनके बेटे नेवल ने करीब एक वर्ष पहले निगोहां की गीता मोबाइल शॉप से जीरो डाउन पेमेंट पर मोबाइल खरीदा था। आरोप है कि किस्त जमा न होने पर कुछ लोग मोबाइल लेकर चले गए। आठ सितंबर को दो लोग नेवल को दुकान पर ले जाने की बात कहकर अपने साथ ले गए, जिसके बाद वह घर नहीं लौटा। परिजनों का आरोप है कि नेवल को लखनऊ ले जाकर एक ब्लड बैंक में उसका खून निकलवाया गया और सदर इलाके के एक मकान में बंधक बनाकर उससे मजदूरी कराई गई। आरोपियों ने नेवल को छोड़ने के एवज में उसके भाई राजकुमार से 2799 रुपये ऑनलाइन मंगाए और बाद में 12 हजार रुपये और मांगे। रकम न देने पर नेवल को गोमती नदी में फेंकने की धमकी देने का आरोप है। परिजनों के अनुसार, पांचवें दिन नेवल रैपिड कैब से निगोहां थाने पहुंचा। घर लौटने पर उसने परिजनों को अपने साथ हुई कथित घटना की जानकारी दी। बुजुर्ग मां ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। डीसीपी दक्षिणी मो. मुश्ताक ने निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर नियमानुसार कार्रवाई का भरोसा दिया है।

एक्स-रे रिपोर्ट में नहीं दिखी सुई,अगले दिन शौच के दौरान निकली

पत्नी के इलाज में लापरवाही का आरोप, सीएचसी अधीक्षक से की शिकायत

मलिहाबाद,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मलिहाबाद के मिर्ज़ागंज कस्बा निवासी आमिर वली ने पत्नी के इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए सीएचसी अधीक्षक से शिकायत की है। उनका आरोप है कि पत्नी के पेट में सुई चले जाने के बाद निजी डायग्नोस्टिक सेंटर में एक्स-रे कराया गया, लेकिन जांच में सुई नहीं मिलने की बात कहकर उन्हें वापस भेज दिया गया। अगले दिन शौच के दौरान सुई निकलने पर उन्होंने चिकित्सकीय जांच पर सवाल उठाए हैं। आमिर के मुताबिक 12 सितंबर को उनकी पत्नी नाजिया खान के पेट में सुई चली गई थी। घटना के बाद वह पत्नी को तत्काल एक निजी डायग्नोस्टिक सेंटर ले गए, जहां एक्स-रे कराया गया। आरोप है कि जांच के बाद डॉक्टर ने एक्स-रे में सुई नहीं दिखाई देने की जानकारी दी और चिंता की कोई बात नहीं होने की बात कही। पैथोलॉजी रिपोर्ट में भी सुई शरीर के अंदर नहीं होने की बात बताई गई। शिकायतकर्ता के अनुसार, 13 सितंबर को पत्नी के शौच के दौरान सुई बाहर निकल आई। इसके बाद उन्होंने संबंधित जांच और रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए सीएचसी अधीक्षक से मामले की शिकायत की। आमिर का कहना है कि यदि सुई शरीर के अंदर थी तो एक्स-रे के दौरान उसका पता क्यों नहीं चल सका। उनका आरोप है कि समय रहते सुई का पता नहीं चलता तो वह शरीर के किसी महत्वपूर्ण अंग या नस को नुकसान पहुंचा सकती थी। उन्होंने पूरे मामले की चिकित्सकीय जांच कराने, एक्स-रे व पैथोलॉजी रिपोर्ट की जांच करने तथा लापरवाही सामने आने पर जिम्मेदार डॉक्टर और संबंधित कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही पत्नी की सुरक्षा के मद्देनजर आवश्यक चिकित्सकीय जांच कराने का अनुरोध किया है।

15 वर्षीय किशोरी की तलाश में जुटी पुलिस, युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। निगोहां थाना क्षेत्र के उतरावां गांव स्थित करुणा अस्पताल के बाहर से 15 वर्षीय किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। किशोरी की बड़ी बहन राधा की तहरीर पर पुलिस ने मोहनलाल गंज थाना क्षेत्र के बिन्दौवा गांव निवासी सुनील कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, किशोरी की तबीयत खराब होने के चलते वह पिछले चार दिनों से करुणा अस्पताल में भर्ती थी। आरोप है कि रविवार दोपहर अस्पताल के बाहर से सुनील कुमार उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। काफी तलाश के बाद भी किशोरी का पता नहीं चलने पर परिजनों ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

खतरनाक रसेल वाइपर का वन विभाग ने किया रेस्क्यू

बिजनौर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। वन विभाग की टीम ने मण्डावर थाना क्षेत्र के गांव तीतर वाला में सोमवार को एक घर से रसेल वाइपर प्रजाति का सांप का रेस्क्यू किया। उक्त जानकारी देते हुए बिजनौर रेंजर महेश गौतम ने बताया कि डाल सिंह द्वारा सूचना दी गई थी कि उनके यहां सांप है जिसे पकड़ने के लिए पहुंचीं वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू किया। रसेल वाइपर सांप को जंगल में छोड़ दिया गया है।

मुरादाबाद में पांच हजार से अधिक स्थानों पर विराजे विघ्नहर्ता

मुरादाबाद, कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद में सोमवार को भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को गणपति भगवान का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। पूरे जिले में पांच हजार से अधिक स्थानों पर विघ्नहर्ता की प्रतिमा विधि विधान के साथ विराजमान हुई, जिससे पूरी पीतलनगरी गणपतिमय हो गई। प्रतिमा विराजमान से पूर्व श्रद्धालुओं ने धूमधाम से गाजे बाजे के साथ शोभायात्राएं निकाली। नाचते-गाते हुए अबीर-गुलाल उड़ाया। मुरादाबाद महानगर में सैकड़ों मंदिर और हजारों घरों में गणेश प्रतिमा विराजमान हुए हैं। सभी श्रद्धालु अनंत चतुर्दशी तक सुविधा अनुसार गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन मुरादाबाद में रामगंगा, उत्तराखंड के हरिद्वार गढ़मुक्तेश्वर (ब्रजघाट) में विसर्जन करेंगे। इसके अलावा मंडी चौक स्थित अताई स्ट्रीट, गणपति चौक घास मंडी, जीलाल स्ट्रीट, रामगंगा विहार जीएमडी रोड, कोठीवाल नगर, डबल फाटक, जयंतीपुर, कटघर, लाजपत नगर, गांधीनगर, डिप्टी गंज, सिविल लाइन, हरथला, आशियाना, दीनदयाल नगर, हिमगिरी कॉलोनी, चंद्रनगर, बुद्धि विहार, लाइनपार आदि स्थान पर सामूहिक रूप से गणपति उत्सव के बड़े आयोजन हो रहे हैं। इन सभी स्थानों से भी अनंत चतुर्दशी तक धूमधाम से विसर्जन यात्रा निकालकर विघ्नहर्ता की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा।

हिंदी भारत की अंतरात्मा, संस्कृति और राष्ट्रीय एकता की सजीव अभिव्यक्ति : अनिल

देवरिया, कैनविज टाइम्स संवाददाता। देवरिया सदर ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय असना में सोमवार को हिंदी दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने भाषण, सुलेख, निबंध और वाचन प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि हिंदी देश के कोने-कोने में संवाद स्थापित करने के साथ ही विभिन्न संस्कृतियों को एक सूत्र में पिरोने का काम करती है। उन्होंने कहा कि तकनीकी और आर्थिक समृद्धि के साथ देश में अंग्रेजी का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। हिंदी जानते हुए भी लोग हिंदी में बोलने, पढ़ने और काम करने में हिचकने लगे हैं। ऐसे में केंद्र व राज्य सरकार के साथ शिक्षक समुदाय को भी मिलकर हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार करना होगा। प्रधानाध्यापक शैलेन्द्र नाथ चौबे ने कहा कि 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में लिखी हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भी राष्ट्र नेताओं ने आम जनता तक अपनी बात पहुंचाने के लिए हिंदी को प्रमुख माध्यम बनाया था।

मंडल रेल प्रबंधक के नेतृत्व में आयोजित हुआ हिन्दी पखवाड़ा,14 सितम्बर को होगा राजभाषा पखवाड़ा समारोह-2026

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। मंडल रेल प्रबंधक, वाराणसी श्री आशीष जैन के निर्देश में तथा वरिष्ठ मंडल आंकड़ा एवं संसाधन प्रबंधक एवं राजभाषा अधिकारी न्आशुतोष पाण्डेय के नेतृत्व में पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल पर 09 से 23 सितम्बर 2026 तक हिन्दी पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

इसी क्रम में हिन्दी पखवाड़े के अंतर्गत आज 14 सितम्बर 2026 को हिन्दी दिवस के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय स्थित भारतेंदु सभा कक्ष में राजभाषा पखवाड़ा समारोह-2026 के अंतर्गत कर्मचारी वर्ग के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में वाराणसी मंडल के विभिन्न विभागों एवं स्टेशनों से आए कुल 26 कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में कर्मचारियों ने हिन्दी भाषा, साहित्य, राजभाषा तथा सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्नों का उत्तर देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। राजभाषा विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य रेलवे कर्मचारियों को राजभाषा हिन्दी के प्रति जागरूक एवं प्रोत्साहित करना तथा हिन्दी के प्रति उनकी रुचि को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्थान प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को राजभाषा पखवाड़े के समापन समारोह में 23 सितम्बर 2026 को मंडल रेल प्रबंधक द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

पैरोल पर बाहर आए पति ने पत्नी को त्रिशूल घोंप कर उतारा मौत के घाट

❐ हत्या के मामले में ही काट रहा उम्रकैद की सजा -12 साल पहले नातिन की कर दी थी हत्या -पत्नी पर खाने में जहर देने की थी शंका

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महोबा । यूपी के महोबा जिले में जेल से पैरोल में बाहर आए कैदी ने खाने में जहर देने की आशंका के चलते पत्नी की निर्ममता से हत्या कर दी। उसने त्रिशूल घोंप कर पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। सोमवार को पुलिस मृतका के शव कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। हत्यारोपित कैदी पहले से ही परिवार की नातिन की हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है और पैरोल पर जेल से बाहर आया था।

अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना कुलपहाड़ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम रागौलिया बुजुर्ग में आज सोमवार को पीआरवी के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी की हत्या कर दी गई है। सूचना पर स्थानीय पुलिस टीम एवं जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। फील्ड यूनिट टीम द्वारा घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्यों का संकलन किया गया है।

एएसपी ने बताया कि प्रथम दृष्टया प्राप्त तथ्यों के अनुसार कल्लन रैकवार नामक जो जनपद सतना के जेल में निरुद्ध था , जिसके विरुद्ध नौगांव में अभियोग पंजीकृत है, पैरोल पर बाहर आया हुआ था। अभियुक्त को अपनी पत्नी चंपा द्वारा जहरीला पदार्थ खिलाए जाने का शक था, जिसके चलते उसके द्वारा अपनी पत्नी की हत्या की गई। अभियुक्त को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मृतका के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक आरोपित कल्लन ने लगभग 12 वर्ष पूर्व 2014 में परिवार की ही नातिन की पत्थर पर पटक कर हत्या की थी, जिसमें उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। वह मध्यप्रदेश की सतना जेल में बंद था और कुछ दिन पहले ही पेरोल पर बाहर आया था। उसे शक था कि पत्नी ने उसे जहरीला पदार्थ खिला दिया है, इसी के चलते उसने त्रिशूल से हत्या कर दी।

गोलीकांड में 16 वर्षीय बाल अपचारी पुलिस संरक्षण में, अवैध तमंचा-कारतूस बरामद

❐ पुलिस को पूछताछ में मिली अहम जानकारी, अन्य आरोपियों की तलाश जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मलिहाबाद, लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ढेढ़ेमऊ गांव में तीन दिन पहले एलआईसी कर्मी समरेन्द्र कुमार यादव को गोली मारकर घायल करने के मामले में पुलिस ने एक 16 वर्षीय बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया है। उसके कब्जे से 315 बोर का अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस के मुताबिक बाल अपचारी ने थाने पहुंचकर घटना के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी है। उसके बयानों के आधार पर पुलिस अब घटना में शामिल अन्य लोगों की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार 11 सितंबर को ढेढ़ेमऊ गांव स्थित दुर्गेश जनसेवा केंद्र के पास समरेन्द्र कुमार यादव को गोली मारकर घायल कर दिया गया था। मामले में घायल के भाई नरेंद्र कुमार पुत्र उमा शंकर यादव निवासी सैफलपुर, थाना काकोरी की तहरीर पर मलिहाबाद पुलिस ने शानू पुत्र जोगेंद्र यादव, अभय पुत्र अज्ञात, महेंद्र यादव, जोगेंद्र, नरेंद्र यादव पुत्रगण चुन्नीलाल निवासी तिलस्वां व 2 से 3 अज्ञात लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम आरोपियों की तलाश और घटना में प्रयुक्त अवैध असलहों की बरामदगी के लिए लगातार दबिश दे रही थी। इसी दौरान सोमवार को मुकदमे में प्रकाश में आए एक बाल अपचारी ने स्वयं मलिहाबाद थाने पहुंचकर घटना के संबंध में पुलिस को अहम जानकारी दी। बाल कल्याण अधिकारी की मौजूदगी में नियमानुसार उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास से 315 बोर का एक देशी तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में आर्म्स एक्ट की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस पूछताछ में बाल अपचारी से घटना में शामिल अन्य लोगों के संबंध में भी महत्वपूर्ण तथ्य मिलने की बात सामने आई है। पुलिस टीम इन जानकारियों के आधार पर अन्य संदिग्धों की तलाश के साथ ही घटना में इस्तेमाल किए गए अन्य अवैध असलहों की बरामदगी का प्रयास कर रही है। विद्यालय अभिलेखों के आधार पर बाल अपचारी की उम्र घटना के समय 18 वर्ष से कम पाई गई है। इसके चलते उसके खिलाफ किशोर न्याय से संबंधित प्रचलित कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है।

बेटियों की शिक्षा समाज और राष्ट्र की प्रगति की आधारशिला है: राज्यपाल आनंदी बेन पटेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली । श्री शिवमहापुराण कथा के चतुर्थ दिवस सोमवार को लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी के पहुंचने से आयोजन का राजनीतिक महत्व भी बढ़ गया। मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला भी कथा में शामिल हुए। पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से कथा सुनने के लिए आसपास के जिलों से भी श्रद्धालु पहुंचे।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बालिका शिक्षा, महिला सशक्तीकरण और सनातन संस्कारों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा समाज और राष्ट्र की प्रगति की आधारशिला है। सनातन परंपराएं जीवन को संस्कार और दिशा देने का काम करती हैं। मंच से पंकज चौधरी ने सराहा मनोज पांडेय का नेतृत्व, वरिष्ठता और जनसेवा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कैबिनेट मंत्री एवं ऊंचाहार विधायक मनोज कुमार पांडेय के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने मनोज पांडेय को राजनीति का वरिष्ठ और अनुभवी नेता बताते हुए कहा कि ऊंचाहार में इतने बड़े आयोजन के पीछे उनकी क्षेत्र से गहरी आत्मीयता और जनता के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई देती है। उन्होंने ऊंचाहार की जनता का आभार जताते हुए कहा कि क्षेत्रवासियों ने ऐसे लोकप्रिय जनप्रतिनिधि को चुना है, जो क्षेत्र के विकास और जनसेवा को प्राथमिकता देते हैं। लाखों श्रद्धालुओं की मौजूदगी को उन्होंने मनोज पांडेय के प्रति जनता के विश्वास और जुड़ाव का प्रमाण बताया।

सीएम सहभागिता योजना के तहत गोपालकों को दी जा रही आर्थिक सहायता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा निराश्रित एवं बेसहारा गोवंश के संरक्षण के साथ ही उनके बेहतर पालन-पोषण के लिए लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में सीएम सहभागिता योजना के माध्यम से निराश्रित गोवंश को इच्छुक एवं पात्र लाभार्थियों को सुपुर्द कर उनका संरक्षण और देखभाल सुनिश्चित किया जा रहा है।

अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत अब तक 93,287 लाभार्थियों को 1,67,658 गोवंश सुपुर्द किए जा चुके हैं। इसके माध्यम से बड़ी संख्या में निराश्रित गोवंश को सुरक्षित एवं बेहतर आश्रय उपलब्ध हुआ है। साथ ही ग्रामीण परिवारों को गोवंश के पालन-पोषण से जोड़कर उनकी आजीविका को मजबूत करने का भी प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर निराश्रित गोवंश की समस्या को कम करने के साथ-साथ गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन को जनसहभागिता से प्रभावी बनाया जा रहा है। सीएम सहभागिता योजना इसी दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना के तहत लाभार्थियों द्वारा सुपुर्द किए गए गोवंश की देखभाल, चारा-पानी एवं संरक्षण की जिम्मेदारी ली जाती है। इससे गोवंश को सुरक्षित वातावरण मिलता है और पशुपालन को बढ़ावा देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करने में मदद मिलती है। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि प्रदेश में सार्वजनिक एवं गोचर भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश के 62 जनपदों में कुल 39,721.541 हेक्टेयर गोचर भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता गोचर भूमि को सुरक्षित रखते हुए उसका उपयोग गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सुनिश्चित करना है। इससे निराश्रित गोवंश के संरक्षण की व्यवस्था को और मजबूती मिलने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन को भी बढ़ावा मिलेगा।

संभल की चंदौसी में मुस्लिम समाज ने गजानन को दो कुंतल के लड्डू का लगाया भोग



संभल । उत्तर प्रदेश में संभल जिले के चंदौसी में निकलने वाली मेला गणेश चौथ रथ यात्रा का राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने सोमवार को फीता काटकर शुभारंभ किया है। इससे पहले मुस्लिम समाज के लोगों ने गजानन को दो कुंतल के लड्डू का भोग लगाया।

मेला गणेश चौथ का उद्घाटन 12 सितंबर को सभी धर्म के प्रतिनिधियों के द्वारा सामूहिक रूप से फीता काटकर किया था। आज इस मेले की रथ यात्रा निकाली जा रही है, जिसमें स्वचालित झांकियां शामिल हैं, जो नगर का ब्राह्मण करेंगी। इस अवसर पर मुस्लिम समाज ने गणेश जी को भोग के रूप में दो कुंटल का लड्डू चढ़ाया, जो की 2001 से प्रति वर्ष भोग अर्पित कर रहे हैं । इशहाक बैग ने बताया कि 2001 से प्रति एक वर्ष मुस्लिम समाज के लोग गणेश जी को भोग ?अर्पित कर हैं। आज भी दो कुंतल लड्डूओं का भोग लगाया गया है। यह भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है, जिसमें हम बड़े धूमधाम से मनाते हैं। केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने बताया कि गणेश चतुर्थी, चतुर्थी पर्व, चंदौसी का यह भव्य उत्सव, बहुत पुराने मेले का उद्घाटन करने का अवसर मेरे लिए सौभाग्य की बात है। गणेश जी की कृपा हम सब पर बरसे, पूरे देशवासियों पर बरसे। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा त्योहार होता है, जहां गणपति जी आज के दिन आते हैं और लगातार पूरे देश में, यहां से लेकर महाराष्ट्र तक, यह पर्व मनाया जाता है। गणेश जी चूंकि सब विघ्नों के हरने वाले माने जाते हैं, तो मैं प्रार्थना करता हूं गणपति बप्पा से कि वे सबके जीवन में सुख, यश, वैभव एवं कीर्ति लाने का काम करें। मैं स्वयं गणपति का भक्त हूं।

विकास कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री से मिले डा. नीरज बोरा

❐ लंबित योजनाओं को शीघ्र स्वीकृति और गति देने का किया अनुरोध

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । राजधानी की उत्तर सीट से विधायक डा. नीरज बोरा ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न महत्वपूर्ण विकास योजनाओं एवं जनहित के विषयों पर चर्चा की। उन्होंने लंबित परियोजनाओं को शीघ्र गति देने तथा आवश्यक स्वीकृतियां प्रदान करने का अनुरोध किया।

डा. बोरा ने राज्य अवस्थापना मद से लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा शासन को भेजे गए विभिन्न विकास कार्यों के प्रस्तावों को स्वीकृति देने का आग्रह किया। साथ ही फैजुल्लागंज की बड़ी आबादी के लिए अमृत-2 योजना के अंतर्गत प्रस्तावित पेयजल एवं सीवर परियोजनाओं को आगामी एसएलटीसी में स्वीकृति प्रदान कर शीघ्र कार्य प्रारंभ कराने का अनुरोध किया। उन्होंने लखनऊ उत्तर में नवनिर्मित पचास बेड के अस्पताल के लोकार्पण तथा फैजुल्लागंज में स्वीकृत राजकीय कन्या इंटर कॉलेज के शिलान्यास के लिए मुख्यमंत्री से समय प्रदान करने का आग्रह किया। लंबे समय से प्रस्तावित राजकीय आईटीआई के निर्माण को भी शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग रखी।

मड़ियांव क्षेत्र में बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए डा. बोरा ने जानकीपुरम के स्थान पर आईआईएम रोड स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल के निकट नवीन बस अड्डा स्थापित किए जाने के प्रस्ताव पर विचार करने का आग्रह किया। साथ ही आगामी छठ महापर्व के दृष्टिगत संझिया घाट एवं झूलेलाल घाट पर सफाई, प्रकाश, मरम्मत, बैरिकेडिंग, चेंजिंग रूम सहित आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित कराने तथा झूलेलाल वाटिका में स्थायी सामुदायिक शौचालय के निर्माण का भी अनुरोध किया।

विधायक डा. बोरा ने मड़ियांव की हाल की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में मृतक मदन बिहारी तिवारी के परिवार को आर्थिक सहायता तथा उनके परिजन को योग्यता के अनुरूप सरकारी सेवा प्रदान किए जाने पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आग्रह भी किया।

डा. बोरा ने बहुप्रतीक्षित प्रबंध नगर योजना को आगामी विधानसभा चुनाव से पूर्व लांच करने तथा त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत प्रस्तावित विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान करने का भी अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने सभी विषयों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित प्रस्तावों पर आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

पत्नी के मायके रहने से खफा दामाद ने सास-चाची पर चलाया चाकू, गिरफ्तार

❐ दोनों महिलाओं को घायल कर मौके से हुआ था फरार, पुलिस ने आरोपी को दबोचकर वारदात में प्रयुक्त चाकू किया बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ । नगराम थाना क्षेत्र के बलसिंहखेड़ा गांव में पारिवारिक विवाद ने उस समय गंभीर रूप ले लिया, जब पत्नी के मायके में रहने से नाराज दामाद ने अपनी सास और चाची पर धारदार चाकू से हमला कर दिया। दोनों महिलाओं के घायल होने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त धारदार चाकू बरामद कर लिया। पुलिस के मुताबिक, बलसिंहखेड़ा निवासी लल्ला प्रसाद पुत्र स्व. रामबली की तहरीर पर रविवार को रामतीर्थ पुत्र राम मिलन के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान मामले में आर्म्स एक्ट की धारा भी बढ़ाई गई। पुलिस के अनुसार आरोपी की पत्नी करीब एक वर्ष से अपने मायके में रह रही थी और ससुराल नहीं लौट रही थी। इसी को लेकर परिवार में विवाद चल रहा था। आरोपी का आरोप था कि उसकी सास और चाची उसे परेशान करती थीं। इसी बात से क्षुब्ध होकर उसने दोनों महिलाओं पर चाकू से हमला कर दिया और वारदात के बाद मौके से फरार हो गया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए थाना प्रभारी अंजनी सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम गठित की गई। सोमवार सुबह मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने हसवा पुल से समेसी की ओर नहर किनारे राहुल सिंह की प्लाटिंग के पास घेराबंदी कर रामतीर्थ को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त धारदार लोहे का चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक संदीप कुमार, कांस्टेबल पवन कुमार, कांस्टेबल सूरज कुमार और महिला कांस्टेबल मनीषा कुमारी शामिल रहीं।

हिंदी दिवस पर गूंजा प्रतिभा का स्वर, भाषण और क्विज में छात्रों ने मारी बाजी

❐ सिमर, अंकिता, लाची, उज्जवल और आनंद ने हासिल किए प्रमुख स्थान, प्रधानाचार्य ने किया पुरस्कृत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ । नगराम क्षेत्र स्थित जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज, बहरौली में सोमवार को हिंदी दिवस के अवसर पर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं के बीच हिंदी भाषा पर आधारित भाषण एवं बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कराई गई। विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

भाषण प्रतियोगिता में कक्षा छह 'ए' की सिमर गोस्वामी ने प्रथम, कक्षा आठ की अंकिता ने द्वितीय तथा कक्षा आठ 'ए' की लाची ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं हिंदी भाषा की बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कक्षा 12 'सी' के उज्जवल ने प्रथम तथा आनंद ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अमित कुमार ने किया। आयोजन की व्यवस्थाओं एवं संयोजन में शिक्षक संजय अवस्थी, श्रीकांत एवं अंजू वर्मा का विशेष योगदान रहा। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के महत्व, उसकी समृद्ध साहित्यिक परंपरा और दैनिक जीवन में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग के लिए प्रेरित किया।प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता विद्यार्थियों को विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा ने शिक्षण सामग्री देकर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि हिंदी हमारी पहचान और गौरव की भाषा है। विद्यार्थियों को निरंतर अध्ययन और अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

बालागंज चौकी प्रभारी ने लौटाई परिवार की खुशियां लापता 12 वर्षीय बच्चे को किया बरामद

❐ बालागंज चौकी प्रभारी ने लौटाई परिवार की खुशियां, लापता 12 वर्षीय बच्चे को सकुशल खोज निकाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । ठाकुरगंज क्षेत्र के अंतर्गत घर से नाराज होकर निकला 12 वर्षीय नाबालिग बच्चा नबवी खान पुत्र मो. अमीर, निवासी ब्ल्यू मोती महल के पास, बालागंज, लखनऊ के लापता होने से परिवार में चिंता का माहौल था। परिजनों ने बच्चे की काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर ठाकुरगंज थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई।

मामले की सूचना मिलते ही ठाकुरगंज इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में बालागंज चौकी प्रभारी मनुज मलिक ने अपनी टीम के साथ बच्चे की तलाश शुरू की। पुलिस टीम की सक्रियता और लगातार प्रयासों के बाद नाबालिग बच्चे को सकुशल खोज लिया गया और आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बच्चे के सकुशल वापस मिलने पर परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। परिवार ने ठाकुरगंज पुलिस टीम का आभार जताते हुए धन्यवाद किया। बच्चे की तलाश में चौकी प्रभारी बालागंज मनुज मलिक, एसआई अखिलेश कुमार एवं कांस्टेबल कुलदीप कुमार की अहम भूमिका रही।

अहिरनखेड़ा में दो पक्षों में खूनी संघर्ष, धारदार हथियार से हमले का आरोप



नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगराम थाना क्षेत्र के अहिरनखेड़ा मजरा कमालपुर बिचलिका गांव में रविवार रात दो पक्षों के बीच विवाद के बाद जमकर मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। एक पक्ष ने धारदार हथियार से हमला किए जाने का भी आरोप लगाया। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर अलग-अलग मुकदमे दर्ज कर चार लोगों को हिरासत में लेकर संबंधित धाराओं में चालान किया है। पहले पक्ष की ओर से मुकेश कुमार पुत्र स्व. सुन्दरलाल की तहरीर पर पुलिस ने बाबूलाल, संजय, मंजीत व धर्मपाल पुत्रगण स्व. पुनवासी तथा विमल पुत्र बाबूलाल, निवासी अहिरनखेड़ा के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि विपक्षियों ने धारदार हथियार से हमला करने के साथ मारपीट, गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से अंजू पत्नी संजय की तहरीर पर पुलिस ने बेबी, मुकेश व दुर्गेश पुत्रगण स्व. सुन्दरलाल, सुनील पुत्र स्व. छोटेलाल तथा अभिषेक पुत्र सतीश के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि विपक्षियों ने अंजू और उसके परिवारीजनों के साथ मारपीट व गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। साथ ही मोबाइल फोन क्षतिग्रस्त करने का भी आरोप लगाया गया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद नगराम पुलिस ने दोनों पक्षों से दो-दो आरोपियों को हिरासत में लेकर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और विवाद के पीछे के कारणों सहित घटना से जुड़े अन्य तथ्यों की पड़ताल में जुटी है।

लखनऊ की उपलब्धि पर व्यापार मंडल ने दी बधाई



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2026 में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में लखनऊ के देश में प्रथम स्थान हासिल करने पर जन उद्घोष व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश (पंजी.) ने महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल एवं नगर निगम की पूरी टीम को बधाई दी। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि 200 में से 198 अंक प्राप्त कर लखनऊ का प्रथम स्थान हासिल करना पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने नगर निगम अधिकारियों, सफाई कर्मियों और शहरवासियों के योगदान की सराहना की। प्रदेश संरक्षक एडवोकेट कौशल कुमार सिंह, प्रदेश महामंत्री विनोद कुमार सिंह और वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील कुमार सिंह ने स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी से सहयोग की अपील की। व्यापार मंडल ने पेपर मिल कॉलोनी, वार्ड-70 को देश का सर्वश्रेष्ठ क्लीन एयर वार्ड चुने जाने पर भी खुशी जताई।

घर बुलाकर लात-घूंसों व डंडे से पीटा, दो भाइयों को गंभीर चोटें

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ पड़ोसी पर परिवार को जान से मारने की धमकी देने का आरोप, चिनहट पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

चिनहट लखनऊ। चिनहट थाना क्षेत्र में विवाद के चलते एक युवक और उसके परिवार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर चिनहट पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित का आरोप है कि पड़ोसी ने अपने साथियों व परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर उसके पिता और भाई को लात-घूंसों व डंडों से बुरी तरह पीटा, जिससे दोनों को चोटें आई हैं। आरोपियों ने परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी।

पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक, प्रिंस निषाद पुत्र पुरुषोत्तम निषाद, निवासी उत्कर्ष विहार कॉलोनी, सतरिख रोड, शक्ति माता मंदिर के पास, थाना चिनहट, ने बताया कि पड़ोसी संदीप यादव व उसके साढ़ू आए दिन किसी न किसी बात को लेकर उसके परिवार से विवाद करते रहते हैं। आरोप है कि 13 सितंबर 2026 को करीब 11 बजे संदीप यादव ने उसके पिता पुरुषोत्तम निषाद को बातचीत के बहाने बुलाया। पीड़ित का आरोप है कि पिता के वहां पहुंचते ही संदीप यादव ने अपने साथियों व परिवार के लोगों के साथ मिलकर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने पिता को लात-घूंसों और डंडों से पीटा। जब प्रिंस अपने पिता को बचाने पहुंचा तो उसके साथ भी मारपीट की गई। मारपीट में प्रिंस के सिर में चोट आई, जबकि उसके छोटे भाई आकाश के सिर पर भी गंभीर चोट लगने का आरोप है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि घटना के दौरान आरोपियों ने उसके पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। घटना की सूचना मिलने के बाद पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। तहरीर के आधार पर चिनहट पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

अधिवक्ताओं के लिए 5 लाख कैशलेस मेडिकल बीमा का ऐतिहासिक निर्णय

❐ डॉ. राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जताया आभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । प्रदेश के सभी अधिवक्ताओं को 5 लाख की Cashless Medical Insurance सुविधा प्रदान करने की घोषणा के लिए सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि अधिवक्ता समाज न्याय व्यवस्था का महत्वपूर्ण स्तंभ है। आमजन के अधिकारों की रक्षा करने, जरूरतमंदों को न्याय दिलाने और कानून के शासन को मजबूत करने में अधिवक्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे में अधिवक्ताओं के साथ-साथ उनके परिवारों की स्वास्थ्य एवं आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करना भी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए उन्होंने 2 अप्रैल 2026 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को पत्र लिखकर प्रदेश के अधिवक्ताओं एवं उनके परिवारों के लिए व्यापक बीमा सुरक्षा उपलब्ध कराने का आग्रह किया था। पत्र के माध्यम से अधिवक्ताओं के लिए जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा एवं दुर्घटना बीमा की व्यवस्था किए जाने का प्रस्ताव रखा गया था, ताकि बीमारी, दुर्घटना अथवा किसी आकस्मिक परिस्थिति में अधिवक्ता परिवारों को आर्थिक संकट का सामना न करना पड़े। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा प्रदेश के सभी अधिवक्ताओं के लिए ?5 लाख की Cashless Medical Insurance सुविधा की घोषणा अधिवक्ता समाज और उनके परिवारों के लिए एक बड़ा सुरक्षा कवच है। गंभीर बीमारी अथवा आकस्मिक स्वास्थ्य संकट की स्थिति में महंगे उपचार का खर्च परिवार पर आर्थिक बोझ न बने, इस दिशा में यह निर्णय अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जो अधिवक्ता समाज के अधिकारों और न्याय के लिए निरंतर संघर्ष करते हैं, उनके स्वास्थ्य और परिवारों की सुरक्षा के लिए प्रदेश सरकार का यह संवेदनशील निर्णय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की लोककल्याणकारी सोच और अधिवक्ता समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने पुनः माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश के अधिवक्ताओं को 5 लाख का Cashless Medical Insurance उपलब्ध कराने का यह निर्णय उनके और उनके परिवारों के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

चरक अस्पताल के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत

मोहनलालगंज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के कनकहा स्थित चरक अस्पताल के पास अज्ञात चार पहिया वाहन की टक्कर से एक महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। मृतका के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस के मुताबिक, सीतापुर जनपद के तालगांव थाना क्षेत्र के जीतामऊ गांव निवासी नफीस पुत्र मुन्ना ने तहरीर दी कि बीते सात सितंबर को उसकी मां रजिया बेगम पत्नी मुन्ना कनकहा स्थित चरक अस्पताल के पास थीं। इसी दौरान अज्ञात चार पहिया वाहन के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में रजिया बेगम गंभीर रूप से घायल हो गईं।घटना की सूचना पर परिजन उन्हें उपचार के लिए सीएचसी मोहनलालगंज लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।पुलिस ने नफीस की तहरीर के आधार पर बीएनएस के तहत अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस हादसे के लिए जिम्मेदार वाहन और चालक की पहचान के प्रयास में जुटी है।

कमरे में बंद कर लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से पीटने का आरोप, छह के खिलाफ मुकदमा

मोहनलालगंज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के उदवतखेड़ा गांव में एक व्यक्ति को कथित तौर पर कमरे में बंद कर गाली-गलौज करने और लाठी-डंडे, हॉकी व लोहे की रॉड से मारपीट कर बेहोश करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने छह नामजद समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस के मुताबिक, अजय चौरसिया पुत्र कृष्ण चौरसिया निवासी बेहटा कला, थाना लालगंज, रायबरेली, हाल पता सेक्टर-10 वृंदावन कॉलोनी, लखनऊ ने शिकायत दर्ज कराई है। आरोप है कि बीते सात सितंबर की शाम करीब सात बजे वह उदवतखेड़ा स्थित हितेंद्र मिश्रा के कार्यालय में मौजूद था। इसी दौरान विपक्षीगणों ने एक राय होकर उसे कमरे में बंद कर दिया और भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे।पीड़ित के विरोध करने पर आरोपितों ने कथित रूप से लाठी-डंडे, हॉकी और लोहे की रॉड से उसके साथ मारपीट की, जिससे वह बेहोश हो गया। मामले में पुलिस ने बीएनएस की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है।मुकदमे में हितेंद्र मिश्रा, हितेंद्र मिश्रा के बड़े भाई, आदर्श, विशाल सिंह, प्रेम किशोर साहू उर्फ प्रदीप तथा चार-पांच अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर आरोपों की पुष्टि के लिए साक्ष्य जुटा रही है।

बीबीडी कॉलेज के छात्र पर तीन युवकों ने किया हमला, सिर व छाती में गंभीर चोटें

चिनहट लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। चिनहट के बीबीडी थाना क्षेत्र में गोएल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के बीटेक चतुर्थ वर्ष के छात्र के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। छात्र ने तीन युवकों पर रास्ते में घेरकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एफआईआर के अनुसार, विजय पटेल, पुत्र मुक्तिनाथ पटेल, निवासी साहबगंज, सरगौना कुषीनगर, गोएल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में बीटेक सीएसई चतुर्थ वर्ष के छात्र हैं। छात्र के मुताबिक 12 सितंबर 2026 को करीब 1:15 बजे वह कक्षा से बाहर निकले थे। आरोप है कि इसी दौरान पीछे से रिसिकेश राय, सूर्यवंत राय और आलोक सिंह ने उन्हें घेर लिया। छात्र का आरोप है कि तीनों ने उसके ऊपर हाथ, लात-घूंसे और हाथ में पहने कड़े से कई बार वार किए। हमले में गिरने के बाद भी आरोपियों ने उसे लगातार पीटा, जिससे उसके सिर और छाती में गंभीर चोटें आईं। छात्र ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने उसे धमकाते हुए कहा कि पुलिस के पास जाने पर जान से मार देंगे। पीड़ित के मुताबिक, आरोपी पहले भी कई लड़कों को डराते-धमकाते रहते हैं और समूह बनाकर दबाव बनाने का प्रयास करते हैं। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। तहरीर के आधार पर बीबीडी थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं का प्रतीक है दंगल: शंकरी सिंह

❐ हरतालिका तीज पर रेतेश्वर महादेव धाम में हुआ विशाल इनामी दंगल, देशभर के पहलवानों ने दिखाए दांव-पेंच

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजनीनगर। बंथरा क्षेत्र के बनी गांव स्थित श्री रेतेश्वर महादेव धाम में सोमवार को हरतालिका तीज के पावन अवसर पर हर वर्ष की भांति पौराणिक विशाल इनामी दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दंगल में देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे पहलवानों ने अपने दमखम और कुश्ती के शानदार दांव-पेंच दिखाकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी शिव शंकर सिंह 'शंकरी' मौजूद रहे। उन्होंने अखाड़े में उतरकर पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। शंकरी सिंह ने कहा कि अखाड़े की मिट्टी अनुशासन, संस्कार और संघर्ष की प्रेरणा देती है। यही मिट्टी एक पहलवान को योद्धा बनाती है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर अखाड़ों से जुड़ने, स्वस्थ रहने और अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। दंगल में मल्लावां, हरदोई के पहलवान रामपाल मिश्रा तथा दतिया, मध्य प्रदेश के पहलवान राममूर्ति को संयुक्त रूप से दंगल केसरी के खिताब से नवाजा गया।

प्रतियोगिता में झांसी, उन्नाव, कानपुर, फतेहपुर, अयोध्या, बाराबंकी, गाजियाबाद, चंदौली, हाथरस, हरियाणा और दिल्ली समेत कई राज्यों के पहलवानों ने हिस्सा लिया। रोमांचक मुकाबलों को देखने के लिए आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में ग्रामीण और कुश्ती प्रेमी पहुंचे।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान रमेश कुमार गुप्ता, पूर्व प्रधान राकेश सिंह, पूर्व प्रधान जगनायक सिंह, भाजपा नेता विनय दीक्षित, शिव नारायण सिंह, अखिल भारतीय पाल महासभा के अध्यक्ष सज्जन पाल, लकी कपूर, विकास सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण को लेकर नगर निगम का जागरूकता अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता


लखनऊ। शहर को स्वच्छ एवं कूड़ा मुक्त बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम की ओर से जोन-8 क्षेत्र में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए विशेष जागरूकता एवं जनसंपर्क अभियान चलाया गया। अभियान के तहत जी-20 रोड से कैंट की ओर जाने वाले प्रमुख मार्ग के साथ ही इब्राहीमपुर प्रथम वार्ड में दुकानदारों एवं स्थानीय नागरिकों से संपर्क कर उन्हें सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न फेंकने के लिए जागरूक किया गया।

नगर निगम एवं कार्यदायी संस्था लायन एनवायरो की टीम ने अभियान के दौरान घरों और दुकानों पर पहुंचकर लोगों को बताया कि अपना कूड़ा सड़क अथवा खुले स्थान पर डालने के बजाय नगर निगम के निर्धारित डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण वाहनों को ही दें। दुकानदारों से भी अपने प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कूड़े का उचित निस्तारण करने और स्वच्छता व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की गई। जोनल अधिकारी आशीष सिंह ने बताया कि जी-20 रोड से कैंट मार्ग पर कुछ स्थानीय नागरिकों एवं दुकानदारों द्वारा नगर निगम के कूड़ा संग्रहण वाहनों में कूड़ा देने के बजाय सड़क पर खुले में कूड़ा फेंका जा रहा था। इससे मार्ग पर गंदगी फैल रही थी। समस्या के समाधान के लिए संबंधित मार्ग पर नियमित डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण वाहन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसी क्रम में इब्राहीमपुर प्रथम वार्ड में भी दुकानदारों एवं स्थानीय नागरिकों को डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण व्यवस्था से जोड़ने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। नगर निगम की टीम ने क्षेत्र में दुकानदारों से संपर्क कर उनसे निर्धारित नगर निगम की गाड़ियों में ही कूड़ा देने की अपील की। लोगों को सड़क एवं सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न फेंकने तथा कूड़े के उचित निस्तारण के प्रति जागरूक किया गया।

भाजपा सरकार में रोजगार के लिए भटक रहा बेरोजगार युवा, किसान परेशान: एमएलसी किरण पाल

❐ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जनपद शामली के एमएलसी एवं पूर्व मंत्री किरण पाल कश्यप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में सोमवार को ददरौल विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक ददरौल के ग्राम मुड़िगवां मजरा मड़ैया व ब्लॉक कंाट के ग्राम पल्हौरा और ग्राम पंचैली में तथा जलालाबाद विधानसभा क्षेत्र के अल्लाहगंज के ग्राम सुग्सुगी में समाजवादी पार्टी का पीडीए चैपाल कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम ददरौल विधानसभा अध्यक्ष मुनेन्द्र पाल सिंह, बब्लू कश्यप और जलालाबाद विधानसभा अध्यक्ष सूरजपाल सिंह यादव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जनपद शामली के एमएलसी एवं पूर्व मंत्री किरण पाल कश्यप का पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह एवं फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान एमएलसी किरण पाल कश्यप ने कहा कि भाजपा सरकार में बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। पढ़ा-लिखा नौजवान नौकरी और रोजगार के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है। किसान परेशान है। कहा कि सपा की सरकार बनने पर रोजगार के अवसर बढ़ाने, छात्रों के भविष्य को बेहतर बनाने और किसानों के हित में ठोस कदम उठाए जाएंगे। कहा कि आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी और अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे। प्रदेश का नौजवान, छात्र, किसान, गरीब और हर वर्ग मिलकर समाजवादी सरकार बनाने का काम करेगा। कार्यक्रम के अंत में सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व मंत्री श्री अवधेश वर्मा, पूर्व एमएलसी अमित यादव रिंकू, पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा, सपा जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप, नीरज मिश्रा, लखन प्रताप, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, श्याम लाल यादव, जिला पंचायत सदस्य पिंटू यादव, ओमपाल कुशवाहा, रामदास राठौर, महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव गायत्री वर्मा, छात्र सभा के जिलाध्यक्ष प्रसून कनौजिया, सौमित्र यादव, आकाश वर्मा, सर्वेश श्रीवास्तव, राजीव कश्यप, विपिन यादव, सत्यपाल सिंह यादव, पूर्व प्रधान प्रदीप वर्मा, आशीष दीक्षित, नरवीर फौजी, धनंजय सिंह, तेजपाल यादव, नीरज वर्मा प्रधान, सर्वेश तिवारी पूर्व प्रधान, अमर सिंह यादव, वीर मिश्रा, आशुतोष तिवारी, सपा जिलाध्यक्ष के प्रतिनिधि शाहनवाज आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

केवानी उफनाई, सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न

❐ चार-पांच दिनों से बढ़ रहा था पानी, दर्जनों गांवों के खेतों में भरा तीन से चार फीट पानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां, सीतापुर। कस्बे से करीब 400 मीटर उत्तर दिशा में बह रही केवानी नदी इन दिनों उफान पर है। नदी का जलस्तर बढ़ने से जहांगीराबाद सहित आसपास के दर्जनों गांवों की सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न हो गई है। खेतों में पानी भरने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई दे रही हैं। किसानों के मुताबिक केवानी नदी में पानी छोड़े जाने के कारण बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हुई है।

पिछले चार-पांच दिनों से लगातार पानी बढ़ने के कारण देवरिया खुर्द, छठवान, टेढ़ी पुरवा, त्रिलोकपुर, लालशाह पुरवा, पटना, पटनी और पूंजीखेड़ा समेत कई गांवों के आसपास खेत पानी से लबालब हैं। देवरिया खुर्द निवासी किसान अरुण कुमार तिवारी ने बताया कि खेतों में करीब तीन से चार फीट तक पानी भर गया है। इससे गेहूं, गन्ना, उरद और अरहर की फसल को भारी नुकसान की आशंका है। किसानों का कहना है कि बरसात के दौरान शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने पर नहरों और केवानी नदी में पानी छोड़ा जाता है, जिससे हर वर्ष नदी के किनारे बसे गांवों के निचले इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति बन जाती है। लंबे समय तक खेतों में पानी भरे रहने से फसलें नष्ट हो जाती हैं। इस समय जहांगीराबाद के दुबघटिया, हौदा और डुबका तालाब भी आपस में मिल गए हैं। हालांकि रविवार रात से पानी का बढ़ाव रुकने से ग्रामीणों ने कुछ राहत की सांस ली है। किसान हरिनाम वर्मा, सर्वेश वर्मा, विजय गौड़, विनोद वर्मा, बृजेंद्र वर्मा, आशीष उपाध्याय समेत सैकड़ों किसानों ने शासन-प्रशासन से तत्काल प्रभावी कदम उठाकर समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है।

जेल में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

❐ स्वस्थ, जागरूक समाज के लिए हमारी भाषा, संस्कृति व स्वास्थ्य दोनों ही मजबूत होने चाहिए: अपेक्षा सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जनपद न्यायाधीश/ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय के निर्देश पर नशा उन्मूलन एवं हिन्दी दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन जिला कारागार में किया गया।

कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपेक्षा सिंह की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान अपेक्षा सिंह ने कहा कि आज 14 सितंबर को हिंदी दिवस पर हम न केवल अपनी राष्ट्रभाषा के प्रति सम्मान व्यक्त कर रहे हैं, बल्कि नशा उन्मूलन जैसे अत्यंत गंभीर सामाजिक विषय पर इस जागरूकता शिविर का आयोजन भी कर रहे हैं। एक स्वस्थ और जागरूक समाज के निर्माण के लिए हमारी भाषा, संस्कृति और नागरिकों का स्वास्थ्य दोनों ही मजबूत होने चाहिए। लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ दिनेश कुमार मिश्र ने कहा कि नशा व्यक्ति को न केवल शारीरिक व मानसिक रूप से तोड़ता है, बल्कि उसे अनजाने में अपराध की ओर भी धकेलता है। उन्होंने नशे से दूर रहने की अपील की। लीगल एड डिफेंस काउंसिल के असिस्टेंट विवेक शर्मा ने कहा कि नशा जीवन की प्रगति के लिए बाधक होता है। नशा हमारे शरीर, मन व भविष्य को खराब करता है। हम अपनी इच्छा शक्ति से इससे दूर रह सकते हैं। साथ ही उन्होंने एनडीपीएस कानून के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में डिप्टी जेलर प्रगति आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए और अच्छे नागरिक बनने तथा नशे से दूर रहने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के वरिश्ठ लिपिक मोहम्मद अफजल ने किया। अन्त में जेल अधीक्षक जेपी तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान डिप्टी जेलर सुभाष यादव, जेल स्टाफ एवं बन्दी आदि मौजूद रहे।

हिंदी दिवस पर जेल में निबंध लेखन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

शाहजहांपुर। राष्ट्रीय हिंदी दिवस पर जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों के मध्य हिंदी हमारा अभिमान विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बंदियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए हिंदी भाषा के महत्व, समृद्ध साहित्यिक विरासत तथा राष्ट्रीय एकता में उसके योगदान पर अपने विचार लेखनी के माध्यम से व्यक्त किए। इस दौरान जेल अधीक्षक जेपी तिवारी ने बंदियों से कहा कि हिंदी केवल संवाद की भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, संवेदनाओं और राष्ट्रीय चेतना की सशक्त अभिव्यक्ति है। हिंदी हमें अपनी जड़ों से जोड़ती है और इसके प्रति सम्मान एवं गौरव का भाव बनाए रखना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने बंदियों को अध्ययन, लेखन एवं रचनात्मक गतिविधियों में निरंतर सहभागिता के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा और साहित्य व्यक्ति के विचारों को सकारात्मक दिशा प्रदान कर उसके व्यक्तित्व निर्माण एवं सामाजिक पुनर्वास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जेल अधीक्षक ने बताया कि राष्ट्रीय हिंदी दिवस पर जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों के मध्य हिंदी हमारा अभिमान विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई।

भव्य कलश यात्रा के साथ श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव का हुआ शुभारंभ

❐ महोत्सव के दौरान प्रतिदिन प्रातः 7:30 बजे एवं शाम 7:30 बजे भव्य आरती का आयोजन किया जाएगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रेउसा, सीतापुर। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रेउसा स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर संत आश्रम में भव्य श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव का शुभारंभ गत दिवस सोमवार, 14 सितंबर को भव्य जल कलश शोभायात्रा के साथ हुआ। शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भगवान श्री गणेश के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।

ज्ञात हो कि महोत्सव के दौरान प्रतिदिन प्रातः 7:30 बजे एवं शाम 7:30 बजे भव्य आरती का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक नैमिषारण्य क्षेत्र से पधारीं कथाव्यास शिवानी शास्त्री जी के मुखारविंद से श्रीमद्भागवत कथा का वाचन होगा। इसके साथ ही महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। 15 सितंबर को शाम के समय लखनऊ के कलाकारों द्वारा सुंदर एवं मनमोहक झांकियों की प्रस्तुति दी जाएगी। 16 सितंबर को प्रसिद्ध कलाकार राजू रंगीला एवं कल्पना दुबे जी द्वारा जवाबी कीर्तन प्रस्तुत किया जाएगा।

17 सितंबर, गुरुवार को शाम 7 बजे से महाभोग, छप्पन भोग एवं महाआरती का आयोजन होगा। इसके पश्चात रात्रि 8:30 बजे से स्थानीय कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। 18 सितंबर, शुक्रवार को नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा बाल संध्या कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं 19 सितंबर, शनिवार को क्षेत्रीय स्कूली बच्चों के लिए राइटिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

महोत्सव के अंतिम दिन 20 सितंबर, रविवार को कन्या भोज, मूर्ति पूजन एवं भगवान श्री गणेश की प्रतिमा का विसर्जन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। विसर्जन से पूर्व प्रतिमा को नगर भ्रमण कराया जाएगा। इस कार्यक्रम की आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालु भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर धार्मिक एवं सांस्कृतिक महोत्सव को सफल बनाने की अपील की है।

सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ जागरूकता की अलख, 50 छात्राओं का हुआ टीकाकरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। बेटियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर सामाजिक जागरूकता बढ़ाने की दिशा में रोटरी क्लब लखीमपुर सेंट्रल ने सराहनीय पहल की। क्लब की ओर से सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज में सर्वाइकल कैंसर जागरूकता एवं टीकाकरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विद्यालय की 50 छात्राओं का एचपीवी टीकाकरण किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूक करना और इसके बचाव में एचपीवी टीकाकरण, समय पर स्वास्थ्य जांच तथा जागरूकता के महत्व की जानकारी देना रहा। शिविर के दौरान छात्राओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर समय रहते चिकित्सकीय सलाह लेने के लिए प्रेरित किया गया। रोटरी क्लब लखीमपुर सेंट्रल के अध्यक्ष सीए अमित कुमार गुप्ता ने छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ बेटियां ही स्वस्थ परिवार और सशक्त समाज की मजबूत नींव होती हैं। उन्होंने छात्राओं से स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता को अपने परिवार और समाज तक पहुंचाने की अपील की। विद्यालय की प्रधानाचार्या शिप्रा बाजपेयी और प्रबंधक चंद्र भूषण साहनी ने रोटरी क्लब की इस पहल की सराहना करते हुए आभार जताया। उन्होंने कहा कि छात्राओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम बेहद महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम का आयोजन रोटरी क्लब लखीमपुर सेंट्रल की इंटरैक्ट क्लब समन्वयक श्वेता शुक्ला की देखरेख में हुआ। इस दौरान सचिन धवन, सुमित पुरी, डॉ. सौम्या बरनवाल, प्रत्युष बरनवाल, डॉ. अरशद (नोडल ऑफिसर), सामाजिक कार्यकर्ता राजेश दीक्षित सहित विद्यालय स्टाफ और मेडिकल टीम मौजूद रही।

लखीमपुर खीरी को मिला नया मुख्य विकास अधिकारी, योगानंद पांडेय संभालेंगे विकास की कमान

❐ अभिषेक कुमार के स्थानांतरण के बाद योगानंद पांडेय को मिली जिम्मेदारी, विकास योजनाओं की रफ्तार बढ़ाना होगी बड़ी चुनौती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जिले की विकास व्यवस्था में बड़ा प्रशासनिक बदलाव हुआ है। मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार के स्थानांतरण के बाद अब जनपद की विकास योजनाओं और ग्रामीण विकास की कमान योगानंद पांडेय संभालेंगे। उन्हें लखीमपुर खीरी का नया मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया है। नए सीडीओ के सामने जिले में संचालित विकास योजनाओं को गति देने के साथ-साथ शासन की प्राथमिकताओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू कराने की अहम जिम्मेदारी होगी।

मुख्य विकास अधिकारी का पद जिले की विकास व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका रखता है। ग्राम पंचायतों से लेकर विकास खंडों तक संचालित योजनाओं की निगरानी, सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना, ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर करना और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करना सीडीओ की प्रमुख जिम्मेदारियों में शामिल है। ऐसे में योगानंद पांडेय के सामने जिले की विकास व्यवस्था को और प्रभावी बनाने की चुनौती होगी।

लखीमपुर खीरी का बड़ा हिस्सा ग्रामीण क्षेत्रों में आता है। ऐसे में नए सीडीओ के सामने गांवों में सड़क, पेयजल, स्वच्छता, आवास, रोजगार, शिक्षा और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण होगा। विकास कार्यों की गुणवत्ता और उनकी समयबद्धता पर भी प्रशासन की निगाह रहेगी। इसके अलावा मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन सहित विभिन्न ग्रामीण विकास योजनाओं को पारदर्शी और प्रभावी तरीके से लागू कराना भी प्राथमिकता में रहेगा। पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के साथ ही लंबित कार्यों को गति देना भी नए सीडीओ के लिए महत्वपूर्ण कार्य होगा। जिले में शासन स्तर से संचालित विकास योजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा भी नए मुख्य विकास अधिकारी के कार्यक्षेत्र का अहम हिस्सा होगी। विकास खंड स्तर पर अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली की समीक्षा, लक्ष्य के अनुरूप प्रगति तथा योजनाओं में आने वाली अड़चनों का समाधान कराना भी उनके सामने रहेगा। विकास कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करना भी बड़ी जिम्मेदारी होगी। माना जा रहा है कि नए सीडीओ के कार्यभार संभालने के बाद जिले के विकास कार्यों और विभिन्न योजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा का दौर तेज हो सकता है।

इंटरनेशनल कांफ्रेंस में जे. एस. सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी की दोहरी शानदार सफलता



सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। जे. एस. सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, सीतापुर के लिए यह अत्यंत गौरव एवं हर्ष का अवसर है। संस्थान के प्रतिभाशाली अध्यापको ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओरल प्रजेंटेसन प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार प्राप्त कर पूरे संस्थान का नाम रोशन किया। यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ल्कृत्रिम बुद्धिमत्ताः सटीक कैंसर उपचार एवं स्वास्थ्य सेवा में नवाचार की नई दिशाङ्क विषय पर आर.जी.एस. कॉलेज ऑफ फार्मेसी द्वारा मालवीय सभागार, लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया। जिसमें पचास से अधिक फार्मेसी कॉलेज ने प्रतिभाग लिया। ओरल प्रजेंटेसन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार शिवम जायसवाल एवं द्वितीय पुरस्कार अमन सिंह दोनों अध्यापको ने अपनी प्रतिभा, मेहनत एवं शोध कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। उनकी इस सफलता से जे. एस. सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी परिवार में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर संस्थान की शिक्षण उत्कृष्टता सम्मान के लिए डायरेक्टर डॉ. भूमिका योगी एवं डॉ. सुजीत गुप्ता का नामांकन भी संस्थान के लिए गौरव का विषय रहा। संस्थान के निदेशक डॉ. भूमिका योगी एवं डॉ. सुजीत गुप्ता ने दोनों अध्यापको को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसी उपलब्धियां संस्थान की शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों को नई ऊंचाई प्रदान करती हैं और अन्य विद्यार्थियों को भी शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। संस्थान के चेयरमैन अरुण कुमार सिंह ने कहा कि जे. एस. सिंह संस्थान के लिए यह उपलब्धि निश्चित रूप से गर्व और सम्मान का क्षण है।

सीता इण्टर कॉलेज बना ताइक्वांडो में ओवरऑल चैंपियन

सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय ताइक्वांडो (बालक/बालिका) प्रतियोगिता, 2026-2027 का आयोजन दिनांक 14..09.2026 को स्पोर्ट्स स्टेडियम, महमूदाबाद में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ क्रीड़ाधिकारी रवि कुमार निषाद के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रतियोगिता अंडर 14, 17 और 19 बालक/बालिका के विभिन्न भर वर्गों में आयोजित की गयी। प्रतियोगिता में जनपद के लगभग 10 विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। बालक वर्ग में सीता इण्टर कॉलेज विजेता एवं महेंद्र कुमार शास्त्री मेमोरियल इण्टर कॉलेज, रामपुर-मथुरा उपविजेता रहा। बालिका वर्ग में भी सीता इण्टर कॉलेज विजेता और सरदार वल्लभ भाई पटेल कन्या शिक्षण संस्थान, गोडैचा रहा। प्रतियोगिता स्पोर्ट्स स्टेडियम के प्रशिक्षक जय शंकर गुप्ता की देखरेख में संपन्न हुई। निर्णायक मंडल में मनीष दत्त, अभिनव कुमार, आलोक कुमार एवं तुषार श्रीवास्तव ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया गया। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन के उपाध्यक्ष वागीश बाजपेई एवं अशोक अवस्थी के द्वारा किया इस अवसर पर रौनक श्रीवास्तव, पावस यादव, इंद्र बहादुर, पृथ्वी पाल, अश्वनी कुमार, चन्द्रावती, पीयूष चौबे, नेहा पाल और शशांक वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

20 लाख की ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार

❐ पलिया पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 107.26 ग्राम स्मैक और 147.25 ग्राम अल्प्राजोलम पाउडर बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पलियाकलां खीरी। अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त और तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पलिया पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 107.26 ग्राम ब्राउन शुगर (स्मैक) और 147.25 ग्राम अल्प्राजोलम पाउडर बरामद किया है। पुलिस के अनुसार बरामद ब्राउन शुगर की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रुपये है।

पुलिस के मुताबिक यह कार्रवाई 13 सितंबर की रात की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पियूष मिश्रा उर्फ बिहारी पुत्र लवकुश मिश्रा, निवासी मोहल्ला किसान-2, पलिया तथा छोटे उर्फ भूरा पुत्र नरेश कश्यप, निवासी थारुपुरवा, पलिया के रूप में हुई है।

दोनों के कब्जे से अलग-अलग बरामदगी

पुलिस के अनुसार पियूष मिश्रा के कब्जे से 54.40 ग्राम ब्राउन शुगर और 75.90 ग्राम अल्प्राजोलम पाउडर बरामद हुआ। वहीं छोटे उर्फ भूरा के कब्जे से 52.86 ग्राम ब्राउन शुगर और 71.35 ग्राम अल्प्राजोलम पाउडर बरामद किया गया।

बरामदगी के आधार पर थाना पलिया में मु0अ0सं0 274/2026, धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद संबंधित न्यायालय में पेश किया।

दोनों का आपराधिक इतिहास भी सामने आया

पुलिस के अनुसार पियूष मिश्रा के खिलाफ पलिया थाने में पूर्व में मारपीट, धोखाधड़ी और धमकी से संबंधित मुकदमे दर्ज हैं। वहीं छोटे उर्फ भूरा के खिलाफ वर्ष 2017 में दुष्कर्म के प्रयास व पॉक्सो एक्ट तथा वर्ष 2024 में आयुध अधिनियम से संबंधित मुकदमा दर्ज होने की जानकारी पुलिस ने दी है।

पुलिस टीम ने की कार्रवाई

कार्रवाई करने वाली टीम में व0उ0नि0 रामजीत यादव, उपनिरीक्षक झारिया सिंह, हेड कांस्टेबल जितेन्द्र सिंह, कांस्टेबल अतुल त्रिपाठी, सुनील कुमार रावत, राजीव यादव और अंकित शर्मा शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

विभिन्न मांगों को लेकर मान्यता प्राप्त जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने दिया ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर । अशासकीय मान्यता प्राप्त जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कार्यरत प्रधानाचार्यों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों की विभिन्न लंबित समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर बेसिक शिक्षा मंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिया। ज्ञापन में मान्यता प्राप्त विद्यालयों को यू-डायस पोर्टल पर विद्यार्थियों का डाटा सीधे फीड एवं अपडेट करने की अनुमति, प्रधानाचार्यों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए तत्काल कैशलेस चिकित्सा सुविधा, मान्यता प्राप्त विद्यालयों के विद्यार्थियों को सरकारी विद्यालयों के समान मध्याह्न भोजन की सुविधा, निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराने की व्यवस्था, विद्यार्थियों को विद्यालयी यूनिफॉर्म सहित आवश्यक छात्र हित लाभ उपलब्ध कराने, मान्यता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षकों के लिए नियमित एवं सम्मानजनक मानदेय, उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी विभागीय व्यवस्था, विद्यालयों को शिक्षा व्यवस्था में समान अवसर एवं सुविधाएं देने आदि की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में अशासकीय मान्यता प्राप्त जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मनोज यादव, अमित गुप्ता, राधेश्याम वर्मा, महेंद्र कुमार, गौरव, नुसरत अली, ओमपाल मौर्य, राम सिंह, सौरभ सिंह, धर्मेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

यातायात पुलिस ने चलाया अभियान, काटे 1562 चालान



शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के निकट पर्यवेक्षण तथा यातायात प्रभारी और संबंधित थाना पुलिस एवं सीसी टीम के सहयोग से बीती रात करीब 08 बजे से 11 बजे तक ड्रंकन ड्राइविंग के खिलाफ सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत थाना मदनापुर, सिंधौली, खुटार एवं पुवायां क्षेत्र स्थित टोल प्लाजा तथा अन्य प्रमुख स्थानों पर वाहनों की सघन चेकिंग की गई। इस दौरान टीम ने वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन न चलाने, यातायात नियमों का पालन करने तथा सुरक्षित वाहन संचालन के प्रति जागरूक किया। उन्होंने परिवार के साथ यात्रा कर रहे यात्रियों से टोल प्लाजा पर उनका हाल-चाल जाना और हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। चेकिंग के दौरान नशे की हालत में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ ड्रंकन ड्राइविंग के 22 चालान, मॉडिफाइड साइलेंसर के 02 चालान तथा प्रेशर हॉर्न/हूटर के 38 चालान सहित यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कुल 1562 चालान एमवी एक्ट के तहत किए गए। क्षेत्राधिकारी यातायात ने बताया कि शहर के प्रमुख चैराहों एवं तिराहों पर यातायात जागरूकता अभियान चलाते हुए आमजन को यातायात नियमों के पालन एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ नियमानुसार प्रवर्तन कार्रवाई की गई।

अवैध कच्ची शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की कार्रवाई, 104 लीटर शराब बरामद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। आबकारी आयुक्त के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत सोमवार को आबकारी विभाग की टीम ने जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में छापेमारी कर अवैध कच्ची शराब के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई की। अभियान के दौरान छह अभियोग पंजीकृत किए गए तथा करीब 104 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई।

जिला आबकारी अधिकारी एवं सहायक आबकारी आयुक्त प्रवर्तन अयोध्या के मार्गदर्शन में आबकारी निरीक्षक रण विजय सिंह, अरुण कुमार, इंद्रपाल तथा सरोज वर्मा के नेतृत्व में टीम ने कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम कमनगढ़ और गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के टाटियानगर में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान मौके से करीब 850 किलोग्राम लहन बरामद कर नष्ट कराया गया। विभागीय टीम ने ग्रामीणों को अवैध शराब के सेवन एवं निर्माण से होने वाले स्वास्थ्य और सामाजिक नुकसान के प्रति जागरूक भी किया। आबकारी विभाग ने अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रखने की बात कही है।

सेवा संकल्प अभियान के शुभारम्भ पर लाभार्थी परिवारों के साथ ही प्रमुख स्थलों पर होगा दीप प्रज्जवलन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । आगामी सत्रह सितम्बर से सत्रह अक्टूबर तक आयोजित होने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' की तैयारियों को लेकर सोमवार को विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान के अंतर्गत प्रस्तावित विभिन्न कार्यक्रमों के सफल एवं प्रभावी आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए निर्धारित कार्यक्रमों का आयोजन पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ सुनिश्चित करें ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ मिल सके। मुख्य विकास अधिकारी ने विशेष रूप से निर्देश दिये कि अभियान



के शुभारंभ दिवस सत्रह सितंबर को आयोजित होने वाले 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम के लिये सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व से ही सुनिश्चित कर ली जाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लाभार्थी परिवारों, ग्राम पंचायतों एवं प्रमुख स्थलों पर दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु पर्याप्त संख्या में दीयों की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था तथा समन्वय की कार्यवाही समय रहते पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने कहा कि अभियान के प्रत्येक कार्यक्रम में जनसहभागिता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार किया जाय तथा सभी व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा की जाय। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले सेवा दिवस, रक्तदान शिविर, दिव्यांगजन कल्याण कार्यक्रम, चित्रकला प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, आंगन मिलन, सेवा सेतु शिविर, स्वास्थ्य मेले, सेवा ज्योति कलश यात्रा, स्वच्छता एवं श्रमदान कार्यक्रम तथा जनसेवा महाकुंभ सहित सभी गतिविधियों को

सीडीओ ने सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर की समीक्षा बैठक

सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग अपने-अपने लाभार्थियों का अद्यतन डेटा तैयार करे तथा कार्यक्रमों के लिए नोडल अधिकारियों की जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से निर्धारित की जाए। विकासखंड एवं ग्राम स्तर तक सभी गतिविधियों की कार्ययोजना बनाकर समयबद्ध तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों से अपेक्षा की कि अभियान के दौरान सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाय तथा योजनाओं की उपलब्धियों को जनसामान्य तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाय। बैठक में जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी पन्नालाल सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

गणेश चतुर्थी पूजन की तैयारियों को लेकर बशहूं में बैठक, ग्रामीणों ने किया स्वागत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

भेटुआ/अमेठी। विकासखंड भेटुआ के ग्राम बशहूं में आगामी गणेश चतुर्थी पूजन एवं धार्मिक आयोजनों की तैयारियों को लेकर रविवार को एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान गांव में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला तथा ग्रामीणों ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया। बैठक में गणेश चतुर्थी पूजन कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए आयोजन को सफल बनाने के लिए ग्रामीणों से सहयोग की अपील की गई। साथ ही पूजन स्थल की व्यवस्थाओं, साफ-सफाई और अन्य आवश्यक तैयारियों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष भेटुआ महात्मा प्रसाद तिवारी, समाजसेवी संजय मिश्रा, बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंधक कृष्ण कुमार तिवारी, रामकरण मौर्य, राजेंद्र सिंह, रोहित सिंह, लवकुश यादव, बिंद्रा यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

अंत में ग्राम प्रधान राजेश कुमार तिवारी ने सभी अतिथियों एवं ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए गणेश चतुर्थी पर्व को सौहार्दपूर्ण और भव्य तरीके से मनाने का आह्वान किया।

जनगणना-2027 में ओबीसी कॉलम जोड़ने की मांग, राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर ड्रॉपडाउन सूची उपलब्ध कराने की उठाई आवाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। जनगणना-2027 के फॉर्म में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए अलग कॉलम जोड़ने तथा केंद्र व राज्यों में सूचीबद्ध जातियों की ड्रॉपडाउन सूची प्रगणकों को उपलब्ध कराने की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा गया है कि लोकसभा चुनाव-2024 के दौरान ओबीसी वर्ग की जातिगत जनगणना कराने का वादा किया गया था, लेकिन 14 अगस्त 2026 को जारी जनगणना अधिसूचना में ओबीसी के लिए अलग कॉलम नहीं जोड़ा गया। साथ ही जातियों की पूर्व निर्धारित सूची उपलब्ध कराने के बजाय जाति की जानकारी दर्ज करने के लिए ओपन-एंडेड व्यवस्था अपनाई गई है। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि इस व्यवस्था से जातियों की गणना में एकरूपता प्रभावित हो सकती है और ओबीसी समेत वंचित वर्गों की वास्तविक आबादी का सही आंकड़ा सामने नहीं आ पाएगा। इससे इन वर्गों की शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक और



राजनीतिक स्थिति के आकलन तथा आबादी के अनुपात में प्रतिनिधित्व से जुड़ी नीतियों के निर्धारण में भी कठिनाई होगी। ज्ञापन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा इस मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार के समक्ष उठाई गई मांगों का भी उल्लेख किया गया। कांग्रेस ने मांग की कि जनगणना-2027 में ओबीसी के लिए स्पष्ट कॉलम जोड़ा जाए तथा केंद्र और राज्यों की सूची में शामिल जातियों की ड्रॉपडाउन सूची प्रगणकों को उपलब्ध कराई जाए। कांग्रेस ने राष्ट्रपति से मामले में हस्तक्षेप कर ओबीसी वर्ग की सही जातिगत जनसंख्या सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

ग्राम चौपाल का हुआ आयोजन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी के आदेशानुसार मटेना ता. घुंघचिहाई विकासखंड पूरनपुर पीलीभीत में आयोजित ग्राम चौपाल में विभागीय स्टॉल लगाते हुए लाभार्थियों को शासन /विभाग द्वारा संचालित योजनाओं जैसे- कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य, निराश्रित महिला पेंशन से संबंधित समस्याओं को हल किया तथा जानकारी दी गयी। संबंधित कार्यक्रम में हब से अजीत सिंह तथा राजकीय विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण से सामाजिक कार्यकर्ता, सजल सक्सेना उपस्थित रहे है।

एसडीएम कॉलोनी में जलभराव से बढ़ी परेशानी, घरों में घुसा बारिश का पानी

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पंचायत अमेठी के वार्ड संख्या-9 स्थित एसडीएम कॉलोनी में बारिश के बाद जलभराव की समस्या गंभीर हो गई है। कॉलोनी के भीतर और मुख्य प्रवेश द्वार के आसपास पानी जमा होने से स्थानीय लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार क्षेत्र में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी लंबे समय तक जमा रहता है। हाल की बारिश के बाद कई घरों में पानी घुस गया। कॉलोनी निवासी मनोज मिश्रा के कमरे में पानी भर जाने से कुर्सी, टेबल समेत घरेलू सामान प्रभावित हुआ है। कॉलोनी के समीप स्थित तालाब के भर जाने से पानी सड़क पर फैल गया है, जिससे लोगों का आवागमन बाधित हो रहा है। जलभराव के कारण सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और दैनिक कार्यों के लिए आने-जाने वाले लोगों को हो रही है। लोगों को पानी से भरी सड़क से होकर गुजरने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

स्थानीय नागरिकों ने नगर पंचायत प्रशासन से जल निकासी की तत्काल व्यवस्था कराने की मांग की है। उनका कहना है कि नालियों की सफाई और पानी निकासी की व्यवस्था समय रहते दुरुस्त नहीं की गई तो आगामी बारिश में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

विवाद में पुरानी दीवार गिराने का आरोप, वीडियो वायरल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के घटमापुर गंगहुवा गांव में भूमि विवाद को लेकर तनाव का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने कुछ लोगों पर कई वर्ष पुरानी दीवार गिराने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि पूर्व में भी मामले की शिकायत की गई थी, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

बताया जा रहा है कि रविवार को हुए विवाद के दौरान आरोपितों ने दीवार को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ लोग दीवार गिराते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो और शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं पीड़ित परिवार ने आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

देवरिया : स्कूल में आकाशीय बिजली गिरी, चपेट में आने से कक्षा सात का छात्र झुलसा

देवरिया । उत्तर प्रदेश के देवरिया जनपद में एकौना थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव निवासी शिवम साहनी (12) पुत्र स्व. अनिरुद्ध नारायणपुर जूनियर हाईस्कूल में कक्षा सात का छात्र है। सोमवार को विद्यालय परिसर में स्थित हैंडपंप के पास आकाशीय बिजली गिरने से वह उसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद विद्यालय में अफरा-तफरी मच गई। शिक्षकों और आसपास मौजूद लोगों ने आनन-फानन में छात्र को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज देवरिया पहुंचाया, जहां चिकित्सकों की देखरेख में उसका उपचार चल रहा है। हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भी मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से यह हादसा हुआ। घटना के बाद छात्र के परिजन चिंतित हैं। चिकित्सकों के अनुसार छात्र का उपचार किया जा रहा है।

मीरजापुर : हरतालिका तीज पर दंगल में दिखा जोश, अखाड़े में चले दांव-पेच

मीरजापुर । उत्तर प्रदेश के जनपद मीरजापुर में हरतालिका तीज के अवसर पर सोमवार को पड़री स्थित जूनियर हाईस्कूल के मैदान में राघवेंद्र रामलीला समिति के तत्वावधान में अंतर्जनपदीय विराट कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। इसमें मीरजापुर, वाराणसी, चंदौली, भदोही, प्रयागराज, जौनपुर और बिहार के पहलवानों ने दमखम दिखाया। पहलवानों के शानदार दांव-पेच पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं। मुख्य अतिथि भदोही सांसद डॉ. विनोद बिंद और विशिष्ट अतिथि समाजसेवी प्रदीप सिंह ने पहलवानों से परिचय प्राप्त कर दंगल का शुभारंभ किया। पहली कुश्ती में मुगलसराय के धर्मेंद्र ने बिहार के दरभंगा निवासी मृत्युंजय को हराकर 11 हजार रुपये का पुरस्कार जीता। वाराणसी के पिंटू ने प्रयागराज के राजू को शिकस्त दी। भदोही के महेंद्र और वाराणसी के संतोष के बीच मुकाबले में संतोष विजयी रहे और छह हजार रुपये का पुरस्कार हासिल किया। चकिया के प्रदीप और मीरजापुर के बेचूबीर की कुश्ती बराबरी पर छूटी। वाराणसी के कमलेश और मीरजापुर के सिद्धी निवासी रमेश के बीच मुकाबला भी बराबरी पर रहा। पड़री के सूरज पहलवान ने चंदौली के अचल यादव को पटखनी देकर पांच हजार रुपये का पुरस्कार जीता। प्रयागराज के रिंकू ने जौनपुर के मनोज, मीरजापुर के जोगेंद्र ने वाराणसी के दीपक और चुनार के टमाटर पहलवान ने चकिया के मनोज को हराया। दंगल में करीब 40 कुश्तियां हुईं। समिति की ओर से विजेता और उपविजेता पहलवानों को डेढ़ लाख रुपये से अधिक की पुरस्कार राशि दी गई। सांसद डॉ. विनोद बिंद ने कहा कि पहलवानों को किसी को हराने के नहीं, बल्कि जीत हासिल करने के उद्देश्य से मैदान में उतरना चाहिए। मजबूत इरादा, कड़ी मेहनत और स्वयं से किया वादा सफलता की तीन कुंजी हैं। निर्णायक की भूमिका भीम सिंह, वंशीधर सिंह और रामदेव सरोज ने निभाई। प्रधानसंघ के ब्लॉक अध्यक्ष व्यासजी बिंद ने अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान पंचदेव सिंह, मंटू चौबे, मंगला राय, रामसागर भारती, देवमणि दुबे समेत बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। सुरक्षा के लिए उपनिरीक्षक अवधेश सिंह पुलिस बल के साथ तैनात रहे।

बिजनौर : काम से टोकने से नाराज कलयुगी बहू ने सास को उतारा मौत के घाट, गिरफ्तार

बिजनौर । उत्तर प्रदेश के बिजनौर जनपद के धामपुर थाना क्षेत्र के गांव करनावाला में घरेलू विवाद के चलते एक कलयुगी बहू द्वारा अपनी बुजुर्ग सास की निर्मम हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। काम में टोकने से नाराज बहू ने अपनी 65 वर्षीय सास का सिर जमीन पर दे मारा, जिससे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपित बहू को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर लिया है। गांव करनावाला निवासी 65 वर्षीय ओमवती का अक्सर अपनी बहू प्रीति के साथ घर के कामकाज को लेकर विवाद होता रहता था। सास द्वारा काम को लेकर टोकना बहू को नागवार गुजरता था।

आभा ऐप से बढ़ी मरीजों की परेशानी, ओटीपी न मिलने पर अटक रहा पंजीकरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फुरसतगंज/अमेठी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) फुरसतगंज में आभा (ABHA) ऐप के जरिए ऑनलाइन पंजीकरण व्यवस्था कई मरीजों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। आधार से मोबाइल नंबर लिंक न होने या ओटीपी न मिलने के कारण मरीजों के पर्चे नहीं बन पा रहे हैं, जिससे इलाज में देरी हो रही है।

अस्पताल में प्रतिदिन ऐसे मरीज पहुंच रहे हैं जिनकी आभा आईडी नहीं बनी है या ओटीपी सत्यापन नहीं हो पा रहा है। बुधवार को पूरे बाबा निवासी अशोक कुमार अपनी बेटी का इलाज कराने पहुंचे, लेकिन आभा आईडी न होने से पंजीकरण नहीं हो सका। वहीं शिवकली नामक महिला भी आधार कार्ड उपलब्ध न होने के कारण पर्चा नहीं बनवा सकीं।



ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी बड़ी संख्या में लोग इस व्यवस्था से नहीं जुड़े हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार सीएचसी क्षेत्र की 1.41 लाख आबादी में से 93,668 लोगों की आभा आईडी बनाई जा चुकी है। गंभीर मरीजों का इलाज फिलहाल ऑफलाइन पर्चे पर किया जा रहा है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अभिषेक शुक्ला ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर ऑनलाइन व्यवस्था लागू की गई है। वहीं सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने कहा कि शुरुआती दिक्कतों के बावजूद आभा आईडी से मरीजों का डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा और भविष्य में इलाज संबंधी जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सकेगी।

देवरिया : हिन्दी दिवस पर नागरी प्रचारिणी सभा ने तीन साहित्यकारों को किया सम्मानित

देवरिया । उत्तर प्रदेश के जनपद देवरिया में हिन्दी दिवस के अवसर पर नागरी प्रचारिणी सभा की ओर से आयोजित समारोह में हिन्दी भाषा और साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले तीन साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। सभा के अध्यक्ष डॉ. जयनाथ मणि त्रिपाठी, मंत्री डॉ. अनिल कुमार त्रिपाठी एवं समिति के सदस्यों ने हैदराबाद, तेलंगाना की हिन्दी प्रचारक पुट्पर्ति नाग पद्ममिनी को नागरी रत्न सम्मान से अलंकृत किया। उन्हें प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्न, अंगवस्त्र, शॉल एवं 11 हजार रुपये नकद प्रदान किए गए। प्रशस्ति पत्र का वाचन डॉ. मधुसूदन मणि त्रिपाठी ने किया।

शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन एवं राष्ट्रगीत से हुआ। सरस्वती वंदना अंजलि अरोड़ा खुशबू और स्वागत गीत दयाशंकर कुशवाहा ने प्रस्तुत किया। मंत्री डॉ. अनिल कुमार त्रिपाठी ने अतिथियों का परिचय कराया। कार्यक्रम में वाराणसी के प्रसिद्ध उपन्यासकार सुरेन्द्र वाजपेई को नागरी भूषण सम्मान प्रदान किया गया। उन्हें प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्न, अंगवस्त्र, शॉल एवं सात हजार रुपये नकद दिए गए। प्रशस्ति पत्र का वाचन इन्द्र कुमार दीक्षित ने किया। वहीं गोपालगंज, बिहार के प्रख्यात कवि सर्वेश तिवारी को नागरी श्री सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्हें प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्न, अंगवस्त्र, शॉल एवं पांच हजार रुपये नकद प्रदान किए गए। प्रशस्ति पत्र का वाचन संयुक्त मंत्री ब्रजेश पाण्डेय ने किया। सम्मान के बाद पुट्पर्ति नाग पद्ममिनी ने कहा कि उनके पिता कहा करते थे कि जितनी भाषाएं सीखोगी, हृदय उतना ही विशाल होगा। उन्होंने तेलुगू के साथ हिन्दी में भी काम करने की प्रेरणा दी थी।

अनियंत्रित कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता


कुड़वार/सुल्तानपुर। लखनऊ वाराणसी हाईवे पर तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्यवाही की। सोमवार को लखनऊ से सुल्तानपुर की तरफ आ रही कार ने गलत दिशा में मुसाफिर खाना की तरफ जा रहे बाइक सवार फिरोज (32) पुत्र अली मोहम्मद निवासी खौदिया मुसाफिरखाना जनपद अमेठी को लखनऊ वाराणसी हाईवे पर बधुआ कला थाना क्षेत्र के पढ़वापुर मोड़ के पास टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई। तथा कार व बाइक के परखच्चे उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक युवक के दो छोटे छोटे बच्चे है। पत्नी सहित परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष



बंधुआ कला थाना क्षेत्र में पढ़वापुर गांव के पास हुआ हादसा

बंधुआ कला प्रमोद कुमार पटेल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हिरासत में लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

अमेठी के दो खंड शिक्षा अधिकारियों का गैरजनपद तबादला



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। प्रदेश सरकार की वार्षिक स्थानांतरण नीति 2026-27 के तहत बेसिक शिक्षा विभाग में बड़े पैमाने पर खंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) के तबादले किए गए हैं। जारी सूची में प्रदेश के 121 खंड शिक्षा अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है, जिसमें अमेठी जनपद के दो अधिकारियों का भी गैरजनपद तबादला शामिल है।

स्थानांतरण आदेश के अनुसार भादर विकासखंड के खंड शिक्षा अधिकारी शिव प्रसाद यादव तथा भेटुआ विकासखंड के खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार यादव का तबादला बस्ती जनपद कर दिया गया है। दोनों अधिकारियों के स्थानांतरण के बाद अमेठी में संबंधित पद रिक्त होने की स्थिति बन गई है।

हालांकि तबादला सूची में अमेठी से दो अधिकारियों को बाहर भेजा गया है, लेकिन जिले को एक भी नया खंड शिक्षा अधिकारी नहीं मिला है। ऐसे में विभागीय कार्यों के संचालन और रिक्त पदों की जिम्मेदारी को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। शिक्षा विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि खाली पदों का कार्यभार किसे सौंपा जाएगा तथा इसका शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों पर क्या प्रभाव पड़ेगा।

शिक्षा जगत से जुड़े लोगों का कहना है कि यदि रिक्त पदों पर जल्द नियुक्ति नहीं हुई तो विभागीय कार्यों के निष्पादन में अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है। फिलहाल विभाग की ओर से कार्यभार व्यवस्था को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

सगरा तालाब में मिली युवती की लाश, हादसा या आत्महत्या,मौत की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । नगर कोतवाली क्षेत्र के सगरा तालाब में सो मवार दोपहर करीब दो बजे 19 वर्षीय युवती का शव उतराता मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर नगर कोतवाली पुलिस, फॉरेंसिक टीम और सीओ नगर योगेंद्र सिंह मौके पर

पैर फिसला या तालाब में कूदी....? पुलिस ने दोनों पहलुओं पर शुरू की जांच,खंगाल रही सीसीटीवी

पहुंचे।स्थानीय लोगों और गोताखोरों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकाला गया।प्रारंभिक जांच में युवती के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं।पुलिस प्रथ म दृष्टया डूबने से मौत की आशंका जता रही है, लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि युवती तालाब में कूदी थी या पैर फिसलने से वह पानी में गिरी। पुलिस ने दोनों पहलुओं को जांच में शामिल किया है।फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं वहीं तालाब के दोनों ओर आने-जाने वाले रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है,ताकि युवती




पुलिस के लिए पहचान बनी पहली चुनौती

शव मिलने के बाद पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती युवती की पहचान करना है।अभी तक उस की पहचान नहीं हो सकी है।पुलिस सोशल मीडि या के साथ जिले के सभी थानों और चौकियों के माध्यम से भी युवती की फोटो भेजकर पहचान क राने का प्रयास कर रही है।सीओ नगर योगेंद्र सिंह ने बताया कि सगरा तालाब में युवती का शव मिल ने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की,शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं।पहचान होने के बाद ही घटना के संबंध में आगे की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।सभी संभावित पहलुओं पर जांच की जा रही है।

के वहां पहुंचने और उसके साथ संभावित घटनाक्रम की जानकारी मिल सके ।

कजरी तीज में गोंडा में बीस लाख लोगों ने किया जलाभिषेक



पृथ्वीनाथ में कतारबद्ध होकर किया जलाभिषेक

खरगूपुर के ऐतिहासिक पृथ्वीनाथ मंदिर में सोमवा र को महिला-पुरुष कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने शिवलाट पर जल चढ़ाने के साथ दूध,बेलपत्र, शहद, पुष्प, भांग और धतूरा अर्पित किया।...मंदिर के मुख्य पुजारी के अनुसार बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजन-अर्च न किया।रविवार देर रात तक मंदिर परिसर में कां वड़ियों की भीड़ बनी रही।

बालेश्वरनाथ और करोहानाथ में भी उमड़ी भीड़

वजीरगंज के बालेश्वरनाथ मंदिर में भी हजारों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया।मंदिर परिसर और गर्भगृह की निगरानी के लिए सीसीटीवी ल गाए गए थे।मनकापुर क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ रही।करोहानाथ मंदिर पर भी दिनभर कांवड़ियों और शिवभक्तों का पहुंचना जारी रहा।

कांवड़ियों की सेवा में जुटे रहे लोग

कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की सेवा के लिए सरयू घाट से लेकर जिला मुख्यालय और मंदिरों को जा ने वाले रास्तों पर जगह-जगह सेवा स्टाल लगाए गए। कहीं पूड़ी-सब्जी,कहीं हलुवा,चना और कढ़ी-चावल तो कहीं चाय और फल वितरित किए गए। कुछ स्थानों पर थके कांवड़ियों को राहत देने के लिए गर्म पानी से सेंक की व्यवस्था भी की गई।कजरीतीज पर एक ओर शिवालयों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की कतारें लगी रहीं, वहीं दूसरी ओर रास्तों में सेवा शिविरों के जरिए लोगों ने कांव ड़ियों की मदद की।आस्था,भक्ति और सेवा के इस संगम से जिले का माहौल दिनभर शिवमय बना रहा।

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जलाभिषेक को उमड़ा कांवड़ियों का रेला, गूंजता रहा 'बम-बम भोले'

सरयू घाट से गोंडा पृथ्वीनाथ तक दिखा केसरिया सैलाब,शिवालयों में दिनभर लगीं कतारें

गोंडा । कजरी तीज पर रविवार रात से सोमवार त क जिले में आस्था का सैलाब उमड़ा। सरयू घाट से जल लेकर निकले कांवड़ियों के जत्थों और विभि न्न शिवालयों में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया।प्रशासन के मुताबिक जिले भर में करीब बीस लाख श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया।करनैलगंज के सरयू घाट से लेकर गोंडा, ख रगूपुर और अन्य प्रमुख शिवालयों तक कांवड़ियों की आवाजाही से सड़कों पर केसरिया रंग नजर आया। बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के उद्घोष से वातावरण शिवमय बना रहा।शहर के दुखहरण नाथ मंदिर में रविवार रात से सोमवार दोपहर तक श्रद्धालुओं का पहुंचना जारी रहा। सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह ने भी मंदिर पहुंचकर जलाभिषे क किया।करनैलगंज के बाबा बरखंडीनाथ महादे व मंदिर में बड़ी संख्या में कांवड़ियों ने जल चढ़ा या, सरयू घाट पर जल भरने के लिए देर रात तक कांवड़ियों की आवाजाही बनी रही।

पसीने से भीगी वर्दी, ड्यूटी से नहीं हटे नगर कोतवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । कजरी तीज के अवसर पर दुखहरण नाथ मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी। भीड़ को नियंत्रित करने और सुरक्षा व्यवस्था बना ए रखने के लिए नगर कोतवाल बिंदेश्वरी मणि त्रि पाठी पुलिस टीम के साथ लगातार मौके पर डटे रहे।घंटों तक भीड़ के बीच ड्यूटी करने के दौरान उनकी वर्दी पसीने से भीग गई,लेकिन वह व्यवस्था संभालने में जुटे रहे।मंदिर परिसर और आसपास श्रद्धालुओं की आवाजाही पर नजर रखने के साथ पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-



कजरी तीज पर दुखहरण नाथ मंदिर में भारी भीड़ के बीच घंटों संभाली सुरक्षा व्यवस्था

निर्देश भी दिए जाते रहे।कजरी तीज के दौरान भीड़ के दबाव के बीच पुलिस की सक्रिय मौजूदगी से सुरक्षा व्यव स्था बनाए रखने का प्रयास लगातार जारी रहा। नगर कोतवाल की ड्यूटी के दौरान की तस्वीरें सो शल मीडिया पर सामने आईं, जिनमें वह भीड़ के बीच व्यवस्था संभालते नजर आए।त्योहार के दौ रान सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिसकर्मियों की भू मिका को लेकर स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के प्रति आभार जताया।

शिव भक्ति में डूबा गोंडा, पत्रकारों के भंडारे में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

डीआईजी ने दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ, धार्मिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । हरतालिका कजरी तीज पर शहर में शिवभ क्ति का रंग और गाढ़ा हो गया।...ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की गोंडा इकाई की ओर से सिंचाई डाक बंगले के सामने आयोजित भंडारे और धार्मि क-सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भीड़ जु टी,भंडारे में प्रसाद वितरण के साथ गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों ने आयोजन को धार्मिक आस्था के साथ सांस्कृतिक रंग भी दिया।कार्यक्रम का शु भारंभ देवीपाटन मंडल के डीआईजी अशोक शु क्ला ने दीप प्रज्वलित कर भगवान शिव की आर ती के साथ किया।एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष प्रदी प तिवारी ने डीआईजी का स्वागत किया।मंच पर मौजूद अतिथियों ने धार्मिक आयोजन के साथ सा माजिक जागरूकता को जोड़ने के प्रयास पर अप ने विचार रखे।भंडारे में श्रद्धालुओं को पूड़ी-सब्जी, दाल-छोले के साथ बूंदी और हलवे का प्रसाद परो सा गया।प्रसाद



भंडारे से संस्कृति तक, मंच पर दिखी धार्मिक रंगत

कार्यक्रम में पहुंचे मेहनौन विधायक विनय द्विवेदी ने कहा कि भंडारे के साथ गीत,नृत्य और झांकियों का आयोजन श्रद्धालुओं को धार्मिक आस्था के सा थ लोक संस्कृति से जोड़ता है।उन्होंने एसोसिएशन के आयोजन को सामाजिक जागरूकता और सां स्कतिक चेतना से जोड़ने वाला प्रयास बताया, का र्य क्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,जिला गन्ना अधिकारी समेत कई अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।...ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के मण्डल और जनपदीय इकाई के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में पत्रकार शामिल हुए।कजरी तीज की आस्था के बीच पूरा परिसर भंडारे, भक्ति और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से गुल जार रहा।

लेने के लिए लोगों की आवाजाही बनी रही।.वहीं बाहर से आई नृत्य पार्टी ने धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।गीत,नृत्य और नाट्य मंचन के दौरान परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ जु टी रही।

ट्राली से नीचे गिरा कांवड़िया, पहिया चढ़ने से गई जान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । थाना तरबगंज क्षेत्र के गोंडा बेलसर मार्ग पर रविवार रात करीब 11 बजे सम्मय माता मंदिर के सामने ट्राली से गिरने से कांवड़िया की मौत हो गई घटना के बाद चालक ट्रैक्टर ट्राली लेकर भाग नि कला।बताया जा रहा है कि रविवार रात करीब 11 बजे उमरी बेगमगंज के नरसडा का नीरज यादव (17) पुत्र राम प्रकाश यादव निवासी सरयू नदी से जल लेकर गोंडा दुखहरन नाथ मंदिर जलाभिषेक करने ट्रैक्टर ट्रॉली जा



रहा था।चौकी प्रभारी रगड़ गंज राकेश कुमार पांडेय ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली पर डीजे लगा था।लोग नाच गाना करते हुए जा र हे थे। अचानक नीरज का बैलेंस बिगड़ गया और नीचे गिर गया।ट्राली के पहिये के नीचे आने से नी रज की मौके पर ही मौत हो गई। चौकी प्रभारी ने बताया कि मृतक की मां रीता यादव ने ट्रैक्टर चा लक के खिलाफ तहरीर दी है।..जांच करके आगे की कार्रवाई की जाएगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर सत पाल सोनकर ने बताया रात में नीरज यादव को सी एचसी पर लाया गया था लेकिन उसकी मौत पहले ही हो चुकी थी।

प्रिंस शर्मा हत्याकांड में विकास और कारणदीप के बाद ननकन गिरफ्तार

फरार कुलदीप की तलाश में नवाबगंज पुलिस की तीन टीमें दे रही दबिश

गोंडा । नवाबगंज थाना क्षेत्र के 18 वर्षीय प्रिंस शर्मा हत्याकांड में पुलिस ने फरार चल रहे तीसरे आरो पी सुरेंद्र कुमार उर्फ ननकन को गिरफ्तार कर लि या है,पुलिस के अनुसार,सोमवार शाम करीब साढ़े चार बजे आरोपी को उसके घर रामपुर भगाही से पकड़ा गया।मेडिकल परीक्षण के बाद उसे न्याया लय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।पुलिस के मुताबिक, मामले में विकास और कारणदीप को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।अब कुल तीन आरोपी जेल पहुंच चुके हैं।वहीं,चौथा आरोपी कुलदीप अ भी फरार है।उसकी गिरफ्तारी के लिए नवाबगंज पुलिस की तीन टीमें अलग-अलग स्थानों पर दबि श दे रही हैं।घटना 12 अगस्त की शाम करीब छह बजे की बताई गई है।पुलिस के अनुसार, प्रिंस को उसके दोस्त और आरोपी घर से बुलाकर ले गए थे।आरोप है कि रास्ते में चलती गाड़ी से उसे ध क्का दे दिया गया,जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद शव को मोटरसाइकिल से घर से करीब एक किलोमीटर दूर ले जाकर फेंके जाने की बात सामने आई।पुलिस इसे घटना को सड़क हादसे का रूप देने की कोशिश के तौर पर जांच रही है। नवाबगंज थाना प्रभारी अभय सिंह ने बताया कि एक आरोपी अभी फरार है और उसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं पुलिस का कहना है कि मामले में साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और परिजनों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं।विवेचना पूरी होने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया जाएगा।

सीएम डैशबोर्ड व आईजीआरएस संदर्भों की हुई समीक्षा बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों, सीएम डैशबोर्ड एवं आईजीआरएस संदर्भों की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंत की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा निस्तारित किए गए संदर्भों की कार्रवाई का प्रभावी अनुश्रवण करते हुए रैंकिंग में सुधार लाया जाए, ताकि जनपद की रैंकिंग प्रभावित न हो। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने स्तर पर नियमित समीक्षा करने तथा यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि जनसंतुष्टि का प्रतिशत किसी भी दशा में कम न होने पाए।

सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा के दौरान सीडीओ ने संबंधित अधिकारी को संतुष्टी व असंतुष्टी की आख्या साथ में लाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सम्बन्धित विभागों को जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की मीटिंग कराये जाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों



से कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित की जाए तथा लंबित प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए। साथ ही विभागीय योजनाओं की नियमित समीक्षा करते हुए कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डीएफओ बहराइच सुन्दरेशा, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार, डीईएसटीओ घासीराम, उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

सेमरौता में अघोषित बिजली कटौती से खफा सपाइयों ने किया पावर हाउस का घेराव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । विद्युत उपकेन्द्र सेमरौता क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से खफा समाजवादी पार्टी के विधान सभा क्षेत्र तिलोई के पूर्व प्रत्याशी मोहम्मद नईम ने सोमवार को सैकड़ों सपा नेताओं कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ विद्युत उपकेंद्र सेमरौता पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने विभाग के खिलाफ नाराजगी जताते हुये बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार की मांग की। सपा नेता मोहम्मद नईम के संयोजकत्व में विद्युत उपकेन्द्र सेमरौता पहुंचे सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कहा कि अघोषित कटौती के कारण उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है रात में बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है और किसानों, व्यापारियों, विद्यार्थियों और घरेलू उपभोक्ताओं को भी परेशानी उठानी पड़ रही है।प्रदर्शन के दौरान एसडीओ आशुतोष गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर



क्षेत्र में निर्धारित रोस्टर के अनुसार बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने तथा अघोषित कटौती पर रोक लगाने की मांग की गई। सपा नेता मोहम्मद नईम ने कहा कि समस्या का शीघ्र समाधान नही हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जायेगा और एक सप्ताह बाद मोहनगंज कार्यालय पर बड़े पैमाने पर घेराव कर प्रदर्शन किया जायेगा।विद्युत विभाग के एसडीओ आशुतोष गुप्ता ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार कर एक सप्ताह के अंदर व्यवस्था दुरुस्त करने का प्रयास किया जायेगा।एसडीओ के आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ।इस मौके पर समाजवादी पार्टी के तिलोई विधानसभा अध्यक्ष राम प्रसाद यादव,भुवनेश प्रताप सिंह, अखिलेश तिवारी, विकास यादव, विक्रम सिंह, मोहम्मद मुस्लिम, आशाराम पासी,राजकुमार पाल,सचिन मिश्रा,बब्बन सिंह, धीरेन्द्र प्रताप सिंह,बब्बन सिंह,राकेश यादव,आनंद कुमार,विजय कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

व्यापार मंडल में संजय गुप्ता महामंत्री और दीपक अग्रवाल कोषाध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। माधोटांडा रोड स्थित अमोल ओकजन हॉल में रविवार रात उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की नगर कार्यकारिणी की बैठक हुई नगर अध्यक्ष हाजी मोहम्मद जाहिद खान की संस्तुति पर पूरनपुर सर्राफा संघ के अध्यक्ष संजय गुप्ता को नगर महामंत्री और प्रतिष्ठित दवा व्यापारी दीपक अग्रवाल को नगर कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया दोनों पदों पर सर्वसम्मति से मनोनयन के बाद संगठन के पदाधिकारियों और व्यापारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं दीं संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी, प्रदेश मंत्री विजय पाल सिंह 'विक्की', प्रदेश मंत्री नवीन अग्रवाल तथा जिला संगठन मंत्री एवं वरिष्ठ समाजसेवी अशोक खंडेलवाल की मौजूदगी में दोनों को मनोनयन पत्र सौंपे गए वक्ताओं ने



सर्वसम्मति से मिली जिम्मेदारी, नवनियुक्त पदाधिकारियों का व्यापारियों ने किया विजय पाल सिंह 'विक्की' को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

उम्मीद जताई कि संजय गुप्ता और दीपक अग्रवाल अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करते हुए व्यापारी हितों की आवाज को मजबूती देंगे वही जाहिद खान ने बैठक में संगठन की एकजुटता और व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने पर भी चर्चा की हर सुख दुःख मे दिन रात पूरी मजबूती से खड़े होने का विश्वास दिलाया नवनियुक्त महामंत्री संजय गुप्ता और कोषाध्यक्ष दीपक अग्रवाल ने संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी पर आभार जताते हुए व्यापारी हित में सक्रियता से काम करने का भरोसा दिलाया कार्यक्रम के दौरान प्रदेश मंत्री विजय पाल सिंह 'विक्की' के 70 साल बाद मकान खाली करने और चांदी की प्लेट में चाबी सौंपने के कदम की सराहना की गई संगठन की ओर से उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर राजेंद्र आर्य, सुलभ खंडेलवाल, गौरव पांडेय, विजय नागी, संजय पांडेय, राजू खंडेलवाल, सुधाकर पांडेय, अवनीश अवस्थी, फारुख आढ़ती, केशव चंद्र बजाज, सुरेंद्र अग्रवाल, विजय खुराना, वीरेंद्र जायसवाल, भुवनेश अग्रवाल, आशीष रस्तोगी, अमित खंडेलवाल, संदीप खंडेलवाल, सलमान खान, बलराम प्रजापति, मुकेश वर्मा, सतीश वर्मा, पुनीत पांडेय, सुनील खंडेलवाल, राजेंद्र खंडेलवाल, संदीप खंडेलवाल 'जॉली', राजेश गुप्ता, राहुल जायसवाल, दानिश कुरैशी, भीम सिंह, मुजफ्फर खान, सुमित सचदेवा, हरदीप सिंह, सोनू छीना, अमोल सिधे, सौरभ पांडेय, रविंद्र भारद्वाज, संजीव गुप्ता, संजय सक्सेना, संजय पाण्डेय, सुशील सक्सेना, विश्वास समेत बड़ी संख्या में व्यापारी और संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे हैं।

गोयल कॉलोनी की महिलाओं के बीच पहुंची ब्लॉक प्रमुख प्रशासक सुनी समस्याएं



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। विकासखंड मरौरी की ग्राम पंचायत गोयल कॉलोनी एवं माला कॉलोनी में ब्लॉक प्रमुख प्रशासक सभ्यता वर्मा पहुंचीं। उन्होंने वहां ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं की समस्याएं सुनीं।सभ्यता वर्मा ने ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए तत्काल संबंधित अधिकारियों को फोन कर समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे।इस दौरान उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी और पात्र लोगों को आवेदन करने के लिए प्रेरित किया।महिलाओं ने नाली, खड़ंजा, आवास और शौचालय से संबंधित समस्याएं रखीं, जिन पर ब्लॉक प्रमुख ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया।इस मौके पर मुख्य रूप से दुलाली सरकार, दीपाली सरकार, पूजा मित्रा, त्रिवेणी वेद, बबीता दास, उषा मिर्धा, निकिता कुमारी, ममता दास सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

राहुल गांधी को हाईकोर्ट से झटका, वॉइस सैंपल अर्जी खारिज

सुल्तानपुर। अमित शाह पर टिप्पणी से जुड़े मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने राहुल गांधी की वॉइस सैंपल से जुड़ी अर्जी को खारिज कर दिया है।

मामला 2018 का है। कर्नाटक चुनाव प्रचार के दौरान राहुल गांधी ने गृहमंत्री अमित शाह पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसको लेकर भाजपा नेता विजय मिश्रा ने सुल्तानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया था, जो तब से विचाराधीन है। बताया जा रहा है कि इस केस में राहुल गांधी की ओर से वॉइस सैंपल को लेकर निचली अदालत में अर्जी दी गई थी। अदालत के फैसले के खिलाफ वादी एवं तत्कालीन भाजपा उपाध्यक्ष विजय मिश्रा की तरफ से हाईकोर्ट में चुनौती दी गई, लेकिन हाईकोर्ट ने अर्जी खारिज कर दी। अब एमपी-एमएलए कोर्ट में इस मामले की अगली सुनवाई 16 सितंबर को होगी।

सशस्त्र सेना बल के जवान की गोली लगने से मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुड़वार/सुल्तानपुर। शाम को बेटे से बात करके सोए पिता को क्या पता था कि उसे सुबह सो कर उठते ही बेटे की मौत हो जाने की खबर मिलेगी। जवान बेटे की मौत से पिता की आँखें नम है। पिता की पथराई आंखे बेटे के अंतिम दर्शन को आतुर है। मामला स्थानीय थाना क्षेत्र के नेवरा खादर बसंतपुर गांव से जुड़ा है। गांव निवासी बलराम तिवारी के सबसे छोटे पुत्र आनंद प्रकाश तिवारी(33) सशस्त्र सीमा बल में हवलदार के पद पर छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के कुहचे अंतागढ़ में 28 वीं वाहिनी एसएसबी में तैनात है। पिता के अनुसार रविवार देर शाम उनकी बेटे से बात हुई थी। सोमवार भोर में पिता के पास फोन आया कि सुबह 05.20 पर आनंद की गोली लगने से मौत हो गई। अचानक मिली सूचना से पिता अवाक हो गए।काफी देर तक तो उन्हें घटना पर विश्वास ही नहीं हो रहा था। लेकिन अन्य



सोमवार को भोर में छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के अंतापुर कैंप की घटना

कुड़वार थाना क्षेत्र के नेवरा गांव निवासी है जवान आनंद तिवारी

विभागीय अधिकारियों से बात होने के बाद उनका मन मानने को तैयार हुआ। बता दे कि बलराम तिवारी के तीन पुत्र रवि प्रकाश तिवारी, वेद प्रकाश तिवारी व आनंद प्रकाश तिवारी थे। सबसे छोटे बेटे आनंद लगभग 15 वर्ष पहले सशस्त्र सीमा सुरक्षा बल में देश सेवा करने चले गए। पिछले करीब 02 वर्षों से आनंद छत्तीसगढ़ प्रांत के कांकेर जिले के अंतागढ़ में तैनात थे। इनकी पत्नी प्रियंका तिवारी इकलौते बेटे अनुभव तिवारी (16) के साथ चंडीगढ़ में निजी मकान में रहती है जो 11 वी का छात्र है।घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।वृद्ध मां राजेश्वरी देवी सहित परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है। आनंद के पिता ने बताया कि बेटे के कमांडेट द्वारा जानकारी दी गई है कि रात 08 बजे उनका पार्थिव शरीर फ्लाइट से लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेगा।जहां से सीधे घर के लिए रवाना होगा। प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि सशस्त्र सेना बल के जवान की मौत की सूचना परिजनो द्वारा दी गई।अभी तक विभागीय कोई सूचना नहीं मिली है।

भव्य श्री शिव महापुराण कथा में सम्मिलित हुईं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल

रायबरेली। चड़रई टोल प्लाजा, निकट बाबूगंज, ऊँचाहार में आयोजित भव्य श्री शिव महापुराण कथा के पावन अवसर पर राज्यपाल, उत्तर प्रदेश आनंदीबेन पटेल ने सम्मिलित होकर व्यासपीठ पर विराजमान सुविख्यात कथावाचक परम पूज्य पं0 प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से श्री शिव महापुराण कथा का श्रवण किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर कथा स्थल पर साधु-संतों की गरिमामयी उपस्थिति के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग, उत्तर प्रदेश मनोज कुमार पाण्डेय द्वारा राज्यपाल का साल एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज यहां उपस्थित होकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने कहा कि जब भी उन्हें समय मिलता था, तब वह टीवी के माध्यम से परम पूज्य पं प्रदीप मिश्रा की कथा का श्रवण करती थीं। आज प्रत्यक्ष रूप से इस पावन स्थल पर उपस्थित होकर उनकी कथा सुनने तथा आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर मिला, यह उनके लिए अत्यंत सुखद एवं सौभाग्य का विषय है।

गणेश चतुर्थी पर नगर में निकली शोभायात्रा, चेयरमैन रहे उपस्थित



पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर में गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पूरा नगर गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंज उठा।शोभायात्रा का शुभारंभ नगर के मुख्य मंदिर से हुआ, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए निकली। शोभायात्रा में भगवान गणेश की सुंदर झांकी सजाई गई थी, जिसे देखने के लिए सड़कों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। डीजे की धुन पर युवा नाचते-गाते चल रहे थे।इस शोभायात्रा में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे हैं।उन्होंने शोभायात्रा में शामिल होकर भगवान गणेश की आरती की और नगरवासियों को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दीं।चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन हमारी संस्कृति को जीवंत रखते हैं और समाज में एकता का संदेश देते हैं।इस अवसर पर नगर के गणमान्य लोग, सभासद और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए कस्बा चौकी इंचार्ज जयप्रकाश भारती अपनी टीम के साथ तैनात रहे हैं।

पीएम श्री विद्यालय में हिंदी दिवस पर हुई चर्चा



पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। खंड शिक्षा कार्यालय मरौरी के अंतर्गत स्थित पीएम श्री विद्यालय गणेशपुर गोटिया में हिंदी दिवस के अवसर पर चर्चा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में शिक्षकों और बच्चों ने हिंदी भाषा के महत्व पर अपने विचार रखे। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रजनी जौहरी ने बताया कि 14 सितंबर 1949 को हिंदी को भारत की राजभाषा घोषित किया गया था, इसलिए हर वर्ष इस दिन को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है।परिचर्चा के दौरान बच्चों को बताया गया कि हिंदी हमारी मातृभाषा है और यह पूरे देश को एकता के सूत्र में बांधती है। आज के दौर में अंग्रेजी के बढ़ते प्रभाव के बीच हिंदी को बचाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और पहचान है। परिचर्चा में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे है।

विश्वकर्मा जयंती पर होगा भव्य सम्मेलन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ नेता एवं ओबीसी महासभा के प्रदेश सचिव संतराम विश्वकर्मा ने बताया कि हर वर्ष पूरनपुर विधानसभा स्तर पर समाज के वरिष्ठ नेताओं के द्वारा विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष में बड़ा भव्य सम्मेलन का आयोजन किया जाता था लेकिन समाज के वरिष्ठ नेताओं के द्वारा निर्णय लिया गया की इस वर्ष भगवान विश्वकर्मा जयंती 17 सितंबर को पूरे हर्षोल्लास के साथ शहर में बल्कि गांव-गांव, बस्ती-बस्ती में मनाई जाएगी।उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के प्रथम शिल्पकार, वास्तुकार और इंजीनियर हैं। उन्हीं के आशीर्वाद से लोहार, बढ़ई, कारीगर, मिस्त्री और तकनीकी क्षेत्र से जुड़े सभी श्रमवीरों को हुनर और रोजगार मिलता है। लेकिन आज की युवा पीढ़ी अपने गौरवशाली इतिहास और भगवान विश्वकर्मा के योगदान को भूलती जा रही है।इसलिए समाज ने यह निर्णय लिया है कि इस बार जयंती का आयोजन केवल शहर तक सीमित न रखकर हर गांव में किया जाएगा। इस अवसर पर ओबीसी समाज के हक-अधिकार, शिक्षा और रोजगार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष चर्चा की जाएगी तथा समाज को संगठित होने का आह्वान किया जाएगा।संतराम विश्वकर्मा ने कहा, हमारा उद्देश्य केवल जयंती मनाना नहीं है, बल्कि अपने समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है। जब तक गांव में बैठा विश्वकर्मा समाज का भाई जागरूक नहीं होगा, तब तक समाज मजबूत नहीं होगा।

परिषदीय विद्यालय में हिंदी दिवस पर आयोजित हुए कई कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। विकासखंड मरौरी की ग्राम पंचायत मुंडेला खुर्द में स्थित कम्पोजिट विद्यालय के बच्चों ने बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया।इस अवसर पर बच्चों ने भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की। बच्चों ने गणपति बप्पा के जयकारे लगाए और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय को फूलों और रंगोली से सजाया गया था।विद्यालय की शिक्षा का पूनम सहगल ने बच्चों को गणेश चतुर्थी के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश बुद्धि और समृद्धि के देवता हैं और किसी भी शुभ कार्य से पहले उनकी पूजा की जाती है।बच्चों ने गणेश जी के भजन गाए इस दौरान पूरा विद्यालय परिसर गणपति बप्पा



मोरया के जयकारों से गूंज उठा।कार्यक्रम में विद्यालय का स्टाफ और बच्चे उपस्थित रहे। शिक्षकों ने बच्चों को त्योहारों के सांस्कृतिक महत्व को समझाते हुए आपसी भाईचारे का संदेश दिया है।

सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ की मंडल कार्यकारिणी गठित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ, सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश का मंडल अधिवेशन शनिवार को पं. राम नरेश त्रिपाठी सभागार में आयोजित किया गया। अधिवेशन की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अयोध्या ई. शोभित कुमार ने की। कार्यक्रम का संचालन ई. केकेओ सिंह चौहान तथा संयोजन वरिष्ठ उपाध्यक्ष ई. शिवपूजन ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांतीय अध्यक्ष ई. जितेंद्र श्रीवास्तव सहित संघ के पदाधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलन एवं महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। अधिवेशन में संगठन की विभिन्न गतिविधियों, कर्मचारियों की समस्याओं तथा संगठन को मजबूत करने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया पूरी की गई। ई. श्रवण कुमार, प्रांतीय



उपाध्यक्ष को निर्वाचन अधिकारी तथा ई. हंसराज, मंडल अध्यक्ष देवीपाटन मंडल को सहायक निर्वाचन अधिकारी घोषित किया गया। चुनाव उपरांत नई मंडल कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में ई. योगेश कुमार को मंडल अध्यक्ष, ई. मनोज कुमार गुप्ता को मंडल उपमहासचिव, ई. एन. राम को मंडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ई. आशीष कुमार यादव को मंडल उपाध्यक्ष, ई. नीरज कुमार वर्मा को मंडल संगठन सचिव, ई. अनिल श्रीवास्तव को मंडल वित्त सचिव तथा ई. आदर्श कुमार गुप्ता को मंडल प्रचार सचिव चुना गया। ई. विजय शर्मा को लेखा समीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई। अधिवेशन में मंडलीय एवं जनपदीय संगठन के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती तथा कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रभावी ढंग से कार्य करने का संकल्प लिया।

परिषदीय विद्यालय के बच्चों ने बड़े ही धूमधाम से मनाई गणेश चतुर्थी

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड मरौरी की ग्राम पंचायत मुंडेला खुर्द में स्थित कम्पोजिट विद्यालय के बच्चों ने बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया।इस अवसर पर बच्चों ने भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की। बच्चों ने गणपति बप्पा के जयकारे लगाए और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय को फूलों और रंगोली से सजाया गया था।विद्यालय की शिक्षा का पूनम सहगल ने बच्चों को गणेश चतुर्थी के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश बुद्धि और समृद्धि के देवता हैं और किसी भी शुभ कार्य से पहले उनकी पूजा की जाती है।बच्चों ने गणेश जी के भजन गाए इस दौरान पूरा विद्यालय परिसर गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंज उठा।कार्यक्रम में विद्यालय का स्टाफ और संध्या प्रिया,लक्ष्मी,अरुण, अजित,नंदनी,सेजल वीरा. उजाला सहित अन्य बच्चे उपस्थित रहे। शिक्षकों ने बच्चों को त्योहारों के सांस्कृतिक महत्व को समझाते हुए आपसी भाईचारे का संदेश दिया है।इसके उपरांत हिंदी दिवस भी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया है। हिंदी की अध्यापिका पूनम सहगल ने बच्चों को पुरस्कार वितरण किए हैं।

बारकोट में हरतालिका तीज की पूर्व संध्या पर आयोजित जबाबी कीर्तन में उमड़ा जनसैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी । विकास खण्ड की ग्राम पंचायत बारकोट स्थित बाबा बालेश्वर मंदिर प्रांगण में हरतालिका तीज की पूर्व संध्या पर भव्य जबाबी कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रोताओं ने जबाबी कीर्तन का लुत्फ उठाया।आयोजन समिति द्वारा क्षेत्र के सम्भ्रांत नागरिकों समेत जनप्रतिनिधियों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया।जबाबी कीर्तन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि पर्व एवं त्यौहारों पर इस तरह के आयोजन हमें भाईचारे की सीख देते हैं और इनसे हमें बहुत कुछ सीखने को भी मिलता है।कार्यक्रम के आयोजक शैलेन्द्र त्रिवेदी, बाल गोबिंद सिंह चौहान, राज करन उपाध्याय ने मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख



तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह व विशिष्ट अतिथि बबलू सिंह का फूल मालाओं से स्वागत किया।आयोजन समिति द्वारा क्षेत्र के सम्भ्रांत नागरिकों, ग्राम प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों को भी अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया है। हरतालिका तीज की पूर्व संध्या पर आयोजित जबाबी कीर्तन में रणजीत राज प्रयागराज एवं सचदेवा भारती कानपुर के मध्य शानदार मुकाबला हुआ जिसकी श्रोताओं ने खूब सराहना की।इस मौके पर प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार तिवारी, समाज सेवी रोहित सिंह,जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र भारती, ग्राम प्रधान रमेश पासी, पंकज सिंह, संतोष तिवारी, गुडडू मिश्रा, मोनू जायसवाल, बबलू मिश्रा, शिवा सिंह चौहान सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

बाइसवीं राष्ट्रीय मास्टर तैराकी चैंपियनशिप में अमेठी के राम आसरे यादव ने जीता कांस्य पदक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जनपद अमेठी के लिये गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुये जिला खेल कार्यालय में कार्यरत जीवन रक्षक राम आसरे यादव ने बाइसवीं राष्ट्रीय मास्टर तैराकी चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। उपक्रीड़ाधिकारी अरविंद सिंह कुशवाहा ने बताया कि ग्यारह से तेरह सितंबर तक हरियाणा के बहादुरगढ़ में आयोजित बाइसवीं राष्ट्रीय मास्टर तैराकी चैंपियनशिप में राम आसरे यादव ने दो सौ मीटर इंडिविजुअल मेडले (आई.एम.) स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया।उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पदक जीतना जनपद अमेठी के लिए गर्व का विषय है।उनकी इस उपलब्धि से जिला खेल कार्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा



खिलाड़ियों में हर्ष और उत्साह का माहौल है। उपक्रीड़ाधिकारी ने राम आसरे यादव को इस उल्लेखनीय सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कहा कि उनकी यह उपलब्धि जनपद के युवा खिलाड़ियों को खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी।

हिंदी दिवस पर परिषदीय विद्यालयों में गूंजा हिंदी का गौरव

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। हिंदी दिवस पर जनपद के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों में हिंदी भाषा के प्रति प्रेम, जागरूकता एवं अभिरुचि विकसित करने के उददेश्य से विविध कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यालयों में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुये निबंध लेखन, पठन, सुलेख, कविता पाठ, कहानी लेखन एवं भाषण सहित विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को हिंदी भाषा की समृद्धि, उपयोगिता एवं महत्व से परिचित कराया गया।विद्यार्थियों ने सुंदर एवं शुद्ध लेखन के साथ साथ अपने विचारों को प्रभावी ढंग से अभिव्यक्त करने की क्षमता का भी प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत एवं सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। बीएसए ने बताया कि विद्यालयों में आयोजित इन गतिविधियों का उददेश्य केवल प्रतियोगिता तक सीमित न रहकर बच्चों में भाषायी कौशल, रचनात्मकता, स्वतंत्र अभिव्यक्ति, पठन संस्कृति एवं हिंदी के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को हिंदी के नियमित पठन पाठन तथा दैनिक जीवन में शुद्ध एवं प्रभावी हिंदी के प्रयोग के लिये प्रेरित किया। सिंहपुर विकास क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय रामपुर टेढ़ई में प्रधानाध्यापक ओंकार पाण्डेय द्वारा हिंदी सुलेख प्रतियोगिता आयोजित कराई गई जिसमें बालक बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। इसके साथ ही पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय बढोली जगदीशपुर सहित अन्य तमाम विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किये गये।

सम्पादकीय

ब्रिक्स को अब घोषणाओं नहीं, परिणामों की कसौटी पर उतरना होगा

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का समापन ऐसे समय हुआ है, जब इस संगठन से दुनिया की अपेक्षाएं पहले से कहीं अधिक बढ़ गई हैं। कभी उभरती अर्थव्यवस्थाओं के मंच के रूप में देखा जाने वाला ब्रिक्स अब वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक व्यवस्था में प्रभावशाली आवाज बन चुका है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह आह्वान कि शिखर सम्मेलन में लिए गए फैसलों को समयबद्ध कार्रवाई और अंतिम छोर तक प्रभाव से जोड़ा जाए, महज एक औपचारिक संदेश नहीं, बल्कि संगठन के सामने खड़ी सबसे बड़ी चुनौती की ओर संकेत है। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में घोषणाएं करना आसान है, लेकिन उन्हें जमीन पर उतारना कठिन। नई दिल्ली घोषणा पत्र में नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यापार, वैश्विक संस्थाओं में सुधार, संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान और सदस्य देशों के बीच सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी है। अब सवाल यह है कि इन संकल्पों का वास्तविक परिणाम कब और कितना दिखाई देगा? ब्रिक्स के सामने सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों में वैश्विक संस्थाओं में सुधार शामिल है। विश्व की आर्थिक और राजनीतिक परिस्थितियां तेजी से बदली हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की संरचना अभी भी काफी हद तक पुराने शक्ति संतुलन को प्रतिबिंबित करती है। एशिया, अफ्रीका और अन्य विकासशील देशों की बढ़ती आर्थिक भूमिका को देखते हुए वैश्विक निर्णय प्रक्रिया में उन्हें अधिक प्रभावी प्रतिनिधित्व मिलना समय की मांग है। ब्रिक्स इस मुद्दे पर साझा आवाज को मजबूत कर सकता है, लेकिन इसके लिए सदस्य देशों को अपने मतभेदों से ऊपर उठकर ठोस रणनीति बनानी होगी। दूसरी बड़ी चुनौती वैश्विक व्यापार की है। संरक्षणवाद, व्यापारिक तनाव और आपूर्ति शृंखला में अस्थिरता ने दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित किया है। ब्रिक्स देशों के बीच व्यापार और निवेश बढ़ाने की पर्याप्त संभावनाएं हैं। जरूरत इस बात की है कि इन्हें केवल संभावनाओं तक सीमित न रखा जाए, बल्कि आसान, पारदर्शी और स्थिर व्यापार व्यवस्था विकसित की जाए। इसका लाभ छोटे कारोबारियों, किसानों, उद्योगों और युवाओं तक पहुंचना चाहिए। दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में जारी संघर्ष भी वैश्विक अर्थव्यवस्था और शांति के लिए गंभीर चुनौती हैं। युद्ध का असर सीमाओं के भीतर नहीं रहता; ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा, महंगाई और व्यापार सभी प्रभावित होते हैं। इसलिए संवाद और शांतिपूर्ण समाधान पर ब्रिक्स का जोर महत्वपूर्ण है। लेकिन शांति की अपील तभी प्रभावी होगी, जब संगठन अपने प्रभाव का इस्तेमाल वास्तविक कूटनीतिक प्रयासों के लिए भी करे। प्रधानमंत्री मोदी का ब्रिक्स को 'समाधानों का इकोसिस्टम' बनाने का विचार इसलिए महत्वपूर्ण है। स्वास्थ्य, शिक्षा, ऊर्जा, तकनीक, जलवायु और आर्थिक सहयोग जैसे क्षेत्रों में साझा परियोजनाएं यदि धरातल पर उतरती हैं तो ब्रिक्स की उपयोगिता कई गुना बढ़ सकती है। किसी संगठन की सफलता समझौतों और घोषणाओं की संख्या से नहीं, बल्कि उन समझौतों से आम लोगों को मिलने वाले लाभ से तय होती है। यही वजह है कि 'लास्ट-माइल इम्पैक्ट' सबसे महत्वपूर्ण कसौटी बन जाता है। ब्रिक्स की नीतियां यदि किसान, युवा, छोटे उद्यमी और आम नागरिक के लिए अवसर पैदा नहीं करतीं तो वैश्विक मंच पर उसकी बड़ी-बड़ी घोषणाओं का अर्थ सीमित रह जाएगा। नई दिल्ली शिखर सम्मेलन ने दिशा दिखाई है। अब असली परीक्षा उस दिशा में आगे बढ़ने की है। ब्रिक्स की बढ़ती वैश्विक भूमिका को ठोस उपलब्धियों में बदलना ही उसकी अगली बड़ी जिम्मेदारी है। फैसले हों, समयसीमा तय हो और उनका असर जमीन पर दिखाई दे– यही नई दिल्ली शिखर सम्मेलन की सबसे बड़ी कसौटी होगी।

सचिवालय से संगठन तक सुशासन की नई रेस में देश में सबसे आगे भाजपा शासित राज्य

उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान इस प्रयोग में अलग-अलग मॉडल लेकर सामने हैं। कहीं समय की सीमा टूट रही है, कहीं तकनीक शिकायत का पीछा कर रही है, कहीं संगठन मंत्री के साथ बैठ रहा है और कहीं राजधानी से बाहर जाकर सरकार जनता तक पहुंच रही है। इस प्रतिस्पर्धा का सीधा असर नौकरशाही की जवाबदेही और आम नागरिक की सरकार तक पहुंच पर पड़ रहा है। दरअसल, इस संबंध में 'स्वदेश' की पड़ताल ने भाजपा बनाम अन्य राज्यों की तुलना में एक अलग ही तस्वीर भारत के राज्यों की पेश की है।

भारतीय राजनीति में सत्ता के केंद्र बदल रहे हैं। कभी आम नागरिक की शिकायत का रास्ता गांव से तहसील, जिला और फिर सचिवालय तक जाता था, अब भाजपा शासित राज्यों में सरकार को संगठन के दरवाजे तक लाने का प्रयोग तेजी से आकार ले रहा है। प्रदेश भाजपा कार्यालयों में मंत्रियों की मौजूदगी, सीधे शिकायत सुनना, अधिकारियों को मौके पर फोन और डिजिटल पोर्टल पर शिकायत की निगरानी ने जनसुनवाई को राजनीतिक कार्यक्रम से आगे शासन के नए औजार में बदल दिया है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान इस प्रयोग में अलग-अलग मॉडल लेकर सामने हैं। कहीं समय की सीमा टूट रही है, कहीं तकनीक शिकायत का पीछा कर रही है, कहीं संगठन मंत्री के साथ बैठ रहा है और कहीं राजधानी से बाहर जाकर सरकार जनता तक पहुंच रही है। इस प्रतिस्पर्धा का सीधा असर नौकरशाही की जवाबदेही और आम नागरिक की सरकार तक पहुंच पर पड़ रहा है। दरअसल, इस संबंध में 'स्वदेश' की पड़ताल ने भाजपा बनाम अन्य राज्यों की तुलना में एक अलग ही तस्वीर भारत के राज्यों की पेश की है। लोकतंत्र में सरकार चुनने के बाद नागरिक की सबसे बड़ी परेशानी अक्सर अपनी समस्या को सही अधिकारी तक पहुंचाना होती है। फाइलों की लंबी प्रक्रिया, दफ्तरों के चक्कर और स्थानीय स्तर पर सुनवाई में देरी इस दूरी को और बढ़ाती है। भाजपा शासित राज्यों में पार्टी कार्यालयों में मंत्रियों की नियमित जनसुनवाई ने इस पारंपरिक व्यवस्था के समानांतर एक सीधा राजनीतिक संपर्क तंत्र खड़ा किया है। मंत्री सचिवालय की औपचारिक व्यवस्था से बाहर निकलकर संगठन कार्यालय में बैठते हैं और आम नागरिक, कार्यकर्ता, किसान या जरूरतमंद व्यक्ति सीधे अपनी शिकायत सामने रखता है। इससे सरकार और संगठन के बीच संवाद भी बढ़ता है और जमीनी स्तर से आने वाली समस्याओं का फीडबैक सीधे सत्ता के शीर्ष तक पहुंचता है। दूसरी ओर गैर भाजपा शासित राज्य हैं, इन राज्यों में मंत्रियों के नियमित रूप से पार्टी दफ्तरों में बैठने का चलन नहीं है। यहाँ की व्यवस्था मुख्य रूप से सचिवालय, मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) और सरकारी पोर्टलों पर केंद्रित है।आम आदमी पार्टी (पंजाब-दिल्ली): 'आप' का मुख्य ध्यान 'सरकार आपके द्वार' या 'जनता मिलनी' जैसे कार्यक्रमों पर रहता है। कांग्रेस शासित राज्य (कर्नाटक-हिमाचल), यहाँ पारंपरिक व्यवस्था लागू है, जिसमें मुख्यमंत्री और मंत्री अपने सरकारी आवास या सचिवालय में जनता दरबार लगाते हैं। दक्षिण व वामपंथी राज्य (केरल-तमिल नाडु) में पंचायती राज व्यवस्था है, पर भाजपा जैसा तकनीकि मॉडल अब तक विकसित नहीं हुआ है। तमिल नाडु में 'आपके निर्वाचन क्षेत्र में मुख्यमंत्री' अभियान के तहत सीधे जिलों में शिकायत शिविर लगाए जाते हैं। उधर तकनीकि का भरपूर उपयोग करने के कारण मध्य प्रदेश (जैसे डिजिटल लिंकेज) और उत्तर प्रदेश (ऑन-द-स्पॉट फोन कॉल्स) के मॉडलों में शिकायतों के निपटारे की दर अधिक है। चूंकि यहाँ आवेदन सीधे सरकारी तंत्र (जैसे सीएम हेल्पलाइन) में दर्ज हो जाते हैं, इसलिए अधिकारियों के पास निश्चित समय-सीमा होती है। इस पैमाने पर भाजपा शासित राज्यों का 'सहयोग सेल' मॉडल अधिक परिणामोन्मुखी दिखाई देता है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश ने इस व्यवस्था को बड़े पैमाने पर जनसंपर्क का माध्यम बनाया है। लखनऊ स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय में मंत्रियों के बैठने का निर्धारित समय सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक है। मगर बड़ी संख्या में फरियादियों के पहुंचने पर यह समय सीमा लगातार चार से छह घंटे तक पहुंच जाती है। संदेश यह है कि राजधानी तक पहुंचे किसी भी यूपी वासी को समय पूरा होने का हवाला देकर वापस नहीं लौटाया जाता। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में इस जनसुनवाई के दौरान प्रति माह करीब 4,500 से 5,000 लोग पहुंचते हैं। ऑन-द-स्पॉट निवारण दर यूपी की 75 प्रतिशत तक सामने आई है। उत्तर प्रदेश मॉडल की सबसे प्रभावी तस्वीर तब दिखाई देती है जब मंत्री शिकायत सुनने के बाद संबंधित जिले के जिलाधिकारी या पुलिस अधीक्षक से सीधे फोन पर बात करते हैं। जमीन पर कब्जे, भूमि विवाद, पुलिस में सुनवाई न होने अथवा प्रशासनिक लापरवाही जैसी शिकायतों पर तत्काल निर्देश देने की कोशिश की जाती है। इस व्यवस्था ने शिकायतकर्ता और जिला प्रशासन के बीच राजनीतिक जवाबदेही की सीधी कड़ी बनाई है। पार्टी कार्यालय से निकला फोन जिला प्रशासन तक पहुंचते ही शिकायत को प्राथमिकता मिलने की संभावना बढ़ जाती है। यही 'असीमित समय और त्वरित कार्रवाई' वाला मॉडल यूपी को इस प्रतिस्पर्धा में अलग पहचान देता है। मध्य प्रदेश ने जनसुनवाई को तकनीक से जोड़कर इसका दूसरा मॉडल सामने रखा है। भोपाल स्थित सहयोग केंद्र में आने वाली शिकायतों को सीएम हेल्पलाइन से जोड़े जाने के कारण पार्टी कार्यालय में दी गई अर्जी सरकारी डिजिटल तंत्र में दर्ज हो जाती है। शिकायत दर्ज होने के बाद उसकी निगरानी और प्रगति का पता लगाया जा सकता है। मंत्री के निर्देश के साथ आवेदन संबंधित सरकारी प्रणाली तक पहुंचता है और विभागीय स्तर पर उसके निस्तारण की समय-सीमा निर्धारित होती है। यानी यहां मॉडल का जोर इस बात पर है कि शिकायत सुनने के बाद वह फाइलों के ढेर में खो न जाए। डिजिटल ट्रैकिंग उसे लगातार निगरानी के दायरे में रखती है। उपलब्ध तुलनात्मक आंकड़ों में मध्य प्रदेश का सहयोग सेल 82 प्रतिशत निवारण दर के साथ सबसे है। प्रति माह यहां करीब 3,500 से 4,000 आवेदक पहुंचते हैं। पूर्ण डिजिटल पोर्टल लिंक इसकी प्रमुख विशेषता है। यूपी जहां मानवीय हस्तक्षेप और तत्काल राजनीतिक कार्रवाई को ताकत बना रहा है, वहीं मध्य प्रदेश ने शिकायत के समाधान को तकनीकी निगरानी से जोड़ने की कोशिश की है। दोनों मॉडल की दिशा एक ही है, शिकायतकर्ता को यह भरोसा दिलाना कि उसकी अर्जी दर्ज होने के बाद उसका पीछा भी किया जाएगा। छत्तीसगढ़ ने इस दौड़ में सरकार और संगठन के बीच संतुलन को अपना आधार बनाया है। रायपुर स्थित कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में होने वाली जनसुनवाई में मंत्री के साथ संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी को महत्व दिया गया है। यहां ऐसा माना जाता है कि हर समस्या का जवाब सिर्फ प्रशासनिक आदेश नहीं है। यदि मामला सरकार से जुड़ा है, पर सामाजिक हस्तक्षेप से समाप्त हो सकता है तो मंत्री के साथ संगठनात्मक रूप से भी पार्टी पदाधिकारी उसे संभालते हैं। इससे सत्ता और संगठन के बीच संवाद की दोहरी व्यवस्था बनती है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार छत्तीसगढ़ में प्रति माह करीब 2,000 से 2,500 आवेदक पहुंचते हैं और निवारण दर लगभग 70 प्रतिशत है। राजस्थान ने इस व्यवस्था में सबसे बड़ा जोर विकेंद्रीकरण पर दिया है। विशाल भौगोलिक विस्तार वाले राज्य में हर नागरिक के लिए जयपुर पहुंचना आसान नहीं। इसलिए जयपुर मुख्यालय की जनसुनवाई के साथ संभाग और जिला स्तर पर इसे ले जाने की कोशिश की जा रही है। जयपुर में सोमवार, मंगलवार और बुधवार को जनसुनवाई का रोस्टर निर्धारित है। वरिष्ठ मंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की ड्यूटी रोटेशन से लगती है। इसके अलावा प्रभारी जिलों और संभाग मुख्यालयों में स्थानीय पार्टी कार्यालयों पर 'मिनी जनसुनवाई' की व्यवस्था विकसित की जा रही है। इस मॉडल का लक्ष्य सीधा है, जैसलमेर या बाड़मेर के नागरिक को छोटी प्रशासनिक समस्या लेकर सैकड़ों किलोमीटर दूर जयपुर आने की जरूरत न पड़े।

आंकड़े बता रहे हैं किसकी क्या ताकत

राज्य - मॉडल - सक्रियता - मासिक आवेदक - निवारण दर

उत्तर प्रदेश - मानवीय जुड़ाव और त्वरित कार्रवाई - 5 दिन - 4,500-5,000 - 75 फीसद

मध्य प्रदेश - डिजिटल ट्रैकिंग और सीएम हेल्पलाइन - 5 दिन - 3,500-4,000 - 82 फीसद

छत्तीसगढ़ - सत्ता-संगठन समन्वय - 5 दिन - 2,000-2,500 - 70 फीसद

राजस्थान - संभागीय विकेंद्रीकरण - 3 दिन - 2,500-3,000 - 68 फीसद

बिहार - भाजपा कोटा आधारित सुनवाई - 3-4 दिन - 1,500-1,800 - 60 फीसद

महाराष्ट्र - क्षेत्रीय प्रभार आधारित मॉडल - 2-3 दिन - 1,200-1,500 - 55 फीसद

उपलब्ध तुलनात्मक सूचकांक में मध्य प्रदेश निवारण दर में सबसे आगे है, जबकि आवेदकों की संख्या और जनसुनवाई के समय के मामले में उत्तर प्रदेश सबसे व्यापक मॉडल के रूप में सामने आता है। पूर्ण बहुमत बनाम गठबंधन की अलग तस्वीर इस प्रयोग का एक राजनीतिक पहलू भी है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भाजपा की अपने दम पर सरकार होने से संगठन और सरकार के बीच समन्वय अपेक्षाकृत सीधा है। वहीं बिहार और महाराष्ट्र जैसे गठबंधन वाले राज्यों में पार्टी कोटे के मंत्री अपनी जनसुनवाई करते हैं। यहां जनसुनवाई सरकार के सामूहिक कामकाज के साथ-साथ भाजपा के संगठनात्मक जनाधार को मजबूत रखने का माध्यम भी बनती है। उपलब्ध सामग्री के अनुसार गठबंधन वाले राज्यों में भी भाजपा मंत्रियों के बीच जनता और कार्यकर्ताओं तक पहुंच बनाने की प्रतिस्पर्धा मौजूद है। इस पूरी व्यवस्था का सबसे बड़ा दबाव प्रशासनिक तंत्र पर पड़ता है। जब कोई मंत्री पार्टी कार्यालय से ही जिलाधिकारी या पुलिस अधीक्षक को फोन कर शिकायत की स्थिति पूछता है, तो स्थानीय स्तर पर मामले को लंबित रखने की गुंजाइश कम होती है। शिकायतकर्ता के सामने अधिकारी से सीधा संपर्क उसे यह संकेत देता है कि उसकी समस्या सत्ता के संज्ञान में आ चुकी है। भाजपा शासित राज्यों में शुरू हुई यह प्रतिस्पर्धा आने वाले समय में शासन की राजनीतिक कसौटी बदल सकती है। चुनावी राजनीति में अब यह सवाल भी महत्वपूर्ण होगा कि सरकार ने कितनी योजनाएं घोषित कीं, इसके साथ यह भी कि आम आदमी की शिकायत कितनी जल्दी सुनी और सुलझाई गई। उत्तर प्रदेश ने समय और तत्काल कार्रवाई का रास्ता चुना है। मध्य प्रदेश ने डिजिटल निगरानी को अपनी ताकत बनाया है। छत्तीसगढ़ ने सत्ता और संगठन को एक मंच पर खड़ा किया है। राजस्थान राजधानी से शासन को संभागों और जिलों तक ले जाने की कोशिश कर रहा है। एक तरह से देखें तो चारों मॉडल अलग हैं, लेकिन राजनीतिक संदेश एक है, वह यही है कि सत्ता की दूरी घटानी होगी और शिकायत के समाधान की गति बढ़ानी होगी। यही श्रम बार-बार सत्ता में आने एवं सतत बने रहने का मूल मंत्र हैं, जिसे अब भाजपा सिर्फ समझ ही नहीं चुकी है, इसका सफल प्रयोग भी अपने शासित राज्यों में कर रही है। **-डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

राजभाषा हिंदी का विरोध क्यों?

मृत्युंजय दीक्षित

भारत की 'स्व' भाषा हिंदी के लिए 14 सितंबर का दिन निर्धारित किया गया है क्योंकि इसी दिन भारत की संविधान सभा ने राष्ट्रीय भाषा के विषय पर व्यापक चर्चा के बाद आधिकारिक भाषाओं में से एक के रूप में हिंदी को अपनाया था। संविधान निर्माताओं ने देश की राजभाषा अनुच्छेद 343 में हिंदी को निर्धारित किया जो संविधान लागू होने के 15 वर्ष बाद अर्थात 26 जनवरी 1965 को देश की प्रथम राजभाषा हो जाएगी किंतु दुर्भाग्य वश 1965 में जब15 वर्ष पूर्ण हुए तब तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने संविधान सभा की इच्छा के विपरीत गुलामी की मानसिकता की प्रतीक अंग्रेजी भाषा को ही औपचारिक भाषा घोषित कर दिया। तब से आज तक हिंदी भाषा के प्रति द्वेष का राजनैतिक विस्तार किया जाता रहा है। संविधान के अनुच्छेद 343 में देश की राजभाषा हिंदी को निर्धारित किया गया था जिसे संविधान लागू होने के 15 वर्ष बाद अर्थात 26 जनवरी 1965 को देश की प्रथम राजभाषा के रूप में स्थापित किया जाना था। इसके विस्तृत विवरण भाग- 17 में इसकी लिपि देवनागरी निर्धारित है। अनुच्छेद -344 में राजभाषा के संबंध में आयोग और संसद की समिति के गठन की व्यवस्था दी गई है। संविधान में राजभाषा हिंदी के लिए पर्याप्त विचार व व्यवस्थाएं दी गई हैं। संविधान में हिंदी के साथ साथ क्षेत्रीय भाषाओं के विकास के लिए पर्याप्त व्यवस्था करी गई किंतु कांग्रेस सरकारों ने इन संविधान व्यवस्थाओं को ईमानदारी के साथ लागू नहीं किया। यही कारण है कि आज बहु स्वीकार्य भाषा होने के बाद भी हिंदी को संपूर्ण राजकीय सम्मान नहीं प्राप्त हो पा रहा है। स्वतंत्रता प्राप्ति के 80 वर्ष बाद भी संसद व कई राज्य विधानसभाओं के विधायी कार्य अंग्रेजी में ही संपन्न होते रहे। यद्यपि अटल बिहारी बाजपेई जैसे नेताओं ने हिंदी का ध्वज सदा थामे रखा और वर्तमान भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार में अधिकांश सांसद व राज्य विधानसभाओं के विधायक हिंदी मे बोलते हुए दिखाई पड़ते हैं तथा संसद की कार्यवाही में हिंदी व क्षेत्रीय भाषाओं का प्रयोग बढ़ा है। वर्तमान लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति भी हिंदी भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। संविधान की आठवीं अनुसूची में हिंदी के अतिरिक्त भारत की 14 क्षेत्रीय भाषाओं का उल्लेख किया गया और देश की शैक्षिक एवं सांस्कृतिक उन्नति के लिए यह आवश्यक है कि इन सभी भाषाओं के पूर्ण व समन्वित विकास के हेतु केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा एक समन्वित कार्यक्रम तैयार किया जाए। विचारणीय है कि यदि चीन, जापान,फ्रांस, इजराइल आदि देश अपनी भाषा में काम करते हुए विकास कर रहे हैं तो फिर भारत अपनी भाषा में काम करते हुए विकास क्यों नहीं कर सकता? पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी ने हिंदी को संयुक्तराष्ट्र संघ की एक अधिकृत व मान्यता प्राप्त भाषा बनाने का अभियान चलाया था, पूर्व विदेशमंत्री स्वर्गीय सुषमा स्वराज के कार्यकाल में भी यह अभियान गति पकड़ रहा था किंतु वर्तमान में इसकी चर्चा नहीं हो रही है। वर्ष 1967 में पंडित दीन दयाल उपाध्याय तथा राम मनोहर लोहिया ने अंग्रेजी हटाओ आंदोलन चलाया था। लाल बहादुर शास्त्री व सम्पूर्णानंद जी संस्कृत व हिंदी दोनों के ही पक्षधर थे। आज भी अंग्रेजी बोलने वाले हिंदी को राजभाषा बनाने व त्रिभाषा फार्मूला अपनाने का विरोध करते हैं। ये लोग स्वयं तो अंग्रेजियत के गुलाम हैं ही साथ ही देश के एक बड़े वर्ग को भी इतना प्रभावित करते हैं कि वो अंग्रेजी के कुछ शब्द सीखकर ही गौरवान्वित अनुभव करने लगता है। अंग्रेजी के इन गुलामों ने ऐसी अपसंस्कृति को बढ़ावा दिया है जिसमें घरों के अन्दर जहाँ माता-पिता हिंदी व क्षेत्रीय भाषा बोल सकते हैं वो भी टमाटर को टोमैटो, चावल को राइस और केले को बनाना कहते हैं । हिंदी में गिनती बोलना भूल गए हैं। परिवार में बालक -बालिकाएं अपनी बुआ, चाची व मौसी सभी को एक ही संबोधन आंटी तथा चाचा, फूफा आदि को अंकल कहते हैं । लोग अपने बच्चों को उधार और ऋण लेकर महंगे अंग्रेजी विद्यालयों में प्रवेश दिलवा रहे हैं। हिंदी भाषी जनता व नेताओं ने कभी भी किसी अन्य भाषा का विरोध नहीं किया बल्कि उन्हें सम्मान दिया और सीखने का प्रयास किया इसके इतर अन्य भाषा भाषियों ने सदा से ही हिंदी के प्रति द्वेष रखा। कन्नड़ सिनेमा के सुपर स्टार शिवराजकुमार ने अपनी नयी फिल्म के एक कार्यक्रम में हिंदी को राष्ट्रीय भाषा कह दिया तो कुछ लोग उनके पीछे पड़ गए और बड़ा भाषा विवाद उत्पन्न कर दिया गया अंततः अभिनेता शिवराजकुमार को सफाई देनी पड़ी।

सेहत मंत्र

धमनियों में प्लाक जमा होने के संकेत हैं पीठ में दर्द और स्तंभन दोष

धमनियां वे रक्त वाहिकाएं होती हैं जो शरीर के सभी हिस्सों में रक्त पहुंचाने की प्रक्रिया में मदद करती हैं। ये धमनियां शरीर के सभी हिस्सों में रक्त और ऑक्सीजन को पहुंचाने का काम करती हैं। यह शरीर को उचित पोषण प्राप्त करने में भी मदद करता है। इस प्रकार, सभी रक्त वाहिकाओं का स्वस्थ रहना आवश्यक है। कोलेस्ट्रॉल, वसा और अन्य कुछ चीजें हैं जो धमनियों में प्लाक बनाती हैं और इसके कार्यों में बाधा उत्पन्न करती हैं। जोकि, शरीर को ठीक से काम करने के लिए रोकता है। इस प्रकार, धमनियों की अच्छी देखभाल करने के लिए हमें उन संकेतों को समझना होगा जो धमनियों के कार्यों में बाधा डालती हैं। यदि आपकी पीठ दर्द कर रही है, तो यह बुढ़ापे की निशानी हो सकती है। लेकिन अगर ऐसा नहीं है, तो इसका मतलब यह है कि आपकी धमनियां कहीं अवरुद्ध हो रही हैं यानी रूकावट पैदा हो रही है। शरीर के कई हिस्से रक्त प्राप्त करने में असमर्थ होते हैं, परिणामस्वरूप पीठ की डिस्क कमजोर हो जाती है और बुरी तरह से दर्द होता है। अगर आप यौन संबंध बनाते समय इरेक्टाइल डिसफंक्शन की समस्या के शिकार हो रहे हैं इसका मतलब है कि आपके पेल्विस के पास की धमनियों को उचित रक्त नहीं मिल रहा है। यह दिल का दौरा पड़ने का शुरुआती लक्षण हो सकता है। जब मस्तिष्क की ओर जाने वाली धमनियों में प?लाक जमा होने लगती है, तो रक्त दिमाग तक नहीं पहुंच पाता है, जिसके कारण मस्तिष्क की धमनियां मृत होने लगती है। जो आगे चलकर स्ट्रोक का कारण बन सकती हैं। कई अध्ययनों से पता चलता है कि दिल के दौरे की समस्या के पीछे मुख्य कारण धमनियों का दब जाना है। जब धमनियों में रूकावट पैदा होती है और रक्त का प्रवाह ठीक तरह से नहीं होता है तो ऐसी स्थिति में हृदय रोगों की संभावना बढ़ जाती है। यह स्थिति इस ओर इशारा करती है कि आपके धमनियों में रूकावट पैदा हो रही है। यदि आपके कॉफ की मांसपेशियों में चलने या खड़े होने के दौरान दर्द हो रहा है, तो यह धमनियों में जमाव का कारण हो सकता है।

धर्म मंत्र

गजकेसरी योग से मिलती है जीवन में सफलता

ज्योतिशास्त्र के अनुसार कुंडली में गजकेसरी योग का निर्माण होना बहुत शुभ माना गया है। ज्योतिषशास्त्र के अनुसार जातक की कुंडली के द्वादश भावों में से किसी में भी यदि गुरु और चंद्रमा की युति होती है तो गजकेसरी योग माना जाता है। हालांकि, इन दोनों ग्रहों पर किसी पाप ग्रह की दृष्टि नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही कई ज्योतिषशास्त्र के जानकारों का यह भी मानना है कि यदि गुरु और चंद्रमा एक-दूसरे पर दृष्टि डालते हैं तो तब भी इस योग का निर्माण होता है। शास्त्रों के अनुसार गज को भगवान गणेश का प्रतीक माना गया है और वे बुद्धि के देवता माने जाते हैं इसलिए जिस व्यक्ति की कुंडली में यह योग होता है उसकी बौद्धिक क्षमता अच्छी होती है। ज्योतिषशास्त्र के अनुसार गज केसरी योग में जन्मे व्यक्ति में अहं नहीं होता है और इसके साथ ही उसमें सिंह के जैसी स्फूर्ति भी पाई जाती है। इस योग में जन्मा व्यक्ति अपनी महत्वकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कठिन परिश्रम करने से नहीं चूकता। इसके साथ ही उसमें सिंह की तरह दूरदर्शिता भी देखी जाती है। गजकेसरी योग में जन्में लोगों में दूसरों को अपनी बातें समझाने और दूसरों की बातों समझने का गुण होता है। ऐसे लोगों का स्वास्थ्य भी ज्यादातर दुरुस्त रहता है। जिन जातकों की कुंडली में गजकेसरी बनता है, उन्हें कई स्त्रोतों से धन लाभ होता है। ऐसे लोगों को समाज में मान-सम्मान और प्रतिष्ठा मिलती है। ऐसे लोग समाज में सकारात्मक परिवर्तन करने के लिए भी प्रयास करते हैं।

पर्यटन



एशिया की दूसरी सबसे ऊंची दीवार है कुंभलगढ़

पहाड़ और समुद्र से इतर कभी ऐतिहासिक जगह घूमने का मन हो तो राजस्थान से बेहतर जगह भला और क्या हो सकती है। यहां महल और किलों की भरमार है। इन्हीं में से एक है राजसमंद जिले का कुंभलगढ़ किला। इस किले की दीवार के बारे में कहा जाता है कि चीन की दीवार के बाद यह एशिया की दूसरी सबसे ऊंची दीवार है। कुंभलगढ़ किला उदयपुर से करीब 82 किलोमीटर की दूरी पर अरावली की पहाड़ियों पर बना हुआ है। इसे यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट का स्टेटस भी मिल चुका है। कहा जाता है कि इस किले को बनने में 15 साल लगे थे और इसका निर्माण मेवाड़ के शासक महाराणा कुंभा ने 15वीं शताब्दी में करवाया था। इस किले की दीवार 36 किलोमीटर लंबी और 15 फीट चौड़ी है। इसे एशिया की दूसरी सबसे ऊंची दीवार का दर्जा प्राप्त है। किले में 360 मंदिर है जिसमें से 300 मंदिर जैन धर्म के और बाकी 60 हिंदू धर्म के हैं। ऐसा सुरक्षा के लिहाज से किया गया था। भले ही इस किले के बारे में बहुत लोग नहीं जानते हैं, लेकिन इसकी खूबियां किसी भी अन्य किले से कम नहीं है। यह अपने आप में बहुत खास है। किले के पास में ही एक जंगल था जिसे अब वाइल्ड लाइफ सैंक्चुरी में तब्दील कर दिया गया है। इसकी दूसरी खासियत यह है कि मेवाड़ के महान योद्धा महाराणा प्रताप का जन्म कुंभलगढ़ में हुआ था। कुंभलगढ़ के मशहूर महलों में से एक है बादल महल इसमें मर्दाना महल और जनाना महल दो हिस्से हैं जो आपस में जुड़े हुए हैं। महल के शानदार कमरे पेस्टल रंगों से बने भित्ति चित्रों से सजे हुए हैं। इसी महल में महाराणा प्रताप का जन्म हुआ था। किले की दीवार शैंपेन की बोतल की आकार की बनी हुई है। दरअसल, ऐसा दुश्मनों को कैद करने के लिए बनाया गया था। किले के ऊपर से आसपास का पूरा नज़ारा दिखता है। यहां जैन धर्म के 300 खूबसूरत मंदिर बने हुए हैं, जो वास्तुकला का बेजोड़ नमूना है। बारिश के मौसम में इन मंदिरों की सुंदरता देखते ही बनती है।

निंदूरा में विकास का सच : जिम्मेदारों से गुहार के बाद भी नहीं सुधरा रास्ता, ग्रामीण ऑन ने खुद उठाया फावड़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा, बाराबंकी। विकास के दावों के बीच निंदूरा की ग्राम पंचायत ओदार के कुम्हारन पुरवा में बदहाल रास्ता जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। राम मिलन के घर से विपिन के घर तक करीब 250 मीटर मुख्य मार्ग बरसात में कीचड़ से पट गया है। हालत यह है कि रास्ते से गुजरना ग्रामीणों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं रह गया। फिसलन के चलते आए दिन लोगों के गिरने की नौबत बन रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि रास्ते की दुर्दशा को लेकर कई बार ग्राम प्रधान से लेकर बीडीओ तक शिकायत की गई और प्रार्थना पत्र भी दिए गए, लेकिन समस्या जस की तस बनी रही। जब जिम्मेदारों से गुहार लगाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई तो सोमवार को ग्रामीणों ने व्यवस्था को आईना दिखाते हुए खुद ही फावड़ा उठा लिया। ग्रामीणों ने श्रमदान कर रास्ते में मिट्टी डालने का काम शुरू किया, ताकि कम से कम आवागमन लायक रास्ता बन सके।

बरसात के दिनों में इस मार्ग से निकलना सबसे अधिक मुश्किल स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों के लिए है। ग्रामीणों का सवाल है कि जब एक छोटे से मार्ग की बदहाली दूर कराने के लिए भी लोगों को खुद फावड़ा उठाना पड़े तो गांव के विकास और जिम्मेदारों की सक्रियता के दावों का सच क्या है?

श्रमदान में राम मिलन प्रजापति, सियाराम, संतोष, नीरज, सुनील, आशीष, पवन कुमार, मान सिंह और संजय यादव सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

ग्राम पंचायत सचिव महमूद अंसारी ने बताया कि गांव में चकबंदी का कार्य चल रहा था और उक्त मार्ग मौजूदा कार्ययोजना में शामिल नहीं है। उन्होंने कहा कि मार्ग को कार्ययोजना में शामिल कर बजट उपलब्ध होते ही प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराया जाएगा।

कार्यालय से नदारद जिम्मेदार, फोन तक नहीं उठा सके एसडीओ

11:30 बजे के बाद भी कार्यालय में नहीं मिले एसडीओ व जेई, उपभोक्ताओं की समस्याओं के निस्तारण पर प्रश्नचिह्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता





रामनगर (बाराबंकी)। विद्युत उपखंड रामनगर में अधिकारियों की कार्यशैली को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। गुरुवार को लगभग 11:30 बजे के बाद भी उपखंड अधिकारी (एसडीओ) संजय मीणा एवं अवर अभियंता (जेई) मनोज कुमार जायसवाल अपने कार्यालय में मौजूद नहीं मिले। कार्यालय पहुंचे संवाददाता को दोनों अधिकारी अनुपस्थित दिखाई दिए, जिससे विद्युत समस्याओं के समाधान के लिए आने वाले उपभोक्ताओं को असुविधा का सामना करना पड़ा।मामले की जानकारी मिलने पर अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) अभिजीत कुमार शाह अपने कार्यालय में मौजूद मिले। संवाददाता द्वारा अधिकारियों की अनुपस्थिति की शिकायत किए जाने पर उन्होंने तत्काल अपने मोबाइल फोन से एसडीओ संजय मीणा से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। इससे विभागीय कार्यप्रणाली को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि जब विभाग के वरिष्ठ अधिकारी द्वारा किए गए फोन का भी जवाब नहीं दिया जा रहा है, तो आम उपभोक्ताओं की शिकायतों और समस्याओं के प्रति विभाग की संवेदनशीलता का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। क्षेत्र में आए दिन विद्युत आपूर्ति, फाल्ट और बिलिंग संबंधी शिकायतें सामने आती रहती हैं, ऐसे में जिम्मेदार अधिकारियों का कार्यालय से अनुपस्थित रहना लोगों की परेशानियों को और बढ़ा सकता है।वहीं दूसरी ओर एफआरटी कंपनी के सुपरवाइजर इमरान अहमद की कार्यशैली चर्चा का विषय बनी हुई है। बताया जाता है कि रामनगर डिवीजन के अंतर्गत आने वाले 10 पावर हाउसों की जिम्मेदारी संभाल रहे इमरान अहमद लगातार 12 से 13 घंटे तक ड्यूटी कर व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में जुटे रहते हैं। कर्मचारियों का कहना है कि सीमित संसाधनों के बावजूद वह फील्ड में सक्रिय रहकर उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान का प्रयास करते हैं।अब बड़ा सवाल यह है कि जब फील्ड स्तर पर कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा से कर रहे हैं, तब विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की अनुपस्थिति आखिर किस ओर इशारा करती है। उपभोक्ताओं की अपेक्षा है कि उच्चाधिकारी इस मामले का संज्ञान लेकर व्यवस्था में सुधार सुनिश्चित करें, ताकि विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवालों का जवाब मिल सके।

भाकियू ने किया संगठन विस्तार, सैकडो ने ली भाकियू की सदस्यता

अपनी मांगो को लेकर आंदोलन की चेतावनी सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामसनेहीघाट बाराबंकी। स्थानीय तहसील क्षेत्र के कोटवा सड़क स्थित नाथ बाबा मंदिर परिसर में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता नवनियुक्त प्रदेश सचिव एवं जिला अध्यक्ष सरदार वीरेंद्र सिंह ने की। बैठक में क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने भाग लिया।इस दौरान करीब 200 किसानों को संगठन की सदस्यता दिलाई गई। साथ ही संगठन को मजबूत करने के लिए कई पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं।विवेक अवस्थी,रोहित द्विवेदी, विशाल वर्मा, बल्ली शुक्ला, चंदन बाजपेई को पदाधिकारी तथा सत्यम बाजपेई और सौरभ वर्मा को मिडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई।

इसके बाद किसानों ने जन समस्याओं को लेकर पांच सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी को ज्ञापन सौंपा। किसानों की प्रमुख मांगे कोटवा सड़क स्थित 64-ख भूमि जो अस्पताल के नाम सुरक्षित है, उसे अतिक्रमण मुक्त कराया जाए।सनौली में दर्ज सरकारी भूमि खसरा संख्या 2886 से अंगीकरण हटाया जाए।छुट्टा और आवारा पशुओं की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए।कोटवा सड़क-सिद्धौर मार्ग के दोनों ओर पटरियों पर उगी झाड़ियों की सफाई कराई जाए। किसानों ने कहा कि छुट्टा पशुओं से फसलें बर्बाद हो रही हैं और सड़क किनारे झाड़ियों से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।किसानों ने 25 दिनों के अंदर समस्याओं का निस्तारण न होने पर तहसील घेराव का अल्टीमेटम दिया।

नाना की मौत पर लखनऊ गये किशोर की सड़क हादसे में मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामसनेहीघाट, बाराबंकी। नाना की मौत की खबर सुनकर लखनऊ गया सुमेरगंज कस्बे का 14 वर्षीय किशोर खुद भी काल के गाल में समा गया। सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल शीतल कुमार की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे की खबर जैसे ही परिजनों और कस्बे के लोगों को मिली, पूरे सुमेरगंज में शोक की लहर दौड़ गई।

सुमेरगंज निवासी संतोष कुमार जायसवाल के दूसरे पुत्र शीतल कुमार बीती रात अपने नाना के निधन पर लखनऊ गया था। इसी दौरान वह सड़क हादसे का शिकार हो गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल शीतल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।शीतल कक्षा आठ का छात्र था। परिजनों और परिचितों के अनुसार वह पढ़ाई में होनहार होने के साथ ही मिलनसार और शांत स्वभाव का था। कम उम्र में हुई उसकी दर्दनाक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वहीं स्कूल में भी शोक का माहौल है। सहपाठियों और शिक्षकों को जैसे ही शीतल की मौत की जानकारी मिली, सभी स्तब्ध रह गए।घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों समेत बड़ी संख्या में लोग शीतल के घर पहुंचे और शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। हर किसी की आंखें नम थीं और जुबां पर एक ही बात थी कि होनहार शीतल की असमय मौत ने पूरे कस्बे को गहरा सदमा दिया है।परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। शीतल की मौत से परिवार के साथ पूरा सुमेरगंज कस्बा गमगीन है।

युगांडा की उपराष्ट्रपति जेसिका अलुपो पहुंचीं आगरा, ताजमहल का किया दीदार

एजेंसी

आगरा। युगांडा की उपराष्ट्रपति जेसिका अलुपो सोमवार को दिल्ली से अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ उत्तर प्रदेश के आगरा पहुंची। यहां उन्होंने विश्व प्रसिद्ध ताजमहल की सुंदरता को निहारा और इस दौरान डायना बेंच पर बैठकर फोटो भी खिंचवाई। युगांडा की उपराष्ट्रपति नई दिल्ली में आयोजित हुए 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद सोमवार को 20 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ सड़क मार्ग से ताजमहल के पश्चिमी गेट पर पहुंची और ताजमहल का दीदार किया। इस दौरान उन्होंने साथ चल रहे गाइड से ताजमहल के इतिहास, संगमरमर के पत्थरों पर पच्चीकारी और शाहजहां और मुमताज के मकबरों के बारे में जानकारी ली।- उपराष्ट्रपति अलुपो ने ताजमहल परिसर में स्थित डायना बेंच पर बैठकर ताजमहल को बैकग्राउंड में लेते हुए फोटो खिंचवाई और ताजमहल की सुंदरता की यादों को फोटो में समेटा।

आगरा पुलिस आयुक्त दीपक कुमार, अपर पुलिस आयुक्त सचिंद्र पटेल, जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं अन्य उच्चाधिकारीगण द्वारा उपराष्ट्रपति जेसिका अलुपो का स्वागत किया गया तथा उनके ताजमहल भ्रमण के दौरान आवश्यक सुरक्षा एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। 11 फरवरी 1992 को ब्रिटेन की राजकुमारी डायना ताजमहल देखने आगरा पहुंची थी और अकेले ही उन्होंने इस बेंच पर बैठकर ताजमहल को बैकग्राउंड में लेते हुए एक फोटो खिंचवाई थी। राजकुमारी डायना की लाल कपड़े पहने हुए यह फोटो दुनिया भर में काफी मशहूर और वायरल हुई थी तभी से इस बैच का नाम डायना बेंच कहलाता है। विजिटर बुक में लिखा -ताजमहल में तैनात भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के वरिष्ठ पुरातत्व सर्वेक्षण सहायक कलंदर विज ने बताया कि उपराष्ट्रपति जेसिका अलुपो ने ताजमहल में रखी विजिटर बुक में ताजमहल की सुंदरता और इसकी वास्तुकला की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने विजिटर बुक में लिखा है कि ' मतलब ताजमहल बहुत खूबसूरत और बेशकीमती है।

रोस्टिंग और 33 केवीए ब्रेकडाउन के नाम पर कटौती, 22 घंटे में 11-12 घंटे ही बिजली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा, बाराबंकी। विकासखंड निंदूरा के ग्राम पंचायत अटहरा समेत बाबागंज पावर हाउस से जुड़े गांवों में बिजली आपूर्ति की बदहाल व्यवस्था से ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि रोस्टिंग और 33 केवीए ब्रेकडाउन के नाम पर लगातार अघोषित कटौती की जा रही है। रात में बिजली गुल रहने से लोगों को गर्मी और मच्छरों के बीच रात गुजारनी पड़ रही है।

ग्रामीणों के अनुसार रात में दो-दो घंटे की रोस्टिंग दो से तीन बार किए जाने से करीब 22 घंटे की अवधि में महज 11 से 12 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। दिनभर खेतों और मजदूरी में काम करने के बाद रात में आपूर्ति बाधित होने से ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ जाती है।

ग्रामीण विजय कुमार, विष्णु कुमार, अवधेश कुमार, अमित कुमार, धर्मेंद्र, राम प्रताप, छोटेलाल, महेश, राम प्रताप और सोहन ने विद्युत विभाग से रोस्टिंग का स्पष्ट शेड्यूल निर्धारित करने तथा निर्धारित समय के अनुसार ही कटौती किए जाने की मांग की है। साथ ही 33 केवीए ब्रेकडाउन की समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग उठाई है। कुर्सी उपकेंद्र के एसडीओ अमित सिंह ने बताया कि दिन में विद्युत आपूर्ति सोलर प्लांट से होने के कारण अधिक समस्या नहीं रहती। बरसात लंबी खिंचने के कारण भी समस्या बनी हुई है। रात में आपूर्ति कोयला प्लांट से होती है, जहां कोयले की कमी के चलते मांग के अनुरूप बिजली उपलब्ध नहीं हो पा रही है।

इंजेक्शन लगने के बाद महिला की मौत, परिजनों ने पोस्टमार्टम से किया इंकार

सूरतगंज, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के रिछली गांव निवासी शांति देवी (45) पत्नी रामकरन की सोमवार को मेडिकल स्टोर पर इंजेक्शन लगने के बाद हालत बिगड़ गई। परिजन उन्हें निजी अस्पताल ले गए, जहां से रेफर किए जाने के बाद सूरतगंज सीएचसी पहुंचे। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. रिजवान शेख ने महिला को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने मेडिकल स्टोर संचालक पर इंजेक्शन लगाने के बाद हालत बिगड़ने का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने की बात कही, लेकिन परिजनों ने इंकार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया ने बताया कि परिजन किसी तरह की कार्रवाई नहीं चाहते हैं।

शिक्षण संस्थानों में मनाया गया हिंदी दिवस

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। हिंदी दिवस पर सोमवार को तहसील क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। बरदरी स्थित चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय में हिंदी विभाग संयोजक बृजेश कोविन्द के नेतृत्व में संगोष्ठी हुई। प्राचार्य डॉ. गया प्रसाद दुबे ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रवक्ताओं ने हिंदी के इतिहास, विकास और महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि छात्र-छात्राओं ने गीत व काव्य पाठ प्रस्तुत किया। डॉ. बृजेश सिंह, डॉ. धीरज पाठक, डॉ. पुनीत वर्मा, अशोक कुमार सिंह, गगन गुप्ता व दीक्षा मिश्रा सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। वहीं कंपोजिट विद्यालय सिरौलीगौसपुर में चार्ट, पुस्तक प्रदर्शनी व वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता हुई। शिक्षक रुद्र प्रताप पांडे ने बच्चों को हिंदी के प्रति गौरव का संदेश दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रधानाध्यापक ने पुरस्कृत किया।

मिस्त्री की गुमटी का ताला तोड़कर 30 हजार का सामान चोरी

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जैदपुर थाना क्षेत्र के छंदवल में चोरों ने हाईवे किनारे मोटरसाइकिल मिस्त्री की गुमटी का ताला तोड़कर करीब 30 हजार रुपये का वाहन रिपेयरिंग सामान पार कर दिया। पूरेकोट मजरे छंदवल निवासी ननकू पुत्र राकेश कुमार ने अहमदपुर चौकी में तहरीर दी है। पीड़ित के मुताबिक गुमटी एचएस फिलिंग स्टेशन के पास स्थित है। सोमवार सुबह पहुंचने पर ताला टूटा मिला और बाहर रखा सामान गायब था। पीड़ित ने पुलिस से सामान बरामद करने और चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

एमआरएफ केंद्र के बावजूद सड़क किनारे कूड़े के ढेर

सिद्धौर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पंचायत सिद्धौर में लाखों रुपये की लागत से अरुई गांव के पास बनाए गए मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) केंद्र के बावजूद सड़क किनारे कूड़े के ढेर लगे हैं। सिद्धौर-केसरगंज मार्ग पर नगर पंचायत सीमा गेट के आसपास बिखरी गंदगी और दुर्गंध से राहगीरों को परेशानी हो रही है। निर्धारित कूड़ा प्रबंधन केंद्र होने के बावजूद सड़क किनारे कचरा पड़े रहने से नगर पंचायत की सफाई व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने कूड़े के ढेर हटवाकर नियमित सफाई कराने की मांग की है।

15 सूत्रीय मांगों को लेकर भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

सिद्धौर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सोमवार को खंड विकास अधिकारी को संबोधित 15 सूत्रीय मांगपत्र एडीओ पंचायत को सौंपा। संगठन ने पूर्व में दिए गए ज्ञापन पर हुई कार्रवाई की जानकारी ज्ञापन में ढेड़िया के मजरे पूरे टिकैतन निवासी शिवकुमार के खराब इंडिया मार्का नल को रिबोर कराने, ग्राम पंचायतों में हुए वृक्षारोपण का चिन्हांकन कर जीवित पौधों की सूची उपलब्ध कराने, खराब स्ट्रीट लाइटें दुरुस्त कराने और रोस्टर के अनुसार पंचायत भवनों में सचिवों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने की मांग प्रमुख रही। संगठन ने चेतावनी दी कि 15 दिन में कार्रवाई न होने पर ब्लॉक परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में युवा मंडल अध्यक्ष शिवकुमार, संतराम, भागीरथ रावत, राजरानी व पिंकी देवी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

लम्पी से गोवंश सुरक्षा को अयोध्या में एक माह का विशेष टीकाकरण अभियान शुरू

अयोध्या। अयोध्या जिले में लम्पी स्किन डिजीज से पशुओं को बचाने के लिए 9 सितंबर से 8 अक्टूबर तक एक माह का विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में 72 हजार वैक्सीन पहुंच चुकी हैं। टीकाकरण के लिए 29 टीमें तैनात की गई हैं। प्रत्येक टीम में पांच सदस्य हैं, जो गांव-गांव जाकर गोवंश और महिषवंश का टीकाकरण कर रही हैं। ग्रामीण क्षेत्र के पशुपालक लम्पी से अपने पशुओं का टीकाकरण कराने के लिए 1962 नंबर पर कॉल कर सकते हैं। पशुपालन विभाग के अधिकारी नियमित रूप से गांवों का दौरा कर टीकाकरण की प्रगति की निगरानी कर रहे हैं। अभियान के सफल संचालन के लिए पर्याप्त वैक्सीन और प्रशिक्षित टीमें उपलब्ध कराई गई हैं। जिले में गोवंश से अधिक है महिषवंशीय पशुओं की संख्या जिले में अब तक 41620 पशुओं का टीकाकरण हो चुका है। अयोध्या जिले में कुल 4.39 लाख पशु हैं। इनमें गोवंशीय पशुओं की संख्या 1,36,691 तथा महिषवंशीय पशुओं की संख्या 3,02,358 है। प्रशासन का लक्ष्य है कि अभियान अवधि में अधिक से अधिक पशुओं को लम्पी वायरस से सुरक्षा प्रदान की जाए। क्या है लम्पी वायरस- लम्पी स्किन डिजीज (एलएसडी) एक वायरल बीमारी है, जो मुख्य रूप से गाय-भैंसों को प्रभावित करती है।

गंगा नदी की बाढ़ पर प्रशासन अलर्ट डीएम-एसपी ने प्रभावित इलाकों का किया दौरा

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में गंगा-पाण्डु नदी के बढ़े जलस्तर को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने सोमवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। विधायक राजेन्द्र सिंह पटेल के साथ दोनों अधिकारियों ने बिन्दकी तहसील के औंग क्षेत्र के बड़ाहार, सदनापुर व बिंदकी फार्म के जलमग्न इलाकों में पहुंचकर हालात का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ की स्थिति और आवागमन के रास्तों का जायजा लेते हुए सुरक्षा व्यवस्था और बाढ़ पीड़ित लोगों तक पहुंच रही मदद की हकीकत भी परखी। स्थलीय निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक सीधे अभयपुर स्थित बाढ़ राहत शिविर पहुंची। उन्होंने राहत और बचाव कार्य को परखा और शिविर में रह रहे परिवारों के बीच जाकर महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों से पूछा कि खाना समय से मिल रहा है, दवाइयां मिली रही हैं? कोई दिक्कत तो नहीं लोगों ने अपनी समस्याएं बताईं, जिस पर जिलाधिकारी ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए निर्देश देते हुए कहा कि राहत सामग्री और जरूरी सुविधाओं में कोई देरी बर्दाश्त नहीं होगी। इस मौके पर जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल भी मौजूद रहे और उन्होंने भी अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

हिंदी हमारी संस्कृति, संस्कार और राष्ट्रीय चेतना की सशक्त आवाज : रामबाबू द्विवेदी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। हिंदी दिवस के अवसर पर श्री शंख साहित्य सेवा संस्थान एवं मानव कल्याण समिति के तत्वावधान में नगर पंचायत रामनगर के टाउनहाल में अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता धमेड़ी स्टेट की राजमाता मृणालनी सिंह ने की। मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री रामबाबू द्विवेदी तथा चेयरमैन रामशरण पाठक रहे।

कवि सम्मेलन में विभिन्न विधाओं के कवियों ने हिंदी भाषा, राष्ट्रभावना, सामाजिक सरोकार और भारतीय संस्कृति से जुड़ी रचनाएं प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवियों की प्रस्तुतियों पर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

मुख्य अतिथि रामबाबू द्विवेदी ने कहा कि हिंदी हमारी संस्कृति, संस्कार और राष्ट्रीय चेतना की सशक्त आवाज है। युवाओं को आधुनिक ज्ञान और तकनीक के साथ अपनी भाषा व संस्कृति से भी जुड़े रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति और मातृशक्ति समाज तथा राष्ट्र की प्रगति का महत्वपूर्ण आधार हैं।

आयोजन में संस्था अध्यक्ष देवीप्रसाद मिश्रा, उपाध्यक्ष दीपचंद त्रिपाठी, सचिव रविंद्र सिंह, महामंत्री रविकांत पांडेय, मंत्री हरीशदत्त पांडेय, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार शुक्ला पंकज, संयुक्त सचिव मनोज मिश्रा जीतू, समिति एडिटर एवं मीडिया प्रभारी शिवम मोहन गुप्ता राजा तथा सह मीडिया प्रभारी किसान मिश्र मौजूद रहे।



अफगानिस्तान से श्रृंखला जीतने और पांचवें गेंदबाज की समस्या का हल ढूंढने उतरेगा भारत

एजेंसी

नयी दिल्ली। पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साहित भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले दूसरे दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत दर्ज करके श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी और इस दौरान पांचवें गेंदबाज की समस्या का समाधान भी निकालना चाहेगी।

हार्दिक पंड्या के चोटिल होने के कारण भारतीय टीम में पांचवें विश्वसनीय गेंदबाजी विकल्प की कमी महसूस हो रही है। विश्व कप विजेता भारत ने रविवार को यहां एकतरफा मुकाबले में अफगानिस्तान को सात विकेट से हराकर खेल के सबसे छोटे प्रारूप में शानदार वापसी की। श्रेयस अय्यर की टीम ने पहले मैच में हर मोर्चे पर शानदार प्रदर्शन किया। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने इस जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अर्शदीप ने 19 रन देकर



तीन विकेट लिए और अफगानिस्तान को आठ विकेट पर 156 रन पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। इसके बाद अभिषेक ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 32 गेंदों में 82 रन बनाए जिससे भारत ने 13.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर दिया। जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती ने भी चोट से वापसी करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन भारत को इस महीने के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों से पहले पांचवें गेंदबाज की समस्या का समाधान करना होगा। अय्यर को उस स्थान की भरपाई करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी क्योंकि ऑलराउंडर शिवम दुबे और नीतीश कुमार रेड्डी अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सके। रेड्डी के दो ओवरों में 30 रन लुटाए जबकि आखिरी ओवर में गेंद संभालने वाले दुबे ने 21 रन दिए। अभिषेक ने भी एक ओवर किया। इस तरह तीनों ने मिलकर अपने चार ओवरों में 59 रन लुटाए। अर्शदीप, बुमराह, अक्षर पटेल और चक्रवर्ती के अच्छे प्रदर्शन से भारत को पांचवें गेंदबाजी के विकल्पों का खराब प्रदर्शन भारी नहीं पड़ा लेकिन भविष्य में टीम को इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। बल्लेबाजी की बात करें तो अभिषेक ने अपनी तूफानी पारी से अपनी फॉर्म को लेकर उठ रही शंकाओं को दूर कर दिया। शानदार फॉर्म में चल रहे ईशान किशन ने अभ्यास के दौरान पीठ पर लगी मामूली चोट को दरकिनार करते हुए 33 गेंदों में 42 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और एक छक्का शामिल था। सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन (10) को हालांकि टीम में अपनी जगह बनाए रखने के लिए बड़ी पारी खेलनी होगी। केरल के इस बल्लेबाज ने भारत की टी20 विश्व कप जीत में अहम भूमिका निभाई थी, लेकिन इसके बाद उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा तथा उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ श्रृंखला से पहले चार पारियों में केवल 33 रन बनाए।

विश्व तीरंदाजी कप फाइनल: धीरज बोम्मदेवरा ने रचा इतिहास, पुरुष रिकर्व में जीता स्वर्ण

एजेंसी



साल्टिलो (मेक्सिको)। भारत के धीरज बोम्मदेवरा ने एशियाई खेलों की तैयारियों को मजबूती देते हुए रविवार को विश्व तीरंदाजी कप फाइनल में पुरुष रिकर्व वर्ग का ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीत लिया। धीरज ने खिताबी मुकाबले में जापान के विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता नाकानिशी जुन्या को शूट-ऑफ में हराया।

विजयवाड़ा के 25 वर्षीय धीरज विश्व तीरंदाजी कप फाइनल में रिकर्व स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष तीरंदाज बन गए हैं। निर्धारित पांच सेट के बाद मुकाबला 5-5 से बराबर रहा, जिसके बाद शूट-ऑफ हुआ। इसमें धीरज ने 10 अंक का निशाना साधा, जबकि नाकानिशी 9 अंक ही हासिल कर सके। पहले सेट में दोनों तीरंदाजों ने 28-28 अंक हासिल किए और एक-एक अंक बांटा। नाकानिशी ने दूसरा सेट 29-28 से जीतकर 3-1 की बढ़त बनाई, लेकिन धीरज ने तीसरा सेट 29-28 से अपने नाम कर स्कोर बराबर कर दिया। नाकानिशी ने चौथे सेट में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो इनर-10 समेत कुल 29 अंक हासिल किए, जबकि धीरज 28 अंक ही बना सके। इससे जापानी तीरंदाज ने दबाव बढ़ा दिया। निर्णायक पांचवें सेट में दोनों ने पहली तीर से 9-9 अंक बनाए। धीरज ने दूसरी तीर पर 10 अंक हासिल कर बढ़त बनाई, जबकि नाकानिशी ने फिर 9 अंक जुटाए। धीरज की तीसरी तीर 9 अंक की रही। ऐसे में नाकानिशी को स्वर्ण जीतने के लिए 10 अंक की जरूरत थी, लेकिन वह लगातार तीसरी बार 9 अंक ही हासिल कर सके और मुकाबला शूट-ऑफ तक पहुंच गया। इससे पहले सेमीफाइनल में धीरज ने फ्रांस के ओलंपिक पदक विजेता जीन-चार्ल्स वालाडोंट को 7-1 (28-25, 28-28, 29-24, 29-28) से हराया था। क्वार्टर फाइनल में उन्होंने तुर्किये के ओलंपिक पदक विजेता बेरकिम तुमेर को भी 7-1 (28-25, 29-26, 28-28, 29-27) से शिकस्त दी थी।

श्री चरणी ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में एक साल में सर्वाधिक विकेट लेने का बनाया भारतीय रिकॉर्ड

एजेंसी



दुबई। भारतीय बाएं हाथ की स्पिनर एन. श्री चरणी ने रविवार को श्रीलंका के खिलाफ महिला एशिया कप 2026 के फाइनल में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। उन्होंने एक कैलेंडर वर्ष में टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाली भारतीय गेंदबाज बनने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले के 14वें ओवर में श्री चरणी ने हरशिता समरविक्रमा को अपनी ही गेंद पर कैच कर पवेलियन भेजा। इस विकेट के साथ उनके इस साल टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 36 विकेट हो गए और उन्होंने पूनम यादव का भारतीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। चरणी ने मैच में 4 ओवर में 20 रन देकर 4 विकेट लिए। उनके नाम इस साल टी-20 अंतरराष्ट्रीय में अब 39 विकेट हो गए हैं। उनके इस प्रदर्शन से भारत ने श्रीलंका को हराकर महिला एशिया कप का खिताब भी जीत लिया। लेग स्पिनर पूनम यादव ने 2018 में 35 पारियों में 35 विकेट लिए थे। वहीं, 22 वर्षीय श्री चरणी ने महज 20 पारियों में 39 विकेट लेकर यह उपलब्धि हासिल की है। श्री चरणी ने बांग्लादेश के खिलाफ महिला एशिया कप के सेमीफाइनल में पूनम यादव के 35 विकेट के रिकॉर्ड की बराबरी की थी। श्रीलंका के खिलाफ फाइनल में हरशिता का विकेट लेते ही वह इस रिकॉर्ड से आगे निकल गईं।

मजूमदार ने नकवी से ट्रॉफी न लेने पर कहा, हम बीसीसीआई के रुख पर कायम हैं

एजेंसी



दुबई। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने कहा कि टीम भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एशियाई क्रिकेट परिषद के पाकिस्तानी प्रमुख मोहसिन नकवी से एशिया कप ट्रॉफी स्वीकार नहीं करने के रुख का समर्थन करती है और खिलाड़ियों के लिए टूर्नामेंट जीतना ही ''काफी अच्छा'' है। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने रविवार को फाइनल में श्रीलंका को 72 रन से करारी शिकस्त देकर रिकॉर्ड आठवीं बार टूर्नामेंट जीता। लेकिन उन्होंने एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के मौजूदा अध्यक्ष नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया। नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष होने के साथ-साथ अपने देश के गृह मंत्री भी हैं। मजूमदार ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, ''बीसीसीआई ने यह रुख अपनाया है और हम इस पर कायम हैं। हमारे लिए यह टूर्नामेंट खत्म हो चुका है। हम चैंपियन हैं। हमारे लिए यही काफी है। बड़े बोर्ड पर साफ लिखा था कि भारत एशिया कप 2026 का चैंपियन है। उन्होंने कहा, ''यह टूर्नामेंट समाप्त हो गया है। हमारे लिए आधिकारिक तौर पर समाप्त हो गया है। हमें खुशी है कि हम चैंपियन बने। हमारा ध्यान अब एशियाई खेलों पर है। इससे पहले 2025 में भारतीय पुरुष टीम ने भी एशिया कप जीतने पर नक़वी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व वाली टीम ने उसी वर्ष हुए पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में नक़वी से ट्रॉफी स्वीकार नहीं की थी। उस आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे। मजूमदार ने कहा कि उन्हें आने वाले दिनों में टीम को ट्रॉफी मिलने की किसी भी संभावना की जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा, ''अभी तक कोई खबर नहीं है। इसलिए मैं इसका जवाब नहीं दे सकता। पुरुष टीम को भी अभी तक ट्रॉफी नहीं मिली है। यह दुबई में एसीसी मुख्यालय में बंद पड़ी है और नक़वी का कहना है कि केवल वही इसे विजेता टीम को सौंपेंगे। मजूमदार से जब पूछा गया कि क्या खेलों में इस तरह की घटनाओं को रोका जाना चाहिए तो उन्होंने कहा, ''जैसा कि मैंने पहले कहा था, मेरा जवाब वही है, मेरे दोस्त। बीसीसीआई ने जो रुख अपनाया है, हम एकजुट होकर उसके साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा, ''हमारे लिए यह टूर्नामेंट आधिकारिक रूप से समाप्त हो चुका है। हम चैंपियन हैं, इस बात से हम वास्तव में बहुत खुश हैं और मुझे इस टीम के हर एक व्यक्ति पर बहुत गर्व है। भारतीय टीम अब एशियाई खेलों के लिए जापान का दौरा करेगी।

एशिया कप ट्रॉफी विवाद पर सैकिया ने कहा, मौजूदा परिस्थितियों में सोच-समझकर लिया गया संस्थागत फ़ैसला

नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने सोमवार को कहा कि महिला क्रिकेट टीम का एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के पाकिस्तानी प्रमुख मोहसिन नकवी से एशिया कप ट्रॉफी नहीं लेना बोर्ड का मौजूदा परिस्थितियों और भावनाओं को ध्यान में रखकर लिया गया 'सोचा समझा संस्थागत' फैसला है। भारतीय महिला टीम ने रविवार को दुबई में खेले गए फाइनल में श्रीलंका को 72 रन से हराया, लेकिन उन्होंने नक़वी से ट्रॉफी स्वीकार नहीं की। इससे पहले 2025 में भारतीय पुरुष टीम ने भी एशिया कप जीतने पर पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में नक़वी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। उस आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे। सैकिया ने कहा, ''हमने सभी मौजूदा पहलुओं पर विचार करते हुए सोच समझ कर यह फैसला लिया था।

पाकिस्तान पर धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना, 11 अंक भी कटे

एजेंसी



दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान पर बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए सोमवार को मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया और उसके विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के 11 अंक काट दिए। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि मेजबान इंग्लैंड के हाथों टेस्ट सीरीज में 0-3 से हारने वाले पाकिस्तान ने निर्धारित समय के अंदर 11 ओवर कम किये थे। पाकिस्तान ने लीड्स में खेला गया सीरीज का पहला मैच पारी और 103 रन से, लॉर्ड्स में खेला गया दूसरा टेस्ट 194 रन से और एजबेस्टन में खेला गया तीसरा टेस्ट आठ विकेट से गंवाया था। आईसीसी ने कहा, ''बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप मुकाबले के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए पाकिस्तान पर दो तरह के प्रतिबंध लगाए गए हैं। यह प्रतिबंध आईसीसी मैच रेफरी रंजन मदुगले, मैदानी अंपायर पॉल रिफ़ेल और क्रिस गैफ़नी, तीसरे अंपायर अल्लाहुद्दीन पालेकर और चौथे अंपायर रसेल वॉरेन ने लगाए। आईसीसी ने कहा, ''इसका मतलब है कि पाकिस्तान विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका में अब केवल 4.63 प्रतिशत अंकों के साथ नौवें स्थान पर है। आईसीसी की खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए धीमी ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार खिलाड़ियों पर उनकी टीम द्वारा निर्धारित समय के भीतर गेंदबाजी करने में विफल रहने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है, जिसमें अधिकतम जुर्माना मैच फीस के 50 प्रतिशत तक सीमित है। आईसीसी ने कहा, ''इसके अतिरिक्त आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के खेल नियमों के अनुच्छेद 16.11.2 के अनुसार, प्रत्येक ओवर कम होने पर एक अंक का जुर्माना लगता है। इस कारण पाकिस्तान के कुल अंकों में से 11 अंक काट लिए गए हैं।''

भारत में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट में भाग लेगा पाकिस्तान: भगवंत मान

एजेंसी

मोहाली। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान उन छह देशों में शामिल है जो अगले महीने यहां होने वाली पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेंगी। उन्होंने केंद्र सरकार की उस नीति का हवाला दिया जिसके तहत बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में इन दोनों कट्टर प्रतिद्वंद्वी देशों को भारतीय धरती पर खेलने की अनुमति दी जाती है। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 27 अक्टूबर से पांच नवंबर तक जालंधर और मोहाली में खेली जाएगी। इसमें भारत, पाकिस्तान, चीन, जापान, मलेशिया और कोरिया भाग लेंगे। अगर कोई टीम टूर्नामेंट से हटती है तो उसकी जगह ओमान या बांग्लादेश को दी जाएगी। इस टूर्नामेंट का आयोजन एशियाई हॉकी महासंघ के तत्वावधान में हर वर्ष किया जाता है लेकिन पिछले साल इसका आयोजन नहीं हुआ था। भारत 2023 (चेन्नई) और 2024 (हुलुनबुइर, चीन) में खिताब जीतकर मौजूदा चैंपियन के रूप में प्रतियोगिता में प्रवेश करेगा। पाकिस्तान की भागीदारी और इसके लिए आवश्यक मंजूरी मिल जाने के बारे में पूछे जाने पर मान ने कहा, ''बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में कोई समस्या नहीं है। हो सकता है कि द्विपक्षीय श्रृंखलाएं (भारत और पाकिस्तान के बीच) न हो सकें। केंद्र सरकार की खेल नीति के अनुसार भारत पाकिस्तान के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं खेलेगा। भारत ने पिछले साल पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ संक्षिप्त सैन्य अभियान चलाया था। पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे। खेल मंत्रालय ने हालांकि ओलंपिक चार्टर का पालन करते हुए कहा है कि दोनों देश बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में एक दूसरे का सामना कर सकते हैं और भारत इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए पाकिस्तान के खिलाड़ियों को अपने देश में खेलने से नहीं रोकेगा।

एटीपी रैंकिंग: आठ साल बाद टॉप-10 से बाहर हुए नोवाक जोकोविच, 12वें स्थान पर खिसके



एजेंसी

नई दिल्ली। यूएस ओपन के पहले दौर में मिली चौंकाने वाली हार के बाद 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सर्बिया के नोवाक जोकोविच सोमवार को जारी ताजा एटीपी रैंकिंग में शीर्ष-10 से बाहर हो गए। 39 वर्षीय जोकोविच अब विश्व रैंकिंग में 12वें स्थान पर हैं। जोकोविच को यूएस ओपन के पहले दौर में अर्जेंटीना के मारियानो नाओने ने चार घंटे 36 मिनट चले मुकाबले में 7-6(5), 5-7, 4-6, 6-2, 6-1 से हराया। यह 2006 के ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद पहली बार था जब जोकोविच किसी ग्रैंड स्लैम के शुरुआती दौर में हारकर बाहर हुए। चार बार के यूएस ओपन चैंपियन जोकोविच पिछले साल फ्लशिंग मीडोज में सेमीफाइनल तक पहुंचे थे, जहां उन्हें स्पेन के कार्लोस अल्कराज़ से हार मिली थी। इस साल अपने पिछले साल के रैंकिंग अंक का बचाव नहीं कर पाने के कारण उन्हें शीर्ष-10 से बाहर होना पड़ा। जोकोविच ने 2007 में पहली बार एटीपी रैंकिंग के शीर्ष-10 में जगह बनाई थी। 2017 में विंबलडन क्वार्टर फाइनल के दौरान कोहनी की समस्या के कारण उन्हें मुकाबला छोड़ना पड़ा था और वह बाकी सत्र से बाहर रहे थे। इसके बाद नवंबर में वह शीर्ष-10 से बाहर हो गए थे। हालांकि, 2018 में घास के इस ग्रैंड स्लैम का चौथा खिताब जीतने के बाद उन्होंने फिर शीर्ष-10 में वापसी की थी। जोकोविच के नाम एटीपी रैंकिंग इतिहास में विश्व नंबर-1 के रूप में सबसे अधिक 428 सप्ताह बिताने का रिकॉर्ड है। इस बदलाव के साथ अक्टूबर 2002 के बाद पहली बार एटीपी रैंकिंग के शीर्ष-10 में 'बिग थ्री' के किसी भी सदस्य का नाम नहीं है। रोजर फ़ेडरर ने 2022 में संन्यास लिया था, जबकि 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन राफ़ेल नडाल ने 2024 में पेशेवर टेनिस को अलविदा कह दिया था। यूएस ओपन का अपना पहला खिताब जीतने वाले ज्वेरेव दूसरे स्थान पर कायम हैं, लेकिन उन्होंने शीर्ष स्थान पर मौजूद यानिक सिनर के साथ अंकों का अंतर कम कर दिया है। घुटने की चोट के कारण सिनर इस साल न्यूयॉर्क में नहीं खेले थे। फाइनल में ज्वेरेव से हारने वाले बेन शेल्टन करियर की सर्वश्रेष्ठ चौथी रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। सेमीफाइनल में शेल्टन से हारने वाले फ्रांसेस टियाफोए भी 12वें से आठवें स्थान पर पहुंचकर करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंच गए। यूएस ओपन के अंतिम-16 तक पहुंचने वाले दानिल मेदवेदेव आठवें से छठे स्थान पर पहुंच गए। वहीं फ़ेलिक्स ऑजे-अलियासिम, फ्लावियो कोबोली और एलेक्स डी मिनौर की रैंकिंग में गिरावट हुई है।

भारत में बनी पांच दरवाजे वाली जिम्नी, फ्रॉन्क्स, ई-विटारा का जापान को निर्यात एक लाख इकाई के पार

मुंबई। मारुति सुजुकी इंडिया की भारत में बनी पांच दरवाजे वाली जिम्नी, फ्रॉन्क्स और ई-विटारा का जापान को किया गया कुल निर्यात एक लाख इकाई के पार पहुंच गया है। मारुति सुजुकी इंडिया ने दुनिया के सबसे प्रतिस्पर्धी और उन्नत वाहन बाजारों में से एक जापान को अगस्त 2024 में फ्रॉन्क्स का निर्यात शुरू किया था। इसके बाद दिसंबर 2024 में पांच दरवाजे वाली जिम्नी का निर्यात शुरू किया गया। कंपनी का पहला बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन (बीईवी) ई-विटारा सितंबर 2025 में इस निर्यात सूची में शामिल हुआ। इससे सुजुकी के लिए भारत की वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में भूमिका और मजबूत हुई है। पांच दरवाजे वाली जिम्नी और ई-विटारा का विनिर्माण विशेष रूप से भारत में किया जाता है। मोटर वाहन विनिर्माता कंपनी ने कहा कि भारत में बने वाहनों को मिल रही बढ़ती स्वीकार्यता के बीच वित्त वर्ष 2025-26 में मात्रा के लिहाज से जापान मारुति सुजुकी का दूसरा सबसे बड़ा निर्यात बाजार रहा। वहीं चालू वित्त वर्ष 2026-27 के पहले पांच महीनों (अप्रैल-अगस्त) में भी जापान ने यह स्थान बरकरार रखा है। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हिसाशी ताकेउची ने कहा, ''पांच दरवाजे वाली जिम्नी, फ्रॉन्क्स और ई-विटारा का जापान को एक लाख से अधिक निर्यात भारत की विनिर्माण उत्कृष्टता की मजबूत पुष्टि है। यह उपलब्धि विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि जापान दुनिया के सबसे चुनौतीपूर्ण और उन्नत वाहन बाजारों में से एक है। कंपनी ने कहा कि इन मॉडलों की सफलता से पिछले वित्त वर्ष में जापान में सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन को सबसे बड़ा वाहन आयातक बनने में भी मदद मिली। पिछले वित्त वर्ष में जापान में सुजुकी के कुल आयात में मारुति सुजुकी द्वारा निर्मित वाहनों की हिस्सेदारी करीब 100 प्रतिशत रही।

पंजाब के बिजली संयंत्रों को कोयले की आपूर्ति पर्याप्त: कोयला मंत्रालय

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड (पीएसपीसीएल) की कैप्टिव खदानों से पंजाब के निजी बिजली संयंत्रों को कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं। कोयला मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि पंजाब के बिजली संयंत्रों के लिए पर्याप्त मात्रा में कोयला उपलब्ध कराया गया है और कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) पंजाब सहित देशभर में बिजली उत्पादन के लिए निर्बाध ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित करने को पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मंत्रालय ने कहा, पीएसपीसीएल के अपने बिजली संयंत्रों का अधिक उपयोग, निजी बिजली संयंत्रों में खराबियों की निगरानी और सीआईएल की सहायक कंपनियों द्वारा पहले ही उपलब्ध कराए गए कोयले को समय पर उठाने से बिजली उत्पादन को बेहतर तरीके से संचालित करने और राज्य की जरूरतें पूरी करने में मदद मिलेगी। यह बयान उन खबरों की पृष्ठभूमि में आया है, जिनमें कहा गया था कि पंजाब में बिजली संकट गहरा गया है और कारखानों तथा कृषि क्षेत्र को 14 घंटे तक बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। खबरों में पंजाब के ताप बिजली संयंत्रों में कम बिजली उत्पादन के लिए संयंत्रों में खराबी और कोयले की अपर्याप्त आपूर्ति को जिम्मेदार बताया गया था। कोयला मंत्रालय ने कहा कि यह स्थिति की पूरी तस्वीर नहीं है। मंत्रालय ने कहा, केंद्र सरकार ने कैप्टिव खदानों से उत्पादन शुरू होने के बाद से पंजाब के निजी बिजली संयंत्रों तक कोयला पहुंचाने की प्रक्रिया को सक्रिय रूप से सुगम बनाया है। मंत्रालय ने कहा कि पंजाब को पीएसपीसीएल की कैप्टिव खदानों से कोयला उठाने की गति बढ़ाने की जरूरत है। उसने बताया कि पीएसपीसीएल की पचवाड़ा सेंट्रल खदान में अप्रैल 2026 से 11 सितंबर 2026 तक का उत्पादन वार्षिक लक्ष्य का 83.67 प्रतिशत रहा, जबकि वहां से कोयले की आपूर्ति लक्ष्य की केवल 68.44 प्रतिशत रही। मंत्रालय ने कहा कि उत्पादन और आपूर्ति के बीच यह अंतर खदान में करीब 3.21 लाख टन कोयले के ऐसे भंडार का संकेत देता है, जिसे अभी बाहर नहीं भेजा गया है। मंत्रालय ने कहा कि राज्य को इस कोयले को खदान से निकालकर अपने बिजली संयंत्रों तक पहुंचाना चाहिए, जिससे पीएसपीसीएल के अपने संयंत्रों में बिजली उत्पादन बढ़ाया जा सके।

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से भारत ने हासिल की बड़ी कूटनीतिक सफलता : सुधांशु त्रिवेदी

रात्रिभोज को लेकर कांग्रेस नेताओं की टिप्पणियां शर्मनाक

एजेंसी

नईदिल्ली। भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत द्वारा 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी को एक बड़ी कूटनीतिक सफलता करार दिया है। पार्टी प्रवक्ता व सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने सम्मेलन की सफलता की तारीफ करने के बजाए खानेपीने को लेकर कांग्रेस के नेताओं की टिप्पणियों को बेहद शर्मनाक व हास्यास्पद बताया है।

कांग्रेस पर पलटवार करते हुए त्रिवेदी ने कहा कि भारत के लिए इतनी बड़ी और सफल कूटनीतिक उपलब्धि के बाद भी, कांग्रेस पार्टी का पूरा ध्यान सिर्फ रात्रिभोज और व्यंजन सूची पर ही रहा। यह न सिर्फ हास्यास्पद और शर्मनाक है, बल्कि इससे यह भी साबित हुआ कि वे सचमुच में नाराज फूफा हैं। त्रिवेदी ने कहा कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की सफल मेजबानी करके,



प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने टकराव के बीच सद्भाव को बढ़ावा देने, विवादों के बीच तालमेल बिठाने और बिल्कुल अलग-अलग विचारों के बीच एक सुंदर सेतु का काम करते हुए संतुलन बनाने की अद्भुत क्षमता का प्रदर्शन किया है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस नेताओं की गंभीर मुद्दों पर कोई ठोस बात न कह पाने की उनकी अक्षमता उजागर हुई है। त्रिवेदी ने कहा कि इतने गंभीर राजनीतिक मंच पर कूटनीतिक, रणनीतिक या आर्थिक मामलों पर टिप्पणी करने के बजाय, उन्होंने खाने-पीने की चीजों पर टिप्पणी की। इससे साफ पता चलता है कि वे ब्रिक्स से जुड़े गंभीर मुद्दों पर कोई ठोस टिप्पणी करने में असमर्थ हैं।

इसके पहले भव्य रात्रिभोज में परोसे गए पूर्णतया शाकाहारी भोजन पर आपत्ति जताते हुए कांग्रेस ने रविवार को भाजपा पर हमला बोला था। कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि सत्तारूढ़ पार्टी दुनिया भर से आए गणमान्य लोगों पर खान-पान की अपनी पसंद थोप रही है, जो गंभीर समस्या है। ब्रिक्स रात्रिभोज का सीधे तौर पर जिक्र किये बिना, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उल्लेख किया कि 80 प्रतिशत भारतीय मांसाहारी हैं।

भारतीय जहाज 'मैसूर' ने मलेशिया के समुद्री अभ्यास 'समुद्र लक्ष्मण' में हिस्सा लिया

दोनों नौसेनाओं के बीच अनुभव साझा करने और आपसी समझ को बढ़ावा मिला

एजेंसी

नई दिल्ली। ऑपरेशनल तैनाती के हिस्से के तौर पर भारतीय जहाज 'मैसूर' ने मलेशिया के लुमुट में रॉयल मलेशियन नेवी के साथ एक्सरसाइज 'समुद्र लक्ष्मण' के चौथे संस्करण में हिस्सा लिया। इस अभ्यास ने भारतीय नौसेना और रॉयल मलेशियन नेवी को कई तरह की प्रोफ़ेशनल और ऑपरेशनल गतिविधियों में शामिल होने का मौका दिया। बंदरगाह चरण में दोनों नौसेनाओं के बीच प्रोफ़ेशनल लेन-देन और बातचीत हुई, जिससे अनुभव साझा करने और आपसी समझ को बढ़ावा मिला।

नौसेना के मुताबिक यह जुड़ाव समुद्र में ऑपरेशनल फ़ेज तक आगे बढ़ा, जिसके दौरान आईएनएस मैसूर ने रॉयल मलेशियन नेवी के जहाजों केडी लेकिर और केडी गगाह समुद्रा के साथ समुद्री अभ्यास किया। हिस्सा लेने वाले जहाजों ने मिलकर समुद्री बदलाव किए, जिससे



इंटरऑपरेबिलिटी बढ़ाने, ऑपरेशनल तालमेल को बेहतर बनाने और एक साथ असरदार तरीके से काम करने की उनकी क्षमता को मजबूत करने का मौका मिला। इस अभ्यास का पूरा होना भारत और मलेशिया के बीच नेवल सहयोग की बढ़ती गहराई और मैच्योरिटी को दिखाता है। यह दोनों समुद्री सेनाओं के बीच बेहतर ऑपरेशनल समझ बनाने में लगातार प्रोफेशनल जुड़ाव और प्रैक्टिकल सहयोग की अहमियत को भी दिखाता है। नौसैन्य अभ्यास 'समुद्र लक्ष्मण' भारत-मलेशिया की बढ़ती समुद्री पार्टनरशिप में एक और अहम जुड़ाव है। एक जुलाई को हुई 12वीं भारत-मलेशिया सब कमेटी मीटिंग समेत हाल की द्विपक्षीय मुलाकातों से बनी तेजी को आगे बढ़ाते हुए इस अभ्यास ने दोनों नौसेनाओं के बीच सहयोग की नींव को और मजबूत किया है। आईएनएस मैसूर भारतीय नौसेना की परिचालन तैनाती के हिस्से के रूप में 9 सितंबर को मलेशिया के लुमुट पहुंचा था। आईएनएस मैसूर के चालक दल का रॉयल मलेशियन नौसेना के कर्मियों और मलेशिया में भारतीय उच्चायोग के अधिकारियों ने अत्यंत उत्साह के साथ स्वागत किया गया। 'समुद्र लक्ष्मण' अभ्यास में बंदरगाह और समुद्र में पेशेवर गतिविधियां शामिल रहीं, जिनमें क्रॉस-डेक दौरे, परिचालन संबंधी बातचीत और खेल गतिविधियां हैं। इन गतिविधियों ने दोनों नौसेनाओं के कर्मियों को पेशेवर अनुभवों का आदान-प्रदान करने, अंतर-संचालन क्षमता बढ़ाने और आपसी समझ को बढ़ावा देने के अवसर प्रदान किया। भारतीय जहाज की यह यात्रा भारत और मलेशिया के बीच मजबूत और स्थायी समुद्री साझेदारी को रेखांकित करती है और दोनों नौसेनाओं के बीच सहयोग के बढ़ते दायरे को दर्शाती है।

एलएसी पर चीनी सेना की तैनाती में आई कमी : रक्षा मंत्रालय

एजेंसी

नई दिल्ली। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने आये चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की द्विपक्षीय वार्ता में भले ही सीमा विवाद का मुद्दा न उठा हो, लेकिन रक्षा मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट में लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) पर चीनी सेना की तैनाती में काफी कमी आने की बात कही गई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत और चीन के बीच राजनीतिक, कूटनीतिक और सैन्य स्तरों पर द्विपक्षीय बातचीत से उत्तरी सीमाओं पर सकारात्मक विकास हुआ है। साथ ही रक्षा मंत्रालय ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारतीय वायु सेना की भूमिका पर जोर दिया है।

यह रिपोर्ट चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग के नई दिल्ली में ब्रिक्स समिट से घर लौटने के एक दिन बाद आई है। रक्षा मंत्रालय ने 2025-26 के लिए अपनी सालाना रिपोर्ट में कहा कि भारतीय सेना ने उत्तरी सीमाओं को सुरक्षित किया। भारत और चीन के बीच राजनीतिक, राजनयिक और सैन्य स्तर पर आपसी बातचीत से भी अच्छे संबंध विकसित हुए, जिससे स्थिरता आई। रिपोर्ट में दोनों देशों के बीच बढ़े हुए राजनयिक और सैन्य जुड़ाव के बारे में बताते हुए कहा गया है कि दोनों देश दुश्मनी के बजाय पार्टनरशिप और शांति से मतभेदों को सुलझाने की प्रतिबद्धता चाहते हैं। यह भी बताया गया है कि भारत के लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) और ट्रेनिंग एरिया में 10 ब्रिगेड साइज की सेना तैनात करने के कदम के बाद उत्तरी बॉर्डर पर चीनी सेना की तैनाती में काफ़ी कमी आई है। सालाना रिपोर्ट में कहा गया है कि एलएसी के साथ सभी सेक्टर में भारतीय सेना अच्छी तरह से तैनात और किसी भी अचानक आने वाली स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। वर्ष 2025 में उत्तरी मोर्चे पर पूरी स्थिति के बारे में बताते हुए रक्षा मंत्रालय ने कहा कि अलग-अलग लड़ाकू ब्रांच जैसे पैदल सेना, टैंक, आर्टिलरी और एयर डिफेंस एक ही छत के नीचे स्वतंत्र रूप से और सबसे असरदार तरीके से लड़ने के लिए तैनात हैं। साल 2025 में उत्तरी बॉर्डर के दूसरी तरफ पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की तैनाती में काफी कमी देखी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मार्च और जुलाई 2025 में वर्किंग मैकेनिज्म फॉर कंसल्टेशन एंड कोऑर्डिनेशन (डब्ल्यूएमसीसी) की 33वीं और 34वीं राउंड की बैठक के साथ नए सिरे से बातचीत हुई। इसके अलावा इस साल भारत-चीन सीमा के सवाल को सुलझाने के लिए स्पेशल रिप्रेजेंटेटिव्स की बातचीत भी फिर से शुरू हुई, जिसके दो राउंड दिसंबर 2024 और अगस्त 2025 में हुए।

रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले साल अगस्त में तियानजिन में शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) समिट के लिए चीन गए थे। इससे पहले राष्ट्रपति जिनपिंग ब्रिक्स समिट के लिए नई दिल्ली पहुंचे थे। शनिवार को ब्रिक्स समिट के दौरान मोदी और शी के बीच हुई बातचीत में कई मुद्दों पर बात हुई, जिसमें उनका व्यापार घाटा कम करना, आतंकवाद जैसी चुनौतियों से निपटना और बहुपक्षीय मंच पर फ़ेयर ट्रेड पक्का करना शामिल है। इस बैठक में एलएसी के मुद्दे पर कोई बात नहीं हुई। रक्षा मंत्रालय ने अपनी रिपोर्ट में 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारतीय वायु सेना की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि पूरे पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए, जिसमें नूर खान और रहीम यार खान एयर बेस जैसी जगहों को निशाना बनाया गया। वायु सेना ने जवाबी ड्रोन और यूएवी हमलों के दौरान भारतीय एयरस्पेस की सुरक्षा में भी अहम भूमिका निभाई। एक लेयर्ड एयर डिफेंस ग्रिड में स्वदेशी आकाश मिसाइल सिस्टम, पेचोरा और ओएसए-एके प्लेटफ़ॉर्म को असरदार तरीके से तैनात किया गया था। इंटीग्रेटेड एयर कमांड और कंट्रोल सिस्टम ने रियल-टाइम कोऑर्डिनेशन को मुमकिन बनाया, जिससे हवाई खतरों को बेअसर करने और पूरे संघर्ष के दौरान नेट-सेंट्रिक ऑपरेशन बनाए रखने में मदद मिली। रक्षा मंत्रालय ने अपनी सालाना रिपोर्ट में सबसे लंबे समय तक जमीन से हवा में मार करने वाले विमानों पर रोशनी डाली है।

हिंदी की प्रगति के लिए अन्य भारतीय भाषाओं का सम्मान और संरक्षण जरूरी : अमित शाह

एजेंसी

मुंबई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को नवी मुंबई में कहा कि हिंदी की प्रगति तभी सार्थक होगी, जब वह अन्य भारतीय भाषाओं की गरिमा, संवर्धन और संरक्षण सुनिश्चित करते हुए आगे बढ़े। उन्होंने हिंदी दिवस पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए भारत की भाषाई विविधता को देश की ताकत बताया।

नवी मुंबई में हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि भारत की अनेक भाषाएं किसी कमजोरी का संकेत नहीं, बल्कि देश की सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक भारतीय भाषा का अपना इतिहास, लोक परंपरा और विश्वदृष्टि है, जो नई पीढ़ी के मूल्यों और दृष्टिकोण को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भाषाई विविधता देश में



'विविधता में एकता' की भावना को भी मजबूत करती है। गृह मंत्री ने कहा कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि किसी समाज की स्मृति और आत्म-जागरूकता भी होती है। हिंदी ने संवाद, संपर्क और समन्वय की भाषा के रूप में विभिन्न वर्गों और समुदायों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अमित शाह ने कहा, हिंदी की प्रगति तभी सार्थक होगी जब वह अन्य भारतीय भाषाओं की गरिमा, संवर्धन और संरक्षण सुनिश्चित करते हुए आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि हिंदी को किसी एक भाषा के प्रतिनिधि के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। इसे भारत की विभिन्न भाषाओं और राष्ट्रीय एकता के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में समझने की जरूरत है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि गुजराती उनकी मातृभाषा है, लेकिन हिंदी उन्हें देश के विभिन्न हिस्सों के लोगों से सीधे जुड़ने में मदद करती है। उन्होंने युवाओं से अपनी मातृभाषा से जुड़े रहने के साथ दुनिया से सीखने का आह्वान किया। साथ ही माता-पिता से बच्चों के साथ उनकी मातृभाषा में संवाद करने की अपील की। शाह ने कहा, भाषा ही वह माध्यम है जो हमें हमारी मातृभूमि, हमारी मिट्टी, हमारे इतिहास और हमारी संस्कृति से जोड़ती है। उल्लेखनीय है कि 14 सितंबर, 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में अपनाया था। इसी के उपलक्ष्य में हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है।-

पेज एक का शेष

अधिवक्ताओं को सालाना...

और देश के प्रथम राष्ट्रपति की याद दिलाता है। डॉ. राजेंद्र प्रसाद प्रत्येक कुंभ के दौरान प्रयागराज आते थे और माघ मेले में कल्पवास करते थे। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत में सोमनाथ मंदिर के पुनरुद्धार और प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद स्वयं सोमनाथ पहुंचे थे। राष्ट्र के प्रति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के योगदान और संविधान निर्माण से लेकर स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति के रूप में उनकी भूमिका के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए प्रदेश सरकार ने प्रयागराज में डॉ. राजेंद्र प्रसाद नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी स्थापित करने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र के तीनों प्रमुख स्तंभ अपनी-अपनी व्यवस्था के तहत काम करते हैं, लेकिन उनके बीच बेहतर समन्वय और संवाद लोकतंत्र को अधिक परिपक्व और मजबूत बनाता है। न्यायपालिका भी विधि के शासन और सुशासन के लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि न्याय के रथ के बार और बेंच दो महत्वपूर्ण पहिए हैं। दोनों के बीच बेहतर संवाद और समन्वय हमेशा बना रहना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री और मुख्य न्यायाधीश की बैठकों में केवल न्यायपालिका से जुड़े विषयों पर चर्चा नहीं होती, बल्कि अधिवक्ताओं की समस्याओं को भी समान महत्व दिया जाता है। मुख्य न्यायाधीश, न्यायपालिका के संरक्षक के रूप में, अधिवक्ताओं से जुड़े मुद्दों को भी शासन के सामने प्रभावी तरीके से रखते हैं और उनके समाधान का रास्ता निकालने का प्रयास होता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि न्याय प्रशासन के लिए बार और बेंच के बीच आपसी सम्मान, शिष्टाचार, संवाद, समन्वय और सहयोग निरंतर बना रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने भी 2017 से पहले की स्थिति की ओर ध्यान दिलाया। उस समय चुनौती केवल संसाधनों की नहीं, बल्कि व्यवस्था के दृष्टिकोण, प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही, कानून-व्यवस्था तथा न्यायिक इंफ्रास्ट्रक्चर की भी थी। न्याय व्यवस्था की पहली कड़ी पुलिस है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के 56 जनपदों में सबसे ऊंची इमारतों में पुलिस इंफ्रास्ट्रक्चर, पुलिस बैरक या प्रशिक्षण संस्थान शामिल हैं। उन्होंने लखनऊ में 2017 में किए गए पुलिस बैरक के अचानक निरीक्षण का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि वहां दो पुलिसकर्मी रह रहे थे और छत टूटी होने के साथ जाले लगे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन पुलिसकर्मियों से दिन-रात, सर्दी-गर्मी और बरसात में रक्षक की भूमिका निभाने की अपेक्षा है, उन्हें बुनियादी सुविधाएं देना भी व्यवस्था की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश की अधीनस्थ अदालतों की स्थिति भी बेहद खराब थी। कई अदालतें अस्थायी और किराए के भवनों में संचालित होती थीं। सरकार ने प्रभावी विटनेस प्रोटेक्शन की व्यवस्था मजबूत की है। पहले गवाहों के डर के कारण मुकर जाने से गंभीर आपराधिक मामलों में सजा दिलाना चुनौती बन जाता था। अपराधियों को जेल से अदालत लाने के लिए पुराने और असुरक्षित वाहनों की जगह व्यवस्था को सुरक्षित बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यपालिका और न्यायपालिका के बेहतर समन्वय से व्यवस्था में रिफॉर्म और ट्रांसफॉर्मेशन के परिणाम सामने आ रहे हैं। सुदृढ़ न्यायपालिका सुशासन की आधारशिला को मजबूत करती है और सुशासन चुनी हुई सरकार की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि पुलिस-प्रॉसिक्यूशन कोऑर्डिनेशन से कन्विक्शन रेट में सुधार हुआ है। अभियोजन प्रणाली को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जोड़कर समय पर चार्जशीट दाखिल करने और वैज्ञानिक साक्ष्यों को न्यायालय के समक्ष मजबूती से रखने की व्यवस्था की गई है। जिला अदालतों और जेलों को हाईस्पीड इंटरनेट व वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जोड़ा गया है। न्याय श्रुति प्रणाली के माध्यम से अदालतों में गवाही वर्चुअल दर्ज कराने की शुरुआत हुई है। अदालती दस्तावेजों की स्कैनिंग और डिजिटाइजेशन में भी तेजी लाई गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 जनपदों में इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स का निर्माण तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने इसके लिए मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली के प्रयासों की सराहना की। इन परिसरों में एक ही छत के नीचे सभी न्यायिक कार्यों के साथ न्यायिक अधिकारियों के आवास, अधिवक्ताओं के चेंबर, स्पोर्ट्स और इंडोर स्टेडियम तथा अधिवक्ताओं के लिए सस्ती कैंटीन जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने बताया कि त्वरित न्याय के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट की व्यवस्था को बढ़ाया गया है और प्रथम चरण में 900 जनपदीय स्तर के न्यायालयों के गठन की मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज में करीब 700 करोड़ रुपये की लागत से 10,000 से अधिक अधिवक्ताओं के लिए एडवोकेट चेंबर बनाए जा चुके हैं। इसके साथ मल्टीलेवल पार्किंग, डाइनिंग हॉल, कॉमन रूम और लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं भी विकसित की गई हैं। जनपदीय स्तर पर भी एडवोकेट चेंबर के निर्माण के लिए धनराशि उपलब्ध कराई गई है। कौशांबी, लखनऊ, कासगंज, श्रावस्ती समेत करीब एक दर्जन जनपदों में अधिवक्ताओं के चेंबर बनाए जा चुके हैं या निर्माणाधीन हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में तीन नए कानून लागू हुए हैं। इनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिवक्ताओं को बड़े पैमाने पर प्रशिक्षण की चुनौती थी, लेकिन बार ने जिस तेजी से नए कानूनों को अपनाया, वह सराहनीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि न्याय व्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत आम आदमी का विश्वास है। न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका तभी लोकतंत्र की कसौटी पर खरी उतरती हैं, जब नागरिकों का विश्वास कायम रहे। इसके लिए समय पर न्याय सबसे महत्वपूर्ण है। नागरिक को निष्पक्ष सुनवाई, भेदभाव रहित व्यवहार और कानून की नजर में समानता का भरोसा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि संवेदनशील और सशक्त न्याय व्यवस्था के लिए पारदर्शिता, निर्णयों में सत्यनिष्ठा, संस्थाओं में जवाबदेही और नागरिकों का विश्वास जरूरी है। बदलते दौर में कानून के सामने साइबर क्राइम, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा प्राइवेसी, डिजिटल कॉमर्स, फिनटेक, इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी और क्लाइमेट लिटिगेशन जैसी नई चुनौतियां और संभावनाएं सामने हैं। अधिवक्ताओं को टेक्नोलॉजी, बदलती अर्थव्यवस्था और समाज में हो रहे परिवर्तनों की गहरी समझ विकसित करनी होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट की समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी नई पीढ़ी के अधिवक्ताओं की है। युवा अधिवक्ता केवल सफल लीगल प्रोफ़ेशनल बनने तक सीमित न रहें, बल्कि संवैधानिक मूल्यों के प्रहरी और समाज के प्रति संवेदनशील एवं उत्तरदायी नागरिक बनें। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता की जिम्मेदारी केवल मुकदमे के परिणाम तक सीमित नहीं है। उसके प्रयास किसी व्यक्ति के विश्वास और जीवन की दिशा बदलने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। सीएम योगी ने इस दौरान अधिवक्ता भवन की चाबी भी सौंपी। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट परिसर में 10 हजार से अधिक अधिवक्ताओं के लिए मल्टीलेवल पार्किंग और चैंबर बनाए गए हैं। चैंबर में फर्नीचर और आवश्यक उपकरणों जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए न्यायपालिका या बार एसोसिएशन के माध्यम से मुख्य न्यायमूर्ति की ओर से जो प्रस्ताव आएगा, राज्य सरकार उसमें हर प्रकार का सहयोग करेगी।

दिशा सालियान मामले ...

था। इस महीने की शुरुआत में नासिक में ठाकरे ने कहा था कि इस मामले से उनका कोई संबंध नहीं है और यह कदम राजनीतिक विरोधियों को बदनाम करने की कोशिश है। राजपूट की मैनेजर के रूप में कुछ समय काम कर चुकीं सालियान की आठ जून 2020 को मुंबई के मलाड इलाके में एक आवासीय इमारत की 12वीं मंजिल से गिरने के बाद मौत हो गई थी। मुंबई पुलिस ने मामले में दुर्घटनावश मौत की रिपोर्ट (एडीआर) दर्ज की थी। राजपूत एक सप्ताह बाद 14 जून 2020 को अपने अपार्टमेंट में मृत पाए गए थे, जिसके बाद दोनों की मौत की घटनाओं के बीच संभावित संबंध को लेकर अटकलें लगने लगी थीं।

सुप्रीम कोर्ट जन...

में कठिनाई होती है। 'जन सूचना सेवा' की शुरुआत फिलहाल हिंदी में की जाएगी। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से इसे अन्य भारतीय भाषाओं में उपलब्ध कराने का काम किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'यह पहल देश के अलग-अलग भाषाई क्षेत्रों के नागरिकों को महत्वपूर्ण सुप्रीम कोर्ट के फैसलों से जुड़ी संक्षिप्त और आसानी से समझ आने वाली जानकारी अपनी भाषाओं में हासिल करने में सक्षम बनाएगी।

टीएमसी के बागी...

व्यक्तिगत राय है। अब तक ऐसा कोई फैसला नहीं लिया है। एक अन्य बागी सांसद अबू ताहिर खान ने कहा कि बासुनिया को उन सभी सांसदों की ओर से बोलने का कोई अधिकार नहीं है जो इस संगठन में शामिल हुए हैं। उन्होंने बासुनिया के उस दावे को भी खारिज कर दिया कि जांगीपुर के सांसद खलीदुर रहमान और बहरामपुर के सांसद यूसुफ पठान, भाजपा में शामिल हुए बिना एनडीए का समर्थन करेंगे। ताहिर ने कहा कि हम भाजपा में नहीं जाएंगे। हम एनडीए में नहीं जाएंगे। यह साफ है। उधर, भाजपा ने इस दावे से खुद को अलग रखने की कोशिश की। पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई के प्रमुख सामिक भट्टाचार्य ने कहा कि पार्टी किसी को सिर्फ इसलिए शामिल नहीं करेगी, क्योंकि वे इसमें शामिल होना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जहां तक मुझे पता है टीएमसी या एनसीपीआई से कोई भी भाजपा में शामिल नहीं हो रहा है। राज्य के लोग यह नहीं भूले हैं कि टीएमसी शासन के दौरान इन नेताओं और सांसदों ने किस तरह के अत्याचार किए हैं।

खाने-पीने की...

गड़बड़ी से मुख्य कृषि उत्पादों की कीमतों पर दबाव पड़ सकता है। आरबीआई ने अपनी अगस्त की मौद्रिक नीति में वित्त वर्ष-27 के लिए महंगाई अनुमान पांच फीसदी रखा, जो जून के अनुमान 5.1% से थोड़ा कम है। दूसरी तिमाही के लिए 4.7%, तीसरी तिमाही के लिए 5.9% और चौथी तिमाही के लिए यह अनुमान 5.5% का था। दूसरी तिमाही के शुरुआती दो महीनों में ही महंगाई आरबीआई के 4.7% के अनुमान के काफी करीब पहुंच चुकी है। विशेषज्ञों का कहना है कि कच्चे तेल की कीमतें ऊंची रहने और खाद्य महंगाई के साथ दूसरी वस्तुओं पर भी दबाव बढ़ने पर पूरे साल का औसत अनुमान ऊपर जाने का जोखिम बढ़ गया है।

पाकिस्तान ने आतंकी...

शामिल रहा। मसूद अजहर पर कार्रवाई को अक्टूबर में होने वाली वित्तीय कार्रवाई कार्यबल की बैठक से पहले पाकिस्तान की महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। पाकिस्तान पहले आतंकवाद के वित्तपोषण और धनशोधन को लेकर वित्तीय कार्रवाई कार्यबल की निगरानी सूची में रह चुका है। अक्टूबर 2022 में पाकिस्तान को इस सूची से बाहर किया गया था। ऐसे में मसूद अजहर जैसे आतंकी के खिलाफ कार्रवाई की घोषणा करके पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह संदेश देने की कोशिश कर सकता है कि वह आतंकवाद और आतंकियों की आर्थिक मदद के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। हालांकि, मसूद अजहर के खिलाफ घोषित इनाम और उसे फरार घोषित किए जाने की कार्रवाई को लेकर पाकिस्तान की वास्तविक कार्रवाई कितनी प्रभावी होगी, इस पर भी नजर रहेगी।

जनविश्वास पर ..

सिंगल डिलीवरी के मामले भी सुनिश्चित किए गए हैं। अब एफसीआई गोदाम से ट्रक को गंतव्य तक पहुंचने के दौरान उसे ट्रैक भी किया जाता है। अब राशन वितरण भी समुचित ढंग से होता है। मुख्यमंत्री ने राजस्व विभाग के मामलों का भी जिक्र किया। कहा कि 2017 में भूमि संबंधी विवाद, पैमाइश, वरासत, नामांतरण से जुड़े 34 लाख मामले लंबित थे। इससे अनावश्यक विवाद होते थे। केवल वरासत से जुड़े लगभग छह लाख मामले लंबित थे। सभी के निस्तारण की समय सीमा तय की गई। तय किया गया कि लैंड यूज की समस्या का समाधान 30 दिन में नहीं हुआ तो इसे डीम्ड मान लिया जाएगा । यानी गलत होने पर निस्तारण करने वाले की जवाबदेही तय होगी। साढ़े 9 साल में 34 लाख मामले का निस्तारण हुआ, लेकिन 9 साल में 9 लाख और मामले भी सामने आए। वरासत, पैमाइश आदि की समस्याओं का समाधान किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पैमाइश में शिकायत मिली कि लेखपाल ने जरीब में थोड़ा इधर-उधर कर दिया है। अब इस समस्या का भी समाधान हो गया। इसके लिए हर तहसील में रोबोट दे दिया है। इतनी पारदर्शिता हुई कि एक इंच भी कोई इधर-उधर नहीं कर सकता। अब तकनीक के माध्यम से पैमाइश का समाधान होगा, कोऑर्डिनेट के आधार पर हर व्यक्ति को उसकी जमीन उपलब्ध कराएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि टेक्नोलॉजी का उपयोग कर शिकायतों के अंबार का समाधान निकाल सकते हैं। ऐसे प्रयास जनविश्वास के प्रतीक बनेंगे। हो सकता है कि लोकसेवक को बचाने का प्रयास होता है, लेकिन शिकायत जब लोक आयुक्त संगठन के पास जाती है तो वह मेरिट के आधार पर समाधान निकालता है। कई बार जब व्यक्ति को ताकत मिलती है तो वह उदंडतापूर्ण व्यवहार करने लगता है, उस पर अंकुश जरूरी है। लोकसेवक के लिए आवश्यक है कि उसे मूल्यों की रक्षा के अहसास और नैतिकता के साथ जोड़ा जाए। संविधान के निर्माण के पीछे निर्माताओं का यही भाव था। सीएम ने कहा कि आजादी के बाद लगा होगा कि आने वाले समय में नेतृत्व देने वाले लोग ही व्यवस्था में गदर मचा डालेंगे, तब इमरजेंसी के तत्काल बाद बनी पहली सरकार ने लोक आयुक्त संगठन के निर्माण की तरफ कदम बढ़ाए। उत्तर प्रदेश में लोक आयुक्त संगठन का विधिवत कार्य 14 सितंबर 1977 को प्रारंभ हुआ। उस समय न्यायमूर्ति विशंभर दयाल ने उत्तर प्रदेश लोक आयुक्त संगठन को नेतृत्व प्रदान किया था। तबसे प्रारंभ हुई संगठन की यह यात्रा न्यायमूर्ति संजय मिश्र के नेतृत्व में नई पहचान, नई आभा के साथ जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत सारी समस्याओं के समाधान को व्यवस्थित रूप से बढ़ाया गया है। 2014 में सत्ता संभालने के बाद पीएम मोदी जी ने जनधन अकाउंट खोलने की बात की तो विपक्ष ने खिल्ली उड़ाई। आज जनधन अकाउंट की ताकत सबके सामने है। सीएम ने एक पूर्व पीएम की बेचारगी का जिक्र करते हुए कहा कि अब डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में धनराशि जाती है। विश्वास ही लोकतंत्र की असली ताकत है। लोकतंत्र जनता का, जनता के द्वारा और जनता के लिए है। इसकी असली कसौटी यही है कि जिसका जो है, उसे वह प्राप्त होना चाहिए। सीएम ने बतौर सांसद जनसेवा की भी चर्चा की। उन्होंने विधवा, निराश्रित, वृद्धजन की बेचारगी को बताते हुए 2017 के पहले मिलने वाली राशि में घूसखोरी का भी जिक्र करते हुए कहा कि अब यूपी में ऐसा नहीं है। सरकार डीबीटी के माध्यम से सीधे अकाउंट में 1.10 करोड़ लोगों को वार्षिक 12 हजार पेंशन दे रही है। व्यवस्था से बिचौलिए समाप्त कर दिए गए। सीएम ने कहा कि शासन भी टेक्नोलॉजी का बेहतरीन उपयोग कर रहा है। एआई, डेटा एनालिसिस, साइबर सिक्योरिटी, ई-गवर्नेंस के माध्यम से प्रशासन की वास्तविक छवि जनता के सामने है। टेक्नोलॉजी लोक कल्याण का मार्ग बने, सुशासन की दिशा में उठाए जाने वाले कदम को और प्रभावी बना सके। शासन में जितनी शुचिता, पारदर्शिता व ईमानदारी होगी, उतना ही बेहतरीन परिणाम होगा। सीएम ने आश्वस्त किया कि शासन लोक आयुक्त संगठन को हर सकारात्मक सहयोग देगा। मुख्यमंत्री ने संगठन से अपेक्षा जताई कि वर्तमान लोक आयुक्त के कार्यकाल के साथ ही 50 वर्ष की यात्रा का डाक्यूमेंट स्थापित करते हुए बेहतरीन प्रेजेंटेशन तैयार करें कि कितने मामले आए, कितने का निस्तारण हुआ। किन मामलों में कार्रवाई हुई। साथ ही देशभर के लोक आयुक्त को बुलाकर भव्य कार्यक्रम हो, उनके भी बेहतरीन कार्यों आदि की जानकारी प्राप्त हो। लोकपाल व अन्य सदस्यों को आमंत्रित करें और अलग-अलग मुद्दों को लेकर संवाद हो। संवाद लोकतंत्र की मजबूती के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। सीएम ने उम्मीद जताई कि संवाद के जरिए लोक आयुक्त संगठन आगामी 50 वर्ष की कार्ययोजना को बेहतरीन रोडमैप के साथ बढ़ाएगा।

मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित सार्वजनिक शौचालय परिसर जनता को किया समर्पित किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को शालीमार बाग के सिंगलपुर गांव के लेबर चौक पर नवनिर्मित सार्वजनिक शौचालय परिसर (जन सुविधा परिसर) जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर दिल्ली के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा, जिला अध्यक्ष अजय खटाना, निगम पार्षद अमित नागपाल, अनीता जैन मौजूद रही। उन्होंने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त इस सार्वजनिक शौचालय में दिव्यांगजनों की आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखा गया है और उनकी सुविधा के लिए केयरटेकर की व्यवस्था भी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार स्वच्छ, सुगम और आधुनिक सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने आधुनिक सार्वजनिक शौचालय बनाने के लक्ष्य में से आज पहला जन सुविधा परिसर सफलतापूर्वक पूरा कर जनता को समर्पित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में साफ-सुथरे आधुनिक की कमी को दूर करने के लिए दिल्ली पर्यटन को सड़कों और बाजारों में 1,000 शौचालय परिसर बनाने का लक्ष्य दिया गया है। इसमें पुरुषों, महिलाओं और दिव्यांगजनों के लिए 3 अलग-अलग यूनिट्स हैं, साथ ही महिलाओं के लिए सैनिटरी नैपकिन की भी व्यवस्था है। 24 घंटे केयरटेकर, हर 20 परिसरों पर एक सुपरवाइजर और आधुनिक सफाई मशीनों के साथ इसका रख-रखाव सीधे सरकार करेगी। दिल्ली वासियों और आने वाले पर्यटकों के लिए यह सुविधा पूरी तरह निःशुल्क रहेगी।



नशे के खिलाफ चंडीगढ़ पुलिस का अभियान तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जंगल, खंडहर और श्मशान घाटों के आसपास पुलिस की सघन तलाशी, 82 लोगों पर एहतियाती कार्रवाई

चंडीगढ़। केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में नशे के खिलाफ पुलिस ने अपने अभियान को और तेज कर दिया है। शहर में नशे के संभावित अड्डों पर पुलिस की सक्रियता बढ़ने के साथ ही रात के समय भी विशेष निगरानी और कार्रवाई की जा रही है। पुलिस घोड़ों से गश्त करने के अलावा थाना प्रभारी और संबंधित क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) भी रात में सड़कों और संवेदनशील इलाकों का निरीक्षण कर रहे हैं। पिछले चार दिनों में पुलिस के बदले तेवर को चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया के निर्देशों से जोड़कर देखा जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने शहर के उन स्थानों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है, जहां नशेड़ियों के जमा होने या नशीले पदार्थों के इस्तेमाल की आशंका रहती है। जंगल क्षेत्र, सुनसान स्थानों, खंडहरों और श्मशान घाटों के आसपास पुलिस ने सघन तलाशी अभियान चलाया। इन अभियानों में माउंटेड पुलिस की भी मदद ली जा रही है, ताकि ऐसे दुर्गम और खुले इलाकों में आसानी से पहुंच बनाई जा सके, जहां सामान्य गश्त के दौरान पुलिस की पहुंच सीमित रह सकती है। पुलिस की टीमों ने अलग-अलग इलाकों में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के साथ ही वहां मौजूद लोगों से पूछताछ की। नशे के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले संभावित ठिकानों की पहचान कर उनकी निगरानी बढ़ाई जा रही है। पुलिस का जोर केवल नशीले पदार्थों की बरामदगी तक सीमित न रहकर नशे के अड्डों को पूरी तरह खत्म करने और वहां दोबारा गतिविधियां शुरू न होने देने पर भी है। अभियान के तहत पिछले चार दिनों में 82 लोगों के खिलाफ एहतियाती कार्रवाई की गई है। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि संवेदनशील स्थानों पर लगातार निगरानी और अचानक तलाशी अभियान चलाने से नशे से जुड़ी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। रात में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में गश्त बढ़ाए जाने से पुलिस बल को भी अधिक सक्रिय तरीके से कार्रवाई करने का संदेश मिला है। चंडीगढ़ पुलिस की इस मुहिम में शहर के ऐसे इलाकों को प्राथमिकता दी जा रही है, जहां सुनसान होने के कारण नशे से जुड़ी गतिविधियों की संभावना अधिक रहती है। माउंटेड पुलिस की गश्त को भी इसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। घोड़ों के जरिए जंगल और अन्य कठिन इलाकों में पहुंचकर पुलिसकर्मी संदिग्ध स्थानों की निगरानी कर रहे हैं। पुलिस की बढ़ी सक्रियता के बीच शहर में नशे के कारोबार और सेवन पर लगाम लगाने के लिए आगे भी अभियान जारी रहने की संभावना है। अधिकारियों का संदेश साफ है कि नशे के लिए इस्तेमाल होने वाले संभावित अड्डों को चिन्हित कर वहां लगातार निगरानी रखी जाएगी और संदिग्ध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने मुनक नहर के छठ घाट निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को मुनक नहर पर प्रेमबाड़ी पुल के पास चल रहे सफाई, सौंदर्यीकरण, प्रकाश व्यवस्था और भव्य छठ घाट के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा एवं संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सभी कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ तय समयसीमा में पूरा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व से पहले मुनक नहर स्वच्छ, सुव्यवस्थित और श्रद्धालुओं की सुविधा के अनुरूप तैयार हो। मुख्यमंत्री ने कहा, 'जो नहर कभी उपेक्षा की तस्वीर थी, आज वही आस्था, व्यवस्था और विकास के नए स्वरूप में बदल रही है। यही 'विकास भी, विरासत भी' के हमारे संकल्प की पहचान है।'

बिहार के 15 जिलों में बाढ़ से 49.36 लाख लोग प्रभावित, कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार में पिछले चार-पांच दिनों से लगातार हो रही बारिश और नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में भारी वर्षा के कारण बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। राज्य के 15 जिलों में 49.36 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं, और कई नदियां विभिन्न स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। आपदा प्रबंधन विभाग (डीएमडी) ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि पटना, भोजपुर, सारण, वैशाली, भागलपुर, बेगूसराय, बक्सर, समस्तीपुर, मुंगेर, कटिहार, लखीसराय, खगड़िया, पूर्णिया, मधेपुरा और अररिया जिलों के 88 प्रखंडों की 575 ग्राम पंचायतों के 49.36 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। एक अधिकारी ने बताया कि लगातार वर्षा तथा नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण राज्य की कई नदियों और जलधाराओं का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। डीएमडी के ताजा बुलेटिन के मुताबिक, सोमवार सुबह छह बजे भागलपुर के सुल्तानगंज में गंगा का जलस्तर 36.21 मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान से 1.71 मीटर ऊपर है। हालांकि यहां जलस्तर में गिरावट का रुख है। बुलेटिन के अनुसार, बलतारा और कुरसेला में कोसी नदी, खगड़िया में बूढ़ी गंडक नदी, दीघा, गांधी घाट, हथीदह, भागलपुर, कहलगांव और मुंगेर में गंगा नदी, श्रीपालपुर में पुनपुन नदी, बेनीबाद में बागमती नदी तथा दरौली में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। डीएमडी ने बताया कि बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित जिलों में पटना, भोजपुर, सारण, वैशाली, भागलपुर, बेगूसराय और अररिया शामिल हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन द्वारा 1,260 सामुदायिक रसोई चलाई जा रही हैं तथा 13 राहत शिविर संचालित हैं। इन शिविरों में लगभग 11,060 लोगों के लिए आवास, भोजन, चिकित्सा और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। विभाग के अनुसार, अब तक प्रभावित लोगों के बीच 3.95 लाख पॉलीथीन शीट, 73,100 सूखा राशन पैकेट और 1,400 खाद्य पैकेट वितरित किए जा चुके हैं। बचाव एवं आवागमन के लिए 1,596 नावें तैनात की गई हैं। इसके अलावा 13,121 क्विंटल पशु चारा भी वितरित किया गया है। डीएमडी ने बताया कि सोमवार सुबह 10 बजे वाल्मीकिनगर स्थित गंडक बैराज से 90,600 क्यूसेक पानी का प्रवाह दर्ज किया गया, जिसमें बढ़ोतरी का रुख है। वीरपुर स्थित कोसी बैराज पर 1,51,015 क्यूसेक जलप्रवाह दर्ज किया गया, जिसमें गिरावट का रुख है। इस वर्ष 20 जुलाई को यहां अधिकतम 2,55,425 क्यूसेक प्रवाह दर्ज किया गया था।

मंदार हिल रेलवे स्टेशन पर मोबाइल फूड वैन शुरू, यात्रियों को मिलेगा शुद्ध और स्वादिष्ट खान-पान

भागलपुर। यात्रियों एवं पर्यटकों की सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए पूर्व रेलवे के मालदा मंडल ने एक नई पहल की है। मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कार्तिक सिंह के पर्यवेक्षण में मंदार हिल रेलवे स्टेशन पर को मोबाइल फूड वैन सुविधा की शुरुआत की गई है। उक्त आशय की जानकारी सोमवार को मालदा डीविजन के पीआरओ ने दी। उन्होंने कहा कि इस मोबाइल फूड वैन का औपचारिक उद्घाटन कटोरिया के विधायक पुरन लाल टुडू एवं नगर पंचायत की चेयरपर्सन कोमल भारती द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। यह आधुनिक सुविधा रेलवे फ्रेंचाइजी व्यवस्था के अंतर्गत शुरू की गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य मंदार हिल क्षेत्र में आने वाले तीर्थयात्रियों, पर्यटकों और दैनिक यात्रियों को पूरा करना है। वैन में साफ-सफाई और कुशल सेवा सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक उपकरण लगाए गए हैं।

केजरीवाल ने हिंदी दिवस और गणेश चतुर्थी पर दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को हिंदी दिवस और गणेश चतुर्थी के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। केजरीवाल ने एक्स पोस्ट में हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारे रिश्तों को मजबूत करने वाली एक डोर है। इसके कण-कण में प्रेम और आदर समाया है। यही हिंदी की महानता है। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारे देश का गौरव है। एक अन्य पोस्ट में केजरीवाल ने गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं देते हुए कहा, ''गणपति बप्पा मोरया।'' उन्होंने देशवासियों को गणेश चतुर्थी के पावन पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने प्रार्थना की कि विघ्नहर्ता सभी के जीवन से दुखों को दूर करें और उनके घर में समृद्धि एवं खुशहाली लेकर आएं।

विकास, निवेश और रोजगार से कांग्रेस को परेशानी : पुष्कर सिंह धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के पास अब कोई वास्तविक मुद्दा नहीं बचा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता विकास, निवेश और रोजगार से जुड़े हर प्रयास में बाधा तलाश रहे हैं। मुख्यमंत्री ने एक सवाल पर कहा कि प्रदेश में विकास कार्य हों, निवेश आए या युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित हों, कांग्रेस नेताओं को हर अच्छी पहल से परेशानी होने लगती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राजनीति लंबे समय तक परिवारवाद और तुष्टिकरण के इर्द-गिर्द घूमती रही है, इसलिए पारदर्शिता, सुशासन और विकास की राजनीति उसे रास नहीं आ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में निवेश बढ़ाने और रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से उत्तराखंड अवसंरचना निवेश विकास बोर्ड (यूआईआईडीबी) का गठन किया गया है। सरकार निवेश से जुड़ी व्यवस्थाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदेश में करीब 13 हजार एकड़ सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया है। जब सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हो रहा था, तब कांग्रेस नेताओं ने इस मुद्दे पर आवाज नहीं उठाई। बनभूलपुरा में अतिक्रमण के मुद्दे पर कांग्रेस की चुप्पी उसके दोहरे रवैये को दर्शाती है। शुद्धिकरण प्रकरण को जाति से जोड़ने के कांग्रेस के आरोप पर धामी ने कहा कि शुद्धिकरण और हवन जिहादी नारों के विरोध में किया गया था और इसका जातिवाद से कोई संबंध नहीं था। उन्होंने कहा कि आयोजन करने वाले व्यक्ति स्वयं अनुसूचित समाज से हैं। इससे कांग्रेस की ओर से बनाए जा रहे नैरेटिव की वास्तविकता सामने आती है। धामी ने कहा कि उत्तराखंड की जमीन और देवभूमि के मूल स्वरूप की रक्षा सरकार की प्राथमिकता है। राज्य की एक-एक इंच जमीन की सुरक्षा के लिए सरकार पूरी दृढ़ता से काम करती रहेगी।

गुरुग्राम में सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी से पार्किंग कर्मियों की मारपीट

कैनविज टाइम्स संवाददाता


गुरुग्राम। हरियाणा के गुरुग्राम में सेक्टर-58 स्थित एम3एम मैग्निफिक में पार्किंग को लेकर हुए विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। यहां 10 सितंबर की रात पार्किंग स्टाफ द्वारा एक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी के साथ कथित तौर पर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित अधिकारी से जानकारी ली। मामले में पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हरियाणा पुलिस के प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि गुरुग्राम पुलिस को 10 सितंबर की रात सेक्टर-65 थाना क्षेत्र में मारपीट की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम तत्काल मौके पर पहुंची। वहां पुलिस ने सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी से मुलाकात कर घटना की जानकारी जुटाई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, एम3एम मैग्निफिक परिसर में पार्किंग को लेकर अधिकारी और पार्किंग कर्मियों के बीच विवाद हुआ था। आरोप है कि विवाद बढ़ने के बाद पार्किंग स्टाफ के कुछ कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी के साथ मारपीट की। घटना के बाद परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने पीड़ित के बयान और घटना से संबंधित उपलब्ध तथ्यों के आधार पर कार्रवाई शुरू की है। मामले की जांच के दौरान पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल सकती है, ताकि विवाद की वास्तविक स्थिति और मारपीट में शामिल लोगों की पहचान की जा सके।

इस बार हिमालय में खूब खिला मां नंदा का प्रिय देवपुष्प ब्रह्मकमल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोपेश्वर। मां नंदा की बड़ी जात जैसे-जैसे हिमालय की ऊंचाइयों की ओर बढ़ रही है, वैसे-वैसे हिमालय भी अपनी खूबसूरती से श्रद्धालुओं का स्वागत कर रहा है। इस बार उच्च हिमालयी क्षेत्र में मां नंदा के प्रिय माने जाने वाले देवपुष्प ब्रह्मकमल के बड़ी संख्या में खिलने की सुखद तस्वीर सामने आई है। रूपकुंड, भगुवासा, बदरीनाथ-नीलकंठ, फूलों की घाटी, हेमकुंड, नंदीकुंड, सप्तकुंड और छिपलाकेदार समेत कई उच्च हिमालयी क्षेत्रों में ब्रह्मकमल की खूब बहार दिखाई दे रही है।

हिमालयी बुग्यालों का भ्रमण कर लौटे पर्यावरण प्रेमी चंदन नयाल, ट्रैकर मोहन दानू और हिमालयी क्षेत्रों में पुश्तैनी रूप से बकरी पालन करने वाले पालसियों ने बताया कि इस बार लंबे समय बाद इतनी अधिक संख्या में ब्रह्मकमल खिला दिखाई दे रहा है। चमोली और रुद्रप्रयाग से लेकर पिथौरागढ़ तक के उच्च हिमालयी इलाकों में इसके खिलने से प्रकृति प्रेमियों में खासा उत्साह है। स्थानीय भाषा में ब्रह्मकमल को कौंलु भी कहा जाता है। मां नंदा की बड़ी जात, जन्माष्टमी, नंदाष्टमी और पहाड़ के विभिन्न नंदा कौथिगों में इस पुष्प का विशेष धार्मिक महत्व है। नंदा पूजा में ब्रह्मकमल का इस्तेमाल किया जाता है। पंचकेदारों में भी इस देवपुष्प से भगवान शिव की पूजा किए जाने की परंपरा बताई जाती है। श्रद्धालुओं के लिए भी इसका प्रसाद के रूप में विशेष महत्व है। मां नंदा की 12 वर्ष में होने वाली बड़ी जात यात्रा में ब्रह्मकमल को विशेष प्रसाद माना जाता है। यही वजह है कि बड़ी जात के दौरान ऊंचे हिमालय में इसकी मौजूदगी श्रद्धालुओं के लिए आस्था के साथ-साथ प्रकृति के खूबसूरत संयोग का भी प्रतीक बन गई है। ब्रह्मकमल उच्च हिमालयी क्षेत्रों में करीब तीन से पांच हजार मीटर की ऊंचाई पर कम तापमान में पाया जाने वाला पुष्प है। इसका वानस्पतिक नाम सॉसुरिया ओबोवेलाटा है और यह एस्टेरेसी कुल का पौधा है। उत्तराखंड में इसे ब्रह्मकमल, जबकि हिमालय के अलग-



अलग क्षेत्रों में इसके अलग स्थानीय नाम प्रचलित हैं। भारत में यह उत्तराखंड के अलावा हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में पाया जाता है। नेपाल, भूटान, म्यांमार और पाकिस्तान के हिमालयी क्षेत्रों में भी इसकी मौजूदगी बताई जाती है। उत्तराखंड में पिंडारी, चिफला, रूपकुंड, हेमकुंड, फूलों की घाटी और केदारनाथ जैसे दुर्गम उच्च हिमालयी क्षेत्रों में यह प्रमुखता से दिखाई देता है। ब्रह्मकमल को लेकर हिमालयी समाज में अनेक धार्मिक मान्यताएं और लोककथाएं प्रचलित हैं। इसे ब्रह्मा का कमल और मां नंदा का प्रिय पुष्प माना जाता है। मान्यता है कि इसे नंदाष्टमी के समय विशेष नियमों के साथ तोड़ा जाता है। अगस्त के आसपास खिलने वाला यह पुष्प कुछ समय बाद बीज धारण करता है। महाभारत से जुड़ी लोककथा में भी ब्रह्मकमल का उल्लेख मिलता है। मान्यता है कि द्रौपदी इसके अद्भुत रूप और सुगंध से प्रभावित हुई थीं और उन्होंने भीम से इसे लाने की इच्छा जताई। इसी प्रसंग से बदरीकाश्रम क्षेत्र में भीम और हनुमान की कथा भी जोड़ी जाती है, जहां हनुमान ने भीम का गर्व चूर किया था। स्थानीय स्तर पर ब्रह्मकमल के विभिन्न हिस्सों के औषधीय उपयोग की परंपरा बताई जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में इसका इस्तेमाल चोट, जले-कटे और कुछ पारंपरिक उपचारों में किए जाने की बातें कही जाती हैं।

बिहार में यूसीसी लागू नहीं होने देंगे,हमारे नेता शुरु से इसके विरोध में हैं : श्याम रजक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 2029 से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित 21 राज्यों में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने के बयान के बाद बिहार में सियासी हलचल तेज हो गई है। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के वरिष्ठ नेता और फुलवारी शरीफ से विधायक श्याम रजक ने सोमवार को स्पष्ट कहा कि बिहार में यूसीसी लागू नहीं होने दिया जाएगा। वहीं, राजग के अन्य घटक दलों ने यूसीसी के समर्थन या कानून बनने के बाद इस पर विचार करने की बात कही है। श्याम रजक ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि बिहार में गठबंधन की सरकार है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भाजपा से हैं, लेकिन सरकार गठबंधन की है। इसलिए बिहार में यूसीसी लागू नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब यह विधेयक संसद में आया था, तब जदयू के नेता नीतीश कुमार ने स्पष्ट किया था कि केंद्र में विधेयक का समर्थन किया गया है, लेकिन राज्य में इसे लागू नहीं किया जाएगा। जदयू अपने इस रुख पर कायम है। इधर, केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राज्यसभा सदस्य सतीश चंद्र दुबे ने यूसीसी का समर्थन करते हुए कहा कि कई राज्य इसे लागू कर चुके हैं और आने वाले दिनों में अन्य प्रदेश भी इसे लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि यह देशहित में जरूरी है। गृह मंत्री अमित शाह ने सोच-समझकर ही यह बयान दिया होगा और वह पूरी तैयारी के बाद ही कोई बात कहते हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के एक अन्य घटक लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने भी यूसीसी के पक्ष में रुख जताया है। पार्टी प्रवक्ता प्रोफ़ेसर विनीत कुमार सिंह ने कहा कि लोजपा (रामविलास) चाहती है कि यूसीसी पूरे देश में लागू हो। उन्होंने विपक्ष से भी इसका समर्थन करने की अपील की। वहीं, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के वरिष्ठ नेता और बिहार सरकार में मंत्री संतोष कुमार सुमन ने कहा कि जब यूसीसी से संबंधित कानून आएगा, तब पार्टी इस पर विचार करेगी। इससे पहले रविवार को मुंबई में संवाददाता सम्मेलन में अमित शाह ने कहा था कि भाजपा-राजग शासित 21 राज्यों में 2029 से पहले यूसीसी लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा था कि कई राज्यों में पहले ही समान नागरिक संहिता लागू हो चुकी है और उन्हें विश्वास है कि बाकी राज्यों में भी इसे लागू किया जाएगा।

क्या है यूसीसी? समान नागरिक संहिता यानी यूसीसी का आशय देश के सभी नागरिकों के लिए व्यक्तिगत मामलों से जुड़े विषयों पर एक समान कानून से है। इसके तहत विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, संपत्ति के बंटवारे, गोद लेने, भरण-पोषण, वसीयत और पारिवारिक अधिकार जैसे मामलों के लिए समान कानूनी प्रावधान किए जाने की परिकल्पना है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063